
सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
28.03.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | चैत्र, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 252



12 राम चरण की फिल्म पेड्डी का फर्स्ट लुक आउट

रोजा का समय
सेहरी (29.03.2025): 04.22 बजे
इफ्तार (28.03.2025): 06.04 बजे
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

## न्यूज डायरी

### दिवंगत अनिल टाइगर पंचतत्व में विलीन, मातम

**रांची।** भाजपा नेता अनिल टाइगर पंचतत्व में विलीन हो गये। गुरुवार को कांके स्थित उनके पैतृक गांव में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उन्हें श्रद्धांजलि देने ने मंत्री राधाकृष्ण किशोर, पूर्व सीएम रघुवर दास, आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो सहित दर्जनों नेता और कार्यकर्ता पहुचे थे। मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने परिजनों को भरोसा दिलाया है कि हत्यारे किसी भी कीमत पर बख्शे नहीं जायेंगे। अंतिम विदाई में जनसैलाब उमड़ पड़ा था।

### अमित शाह के विरुद्ध जारी नोटिस खारिज

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गृह मंत्री अमित शाह के विरुद्ध कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम रमेश का विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव का नोटिस गुरुवार को खारिज कर दिया। कहा कि यह दुर्भावनापूर्ण, बदले की भावना वाला और मीडिया में चर्चा कराने के लिए है।

### पांच हजार घूस लेते कंप्यूटर ऑपरेटर धराया

**लोहरदगा।** एसीबी टीम ने गुरुवार को रजिस्ट्री ऑफिस में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर दिलीप कुमार को पांच हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। इससे पूरे समाहरणालय परिसर में हड़कंप है। आलीमुद्दीन ने एसीबी रांची को आवेदन देकर कहा था कि एक जमीन का पट्टा निकालने के लिए निबंधन कार्यालय का कंप्यूटर ऑपरेटर पांच हजार रुपये रिश्वत मांग रहा है।

### चतरा : घूस लेते रोजगार सेवक गिरफ्तार

**चतरा।** एसीबी की टीम ने गुरुवार को चतरा जिले के इटखोरी बाजार स्थित फर्नीचर दुकान से एक रोजगार सेवक उमेश कुमार को घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पीड़ित बिनोद सिंह ने एसीबी को पत्र लिख बताया था कि उनके परिवार के सदस्यों के नाम से मेढ़बंदी का कार्य मनरेगा योजना से पास हुआ है। इन्होंने कार्य पूर्ण कर लिया है। जब डिमांड लगाने रोजगार सेवक के पास गये तो रिश्वत की मांग करने लगे। एसीबी हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक आरिफ इकराम ने बताया कि उमेश चतरा सदर थाना क्षेत्र के चौर मोहल्ला का रहने वाला है।

### झारखंड में गर्मी बढ़ी तापमान 39 डिग्री पहुंचा

**रांची।** झारखंड में पिछले हफ्ते हुई बारिश के बाद फिर से पूरे राज्य में गर्मी बढ़ने लगी। पूर्वी सिंहभूम के बहरागोड़ा में तापमान बढ़कर 39 डिग्री पहुंच गया है, जबकि पलामू, गढ़वा और गोड्डा में भी तापमान 38 डिग्री को पार कर गया है। इसके अलावा पश्चिमी सिंहभूम और सिमडेगा में तापमान 37 डिग्री को पार कर गया है।




## झारखंड विधानसभा का बजट सत्र : भाजपा नेता की हत्या पर सदन में हंगामा, प्रश्नकाल धुला

# राज्य में विधि-व्यवस्था बेहतर : राधाकृष्ण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभा में बजट सत्र के अंतिम दिन प्रश्नकाल की कार्यवाही हंगामे की भेंट चढ़ गयी। गुरुवार को भाजपा नेता एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल टाइगर की हत्या का मामला सदन में गूंज उठा, जिसके चलते जोरदार हंगामा हुआ। स्पीकर को कार्यवाही कुछ देर स्थगित करनी पड़ी। सदन की कार्यवाही दोपहर बाद फिर शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हत्या का मामला उठाया और सरकार व पुलिस पर गंभीर सवाल खड़े किये। उन्होंने कहा कि आम लोगों के बीच चर्चा होती रहती है कि थानों को वसूली का टारगेट दे दिया गया है। ऐसी स्थिति में शासन व्यवस्था कभी दुरुस्त नहीं होगी। इस पर संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने दो टूक कहा कि राज्य में इससे बेहतर कानून व्यवस्था कभी नहीं रही है। इस मामले पर सदन में लगातार हंगाम होते रहा।



**दोनों पक्ष वेल में पहुंचा :** शुक्रवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा के सीपी सिंह ने अनिल टाइगर के हत्या का मामला उठाया। कहा, हत्यारी सरकार को संरक्षण देना बंद कीजिये अध्यक्ष महोदय। उनके इतना कहते ही भाजपा विधायकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। नगर विकास मंत्री सुदीव्य कुमार सोनू ने कहा हत्या की घटना दुखद है। अपराध की घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण हैं, लेकिन क्या कारण है कि हजारीबाग इसका केंद्र बना हुआ है। ये राज्य सबका है। ये राज्य के नागरिकों को आपस में लड़वाकर राज्य सरकार को कठघरे में खड़ा करने का प्रयास कर रहे हैं। ये अनुचित है। मंत्री के इतना कहते ही विपक्ष के विधायक भी वेल में आ गये। इसके बाद सत्ता पक्ष के विधायक भी वेल पर पहुंच गये। माहौल गरमाता देख स्पीकर रवींद्र नाथ महतो को सदन की कार्यवाही 12.55 तक स्थगित करनी पड़ी।

## नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने लगाये गंभीर आरोप

### मंत्री के बयान पर उखड़े बाबूलाल



अनिल टाईगर की हत्या पर सदन में हंगामे के बीच विपक्ष के आरोपों पर संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि ऐसी घटनाओं से लोग मर्माहत हैं। सरकार कठोर कार्रवाई करेगी। ऐसी हत्याकांड को हमारी सरकार दलीय आधार पर नहीं देखती है। पुलिस अपने काम में लगी है। कोई बख्शे नहीं जायेंगे। लेकिन एक कांड पर विपक्ष का यह कहना कि राज्य में विधि व्यवस्था खराब हो गयी है, यह स्वीकार नहीं है। इस राज्य में इससे बेहतर कानून व्यवस्था कभी नहीं रही है। बाबूलाल मरांडी ने सदन में आम लोगों के बीच की चर्चा का हवाला देते हुए यहां तक कह दिया कि थानों को वसूली का टारगेट दे दिया गया है। ऐसी स्थिति में शासन व्यवस्था कभी दुरुस्त नहीं होगी। श्री मरांडी ने कहा कि कांके थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर घटना घटी है। अब अनिल टाइगर की हत्या के बाद भी पुलिस उनके चरित्र का हनन कर रही है। रांची के एसएसपी सुनियोजित तरीके से मामले को कमजोर करने में लगे हैं। राज्य में विधि व्यवस्था बिगड़ी हुई है। विधि व्यवस्था पर चर्चा की जरूरत है।



### सदन के बाहर भी विपक्ष का प्रदर्शन

सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले भाजपा विधायकों ने विधानसभा परिसर में गिरती विधि व्यवस्था के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में विधानसभा परिसर में विधायकों ने हाथों में तख्ती लेकर नारेबाजी की। वे पुलिस प्रशासन की भूमिका पर सवाल खड़ा करते हुए रांची एसएसपी और डीजीपी पर कार्रवाई करने की मांग कर रहे थे।

## हत्या के विरोध में बंद रहा असरदार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में गुरुवार को आहूत रांची बंद का व्यापक असर रहा। बंद के दौरान कहीं से भी हिंसा की कोई खबर नहीं है। बंद के समर्थन में रांची के अधिसंख्य व्यापारिक प्रतिष्ठान, संस्थान बंद रहे। शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर प्रदर्शन कर रहे भाजपा, आजसू के करीब एक सौ नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले कर कैंप जेल में रखा और देश शाम उन्हें छोड़ दिया गया। शाम को बंद का असर खत्म होते ही बाजारों में चहल-पहल शुरू हो गयी। ईद के चलते शाम के बाद बाजारों में फिर से रौनक लौट आयी।

बंद का असर राजधानी के ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों में दिखा। बंद को लेकर पुलिस भी अलर्ट थी। रांची के कांके चौक, अल्बर्ट एक्का चौक, बहूबाजार चौक, चुटिया, पिस्का मोड़, स्टेशन रोड, बरियातु, बिरसा चौक, हिनू, धुर्वा सहित दर्जनों स्थनों पर हत्या के विरोध प्रदर्शन करते हुए लोगों ने दुकानों को बंद कराया। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ समेत तमाम भाजपा और आजसू नेता विरोध जताने सड़कों पर उतरे। जबरन दुकानें और प्रतिष्ठान बंद कराये। राजधानी में दो दर्जन से अधिक जगहों पर टायर जलाकर आगजनी की गयी और सड़क जाम किया गया।



### हत्याकांड की शुरुआती जांच में कई खुलासे



भाजपा नेता अनिल टाइगर हत्याकांड के बाद पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है। गिरफ्तार शूटर रोहित वर्मा ने पुलिस के सामने कई खुलासे किये हैं। उसके पिता ने भी पुलिस को कई अहम जानकारियां दी है। जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई जारी है। शूटर के पिता के अनुसार रोहित वर्मा 13 जनवरी के बाद से ही घर से गायब था। पिता ने बताया है कि सुभाष जायसवाल की हत्या के बाद रोहित घर ही नहीं लौटा। जब वह कांके में हुए एनकाउंटर के बाद पकड़ा गया, तब उन सब को रोहित के बारे में जानकारी मिली। पुलिस के अनुसार रोहित को यह भय था कि अनिल टाइगर उसकी हत्या करवा देंगे। इसी वजह से उसने अनिल को मार डाला। पुलिस सभी मामलों की जांच में जुट गयी है। (शेष पेज 11 पर)

# पंडरा में जूता व्यवसायी की हत्या

## ग्राहक बन कर आये अपराधियों ने चाकू से किये कई वार, गला रेता

- विशाल फुटवेयर के मालिक थे भूपल साहू

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू, रांची।** राजधानी से सटे पंडरा ओपी क्षेत्र स्थित रवि स्टील चौक के समीप अपराधियों ने एक व्यवसायी भूपल साहू (40) की गर्दन रेतकर हत्या कर दी। गला रेते जाने से गंभीर रूप से जख्मी श्री साहू को दलादिली के स्टोन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। भूपल विशाल फुटवेयर के मालिक थे। वह रातू के चटकपुर सरनाटोली निवासी रोहण साहू के पुत्र थे। घटना गुरुवार शाम करीब 6 बजे की है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हमलावरों की संख्या दो थी। दोनों ग्राहक बनकर जूता खरीदने के बहाने दुकान में आये थे। बाहर बुलाकर धारदार हथियार से हमला कर बाइक से फरार हो गये। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची रातू और पंडरा ओपी पुलिस अपराधियों की धर-पकड़ के लिए छापेमारी कर रही है।

**गांव में मातम :** मृतक दो भाइयों में बड़े थे। उनके दो पुत्र हैं। पत्नी ममता देवी समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। खबर पाकर आजसू नेता भरत कांसी, मुखिया बिक्की लोहरा व लीला तिर्की, सरपंच राकेश कुमार व मुहल्ले के सैकड़ों लोग अस्पताल पहुंचे। उन्होंने श्री साहू की जघन्य हत्या पर आक्रोश व्यक्त किया है। इधर, घटना के बाद गांव में मातमी सन्नाटा है।

**क्या कहते हैं डीएसपी :** रांची के कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भूपल पर अपराधियों ने चाकू से इतने वार किये कि दुकान के बाहर की सीढ़ी खून से लाल हो गयी। हमला करने के बाद आरोपी मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। पास में ही एक भंडारे का आयोजन किया गया था, जिसकी वजह से वहां काफी भीड़ थी, स्थानीय लोगों ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश भी की लेकिन वह भागने में सफल रहा। मामले की जानकारी मिलते ही पंडरा ओपी क्षेत्र का मामला होते हुए भी रातू थानेदार रामनरायन सिंह सबसे पहले मौके पर पहुंचे और आरोपी के गिरफ्तारी के लिए छापामारी में जुट गये। पंडरा पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन कर रही है।



भूपल साहू।

### आज रवि स्टील चौक जाम करेंगे ग्रामीण

व्यवसायी की हत्या के विरोध में क्षेत्र के दुकानदार व ग्रामीण शुक्रवार की सुबह राष्ट्रीय राज मार्ग 75 को रवि स्टील चौक में जाम करेंगे। वह अपराधियों की गिरफ्तारी और परिजनों को मुआवजे की मांग कर रहे हैं। यह जानकारी सरपंच राकेश कुमार ने पत्रकारों को दी। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ चुकी है। इसके लिये हेमंत सोरेन सरकार जिम्मेवार है।

# ₹1814 करोड़ के जीएसटी घोटाले का मुख्य गिरफ्तार

- सूरत क्राइम ब्रांच ने सुल्तान कपाड़िया को मुंबई में दबोचा

एजेंसी

**सूरत।** गुजरात पुलिस की सूरत क्राइम ब्रांच ने करोड़ों रुपये के जीएसटी घोटाला मामले में मुख्य आरोपी मोहम्मद सुल्तान कपाड़िया को मुंबई से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने दो अन्य के साथ मिलकर सरकार को जीएसटी के रूप में 1814 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया है। सूरत क्राइम ब्रांच की आर्थिक अपराध शाखा ने जीएसटी घोटाले के मुख्य आरोपी सुल्तान को मुंबई के मीरा रोड इलाके से गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने आरोपी सुल्तान कपाड़िया को सूरत लाकर कोर्ट में पेश किया। अदालत ने आरोपी की तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। जांच अधिकारी इस दौरान आरोपियों से अन्य करदाताओं की जानकारी और घोटाले में शामिल नेटवर्क के बारे में पूछताछ करेंगे। जांच में पता चला कि आरोपियों ने गुजरात में 145 फर्जी कंपनी बनायी थी। इन फर्मों के तहत सीमेंट, लोहा, रसायन, प्लास्टिक, लकड़ी और एमएस स्क्रैप के झूठे बिल बनाये गये थे। ये बिल महाराष्ट्र और गुजरात के व्यापारियों को कमीशन के आधार पर बेचे गये थे। आर्थिक अपराध शाखा की जांच में यह भी पता चला कि इन फर्मों का कोई वास्तविक कारोबार नहीं था। सिर्फ जीएसटी नंबर पाने के लिए फर्जी रेंटल एग्रीमेंट और दस्तावेज तैयार किये गये।

### सीएम को सरहुल में आने का न्योता

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन से गुरुवार को विधानसभा में विभिन्न सरना समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उन्हें प्राकृतिक महापर्व सरहुल शोभायात्रा में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया। श्री सोरेन ने अपनी ओर से प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को सरहुल पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने शोभायात्रा की तैयारी की विस्तृत जानकारी ली तथा विश्वास जताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरहुल धूमधाम से मनाया जायेगा।

### बिहार में सरकारी डॉक्टर हड़ताल पर

**पटना।** बिहार के सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों ने गुरुवार से तीन दिन की हड़ताल शुरू कर दी है। इसके कारण राज्य भर में बाहरी मरीजों के इलाज की सेवाएं ठप हो गयी है। डॉक्टरों का कहना है कि सरकार उनकी वेतन, सुरक्षा और स्टाफ की कमी जैसी समस्याओं का समाधान नहीं कर रही है। हड़ताल से मरीजों को बहुत परेशानी हो सकती है। खासकर गांवों के मरीजों जो सरकारी अस्पतालों पर निर्भर होते हैं। बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ (बीएचएसए) ने बायोमेट्रिक हाजिरी, प्रशासनिक दबाव और कर्मचारियों की कमी जैसे मुद्दों का विरोध करते हुए हड़ताल की घोषणा की है।

## अफवाह फैलानेवालों की खैर नहीं : डीजीपी

- एनएसए और सीसीए के तहत होगी कार्रवाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर झारखंड पुलिस अलर्ट मोड में है। खासकर सोशल मीडिया पर तनाव फैलाने वाले आसामाजिक तत्वों के खिलाफ तो पुलिस ने कड़ी कार्रवाई करने का प्लान तैयार किया है। सोशल मीडिया पर जहर फैलाने वाले लोगों को झारखंड के डीजीपी ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि ऐसे तत्वों एनएसए और सीसीए के तहत कार्रवाई की जायेगी।

हाल के दिनों में पर्व त्योहार के दौरान हुए सांप्रदायिक तनाव को देखते हुए ईद सरहुल और रामनवमी को लेकर झारखंड पुलिस विशेष रूप से सजग है। डीजीपी ने सोशल मीडिया के जरिये तनाव फैलाने वालों को कड़ी चेतावनी दी है। कहा, ऐसे लोगों की रिच बहुत ज्यादा होता है जो समाज के लिए बेहद खतरनाक है।



### कड़ी कार्रवाई होगी

डीजीपी ने सोशल मीडिया पर जहर फैलाने वाले आसामाजिक तत्वों से कहा, अगर वे सोचते हैं कि सोशल मीडिया पर जहर फैला कर वे बच जायेएंगे तो यह उनकी भूल है। झारखंड पुलिस के पास ऐसे तमाम टेक्निकल साधन उपलब्ध है जिसके जरिये फेक आइडी बनाकर कम्युनल तनाव फैलाने वालों की पहचान की जा सकती है। उन्हें गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जायेगा।

डीजीपी ने बताया आईटी एक्ट में प्रावधान है कि अगर कोई आपत्तिजनक सामग्री सोशल साइट्स पर डाला जा रहा है तो सर्विस प्रोवाइडर को तुरंत नोटिस सर्व करेगी। यह भी प्रावधान है कि जब पुलिस के द्वारा फेसबुक को नोटिस के द्वारा यह बता दिया गया की सामग्री भड़काऊ है और उसे तुरंत सोशल साइट से हटा दिया जाये। डिजिटल फुटप्रिंट के जरिए बड़े आसानी के साथ पकड़े जायेंगे।

## लोकसभा में इमीग्रेशन बिल पास, शाह बोले भारत कोई धर्मशाला नहीं

# देशहित में आनेवालों का स्वागत, खतरा बननेवालों से सख्ती

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण में गुरुवार को लोकसभा ने इमीग्रेशन बिल को ध्वनिमत से पारित कर दिया। घुसपैठ और अवैध अप्रवास रोकना इमिग्रेशन एंड फॉरेन बिल 2025 (अप्रवासन और विदेशी विधेयक) का मकसद है। बिल पर चल रही चर्चा के जवाब में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, जो लोग भारत की व्यवस्था में योगदान देने आते हैं, व्यापार और शिक्षा के लिए आते हैं, ऐसे सभी लोगों का स्वागत है। चाहे वो रोहिंग्या हो या बांग्लादेशी। अगर लोग यहां गंदगी फैलाने आते हैं तो उनके साथ दोस्ताना व्यवहार नहीं किया जा सकता। किसी भी व्यक्ति को देश में अवैध रूप से आने और रहने की इजाजत नहीं दी जा सकती। यदि कोई देश के लिए खतरा बनता है तो उसे मिटाया जायेगा। उन्होंने कहा, पीएम मोदी का लक्ष्य है कि साल 2047 तक हमारा देश एक विकसित राष्ट्र बने। इसी वजह से हम कई पुराने कानून खत्म किये।

### भारत कोई धर्मशाला नहीं

श्री शाह ने कहा, ये देश कोई धर्मशाला नहीं है। जो देश के लिए खतरा रहेगा, उसको प्रवेश की अनुमति नहीं है। किसी भी उद्देश्य से आये और जहां चाहे रह जायेगा, ऐसा नहीं होगा। उन्होंने कहा, पांच हजार साल से प्रवासियों के बारे में भारत का ट्रैक रिकॉर्ड बेदाग रहा है, इसलिए किसी शरणार्थी नीति की हमें जरूरत नहीं है। यह विधेयक कानूनों के सरलीकरण, व्यापार करने में आसानी और अनुपालन भार को कम करने की भारत सरकार की नीति के अनुरूप है।



**हमारा संदेश बसुद्धैव कुटुम्बकम :** गृहमंत्री ने कहा, भारतीय मनीषियों ने उपनिषदों की रचना कर दुनिया को बसुद्धैव कुटुम्बकम का संदेश दिया और पूरी दुनिया को अपना समझते हुए काम किया है। अल्पसंख्यक कहीं सबसे सुरक्षित और शान के साथ रहते हैं तो वो भारत है। हमारे यहां प्रवासियों और विदेश गये प्रवासियों को सरकार सम्मान दे रही है। आव्रजन कोई अलग मुद्दा नहीं है। देश के कई मुद्दे इससे जुड़े हुए हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह जानना बहुत जरूरी है कि देश की सीमा में कौन घुसता है। हम उनपर कड़ी नजर रखेंगे।

**खत्म होंगे पुराने कानून :** यह विधेयक भारत में एंट्री और बाहर जाने के लिए पासपोर्ट, वीजा, पंजीकरण और विदेशियों के नियमन से जुड़ा है। इस बिल के कानून बनने के बाद इमिग्रेशन और विदेशी नागरिकों से जुड़े 4 पुराने कानूनों को भी खत्म किया जायेगा। जिससे अवैध घुसपैठियों से देश का पीछा छूटेगा। इमिग्रेशन एंड फॉरेन बिल 2025 के कानून बनने के बाद सरकार 4 कानून खत्म हो जायेंगे, जिनमें फॉरेनर्स एक्ट 1946, पासपोर्ट एक्ट 1920, रजिस्ट्रेशन ऑफ फॉरेनर्स एक्ट 1939 और इमिग्रेशन एक्ट 2000 शामिल हैं।

## मंत्री के कंधे पर हाथ न... पप्पू यादव पर भड़के स्पीकर

- सांसद को सदन की मर्यादा बनाये रखने की दी हिदायत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को सदन की मर्यादा की याद दिलाने के एक दिन बाद गुरुवार को निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को किसी केंद्रीय मंत्री के कंधे पर हाथ रखकर बात नहीं करने की नसीहत दी। पप्पू यादव, सदन में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू के बगल में बैठे थे।


उन्हें मंत्री के साथ बातचीत करते देखा गया और इस दौरान उन्होंने नायडू के कंधे पर हाथ रख दिया था।


स्पीकर ओम बिरला ने बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को मंत्री के कंधे पर हाथ रखने के प्रति आगाह किया। सूत्रों ने बताया कि यादव अपने संसदीय क्षेत्र के लिए एक हवाई अड्डे के बारे में बातचीत कर रहे थे। लोकसभा अध्यक्ष ने बुधवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से कहा था कि वह नियमों और सदन की मर्यादा के अनुरूप आचरण करें। इसके बाद, कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया था कि सदन को अलोकतांत्रिक तरीके से चलाया जा रहा है और उन्हें बोलने का मौका नहीं दिया जा रहा।

# 500 बेड वाले अस्पताल के निर्माण के लिए की जायेगी समीक्षा : डॉ. इरफान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के अंतिम दिन गैर सरकारी संकल्प के तहत विधायक दशरथ गगरई ने सरायकेला-खरसावां जिला के आमदा में विगत 12 वर्षों से निमार्णाधीन 500 बेड वाले अस्पताल का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराये जाने की मांग की। इस पर मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि 2011 में इसका निर्माण कराया जाना था। लेकिन जमीन का क्लीयरेंस नहीं मिल पाया था। 153 करोड़ से लागत बढ़कर आज 553 करोड़ रुपये हो गया है। संमीक्षा के बाद इसे दोबारा बनवाया जायेगा।




### 1994 के सर्वे की समीक्षा की जायेगी : बिरूआ

झामुमो विधायक जिगा सुसारन होरो ने कहा कि गुमला जिले के भरनों प्रखंड में जमीन का ऑनलाइन पंजीकरण हाल सर्वे 1994 के आधार पर किया जा रहा है। लेकिन, इस प्रक्रिया में कई त्रुटियां सामने आयी हैं। इससे रैयतों को ऑनलाइन पंजीकरण में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि भरनो प्रखंड में हाल सर्वे 1994 को रद्द कर 1932 के खतियान के आधार पर ऑनलाइन पंजीकरण किया जाये। इस पर मंत्री दीपक बिरूआ ने कहा कि गुमला में जहां 1994 का सर्वे चल रहा है, उसकी समीक्षा की जायेगी। विभाग ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और उपायुक्त तथा विभागीय स्तर पर समीक्षा करके विसंगतियों को दूर करने की बात कही है।

### खिलाड़ियों के लिये एक अलग बटालियन का हो गठन : प्रदीप

कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि व्यापक लोकहित में खिलाड़ियों के लिये एक अलग बटालियन का गठन हो। झारखंड खेल नीति में आवश्यक संशोधन करते हुये जिला एवं राज्य स्तरीय खिलाड़ियों को भी सरकारी नौकरी में आरक्षण एवं अन्य आर्थिक सुविधायें देय हो। इस पर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि अलग बटालियन का गठन नीतिगत मामला है। पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के लिये सीधी नियुक्ति के लिये नियमावली अधिसूचित है। खेल नीति के तहत आर्थिक सुविधा देने का भी प्रावधान है।

### कैबिनेट से ली जायेगी स्वीकृति : सुदिव्य



भाजपा विधायक राज सिन्हा ने कहा कि धनबाद जिला मुख्यालय अंतर्गत पूजा टॉकिज से बैंक मोड़ के मध्य गया पुल अवस्थित है। पूर्व से प्रस्तावित गया पुल अंडर पास के निर्माण के लिए कुल छह बार निविदा प्रकाशित होने के बावजूद आदिनांक कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है। यह अंडर पास घनी आबादी के मध्य और धनबाद गया मध्य रेलवे के रेलखंड पर अवस्थित है। जो शहर को दो भागों में बांटता है। पूर्व से बने संकरी अंडर पास से होकर सड़कों पर प्रत्येक दिन हजारों गाड़ियों का परिचालन होता है। इस पर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि व्यस्तम रेलमार्ग पर ब्लॉक लेना काफी कठिन काम है। इसके लिये एकल निविदा आयी थी। लेकिन उसकी राशि 10 फीसदी की अधिसीमा से अधिक थी। 10 फीसदी अधिसीमा की स्वीकृति के लिये जल्द ही कैबिनेट से स्वीकृति ली जायेगी।

### पुल निर्माण के लिए सकारात्मक पहल करेंगे : दीपिका पांडेय



भाजपा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के माली मोहल्ला टंडवा से पुरानी बाजार गढ़या के बीच दानरो नदी पर पुल निर्माण जनहित के लिये अत्यंत आवश्यक है। इस पुल के निर्माण से हजारों लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने आग्रह किया कि दानरो नदी पर अविलंब पुल का निर्माण कराया जाये। इस पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि स्थल निरीक्षण किया गया है। 150 मीटर की दूरी पर एक अन्य पुल भी है। नया पुल बनने से लगभग पांच हजार लोग लाभान्वित होंगे और इस पर सकारात्मक पहल की जायेगी।

## लचर कानून व्यवस्था के विरोध विपक्ष का विस में प्रदर्शन




**रांची।** विधानसभा में सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्ष ने भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या और राज्य की लचर कानून व्यवस्था के विरोध में प्रदर्शन किया। भाजपा विधायक हाथों में तख्तियां लिये सदन के बाहर राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। तख्तियों में हेमंत सोरेन हाय-हाय, अनिल टाइगर के हत्यारों को अविलंब फांसी दो, हेमंत सोरेन की सरकार हत्यारी, झारखंड में अपराधियों पर अंकुश कब लगेगा जैसे नारे लिखे थे।

### भाषायी अनुपात में की जायेगी शिक्षकों की बहाली : रामदास

**रांची।** कांग्रेस विधायक नमन विक्स कोंगाड़ी ने कहा कि झारखंड राज्य में अनुसूचित जनजाति,आदिवासी और मूल निवासियों की भाषा, संस्कृति और परंपराओं की सुरक्षा, संरक्षण और विकास बेहद आवश्यक है। उन्होंने मांग की कि इन जनजातियों के बहुलता वाले क्षेत्रों के प्राथमिकए मध्य और उच्च विद्यालयों में



जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं की पढ़ाई को अनिवार्य किया जाये। इसके लिये शिक्षकों की नियुक्ति तुरंत सुनिश्ति की जाये। इस पर मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि सरकार इस मामले को गंभीरता से ले रही है। इसके लिये एक पांच सदस्यीय समिति ने बंगाल का अध्ययन भी किया है। जिला स्तर पर सर्वेक्षण करके भाषायी अनुपात के अनुसार शिक्षकों की बहाली की जायेगी।

## कार्य करने के तरीकों में बदलाव के साथ मुद्दों को लेकर करना होगा संघर्ष : के राजू

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** संगठन सृजन 2025 अभियान के तहत मंथन के दूसरे दिन गुरुवार को पहले सत्र में अल्पसंख्यक विभाग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी, सहकारिता विभाग, आरजीपीआरएस एवं किसान कांग्रेस तथा द्वितीय सत्र में एनएसयूआई, यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, इंटक के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू उपस्थिति थे,जबकि बैठक की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने किया।

प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए के राजू ने कहा की बैठक में उपस्थित सभी विभागों का एक ही लक्ष्य है समाज के मुद्दे पर लोगों को संगठित कर उनकी मांगों पर काम करना ताकी लोगों को पता चले की सभी विभाग अपने अपने विभाग से जुड़े समुदायों लिए काम कर रहे है। हमें झारखंड को मॉडल बनाना है ताकि देश के अन्य राज्यों से लोग यहां आकर आपके विभाग के काम करने के तरीकों का अध्ययन करें। केंद्र सरकार द्वारा पारित वक्फ बिल से लोगों के दिलों पर चोट है। यह अल्पसंख्यकों के अधिकारों के खिलाफ षड्यंत्र है,विपक्ष की अनुशंसाओं पर ध्यान नहीं दिया गया। अगले 4 वर्षों में अल्पसंख्यकों के मुद्दे पर काम करने हेतु कई विषय हैं। केंद्र सरकार अल्पसंख्यक विरोधी मानसिकता रखती है,इसका खुलकर विरोध करना चाहिए।

हमें कार्य करने के तरीकों में बदलाव लाना होगा,हर विभाग को अपने समुदाय के मुद्दों के लिए संघर्ष करना होगा। संविधान में एससी एसटी के लिए शिक्षा, रोजगार और स्थानीय निकायों में आरक्षण का प्रावधान है। सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शानुसार ट्रिपल टेस्ट कराकर स्थानीय निकायों में ओबीसी के आरक्षण को सुनिश्ति करना है।

के राजू ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस के प्रति किस तरह अनुसूचित जाति सहित अन्य समुदायों का झुकाव कांग्रेस की ओर बढ़े ताकि हमारा स्ट्राइक रेट बेहतर हो, हम अधिकतर सिटें जीत सके। यह सर्वेक्षण और अध्ययन का समय है, अगले चार वर्षों में हमें जमीनी जुड़ाव रखना होगा। हमें गठबंधन और सरकार में मजबूत पार्टनर बनना होगा ताकि साथी दलों का भी हमारी मजबूती का भरोसा कायम रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा आरक्षण की सीमा कम करने के लिए कार्य कर रही है, वह संविधान बदलना चाहती है। संविधान को निर्ममता से कुचलने का प्रयास किया जा रहा है,हमें संविधान बचाने के लिए संघर्षरत रहना होगा।

श्री केशव महतो कमलेश ने कहा कि यह पांच दिनों तक चलने वाला मंथन है इसका परिणाम 100 दिनों के बाद मिलेगा इसमे अमृत निकलेगा। आपको मिलने वाले टास्क से अगले 100 दिनों में संगठन का भविष्य तय होगा। झारखंड कांग्रेस की मजबूती के लिए आगामी 100 दिन अत्यंत महत्वपूर्ण है। समयबद्ध योजनाओं के अनुसार तय लक्ष्य कि अगर प्राप्ति होती है निश्ति रूप से परिणाम हमारे अनुकूल होगा। मंथन शिविर में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बालमुचू,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर,कार्यकारी अध्यक्ष श्री बंधु तिर्की, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, ने भी अपना विचार रखा। बैठक में सतीश पॉल मुजनी, अमूल्य नीरज खलको, सोनाल शांति, कमल ठाकुर, रियाज अंसारी,अभिलाष साहू, गजेंद्र सिंह, मंजूर अंसारी, केदार पासवान, सुरेंद्र यादव, सुनीत शर्मा, शांतनु मिश्रा, बबलू शुक्ला युवा कांग्रेस की सुश्री शशि सिंह, अभिजीत राज, राजेश सिन्हा सन्नी,अभिनव सिद्धार्थ, उज्जवल तिवारी, कुमार रौशन, कुलदीप कुमार, रवि, गुंजन सिंह, विनय उरांव, राकेश्वर पांडे उपस्थित थे।

### बंद की सफलता पर बाबूलाल ने जताया आभार, कहा

## जबतक वसूली नहीं रुकेगी, अपराध नहीं रुकेगा

**भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एक डीजीपी चार पद के प्रभार में, रांची के एसएसपी भी अतिरिक्त प्रभार में**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि पूर्व जिला परिषद सदस्य स्व अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में आहूत रांची बंद पूरी तरह सफल रहा। उन्होंने बंद को सफल बनाने केलिये सभी का आभार जताया। साथ ही, आम जन को बंद के दौरान हुई परेशानियों केलिए क्षमा याचना भी की। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा के सवाल पर भाजपा का सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि राज्य की पुलिस प्रशासन व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। इसके पीछे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच है। जिन्हें आम आदमी की पीड़ा परेशान नहीं करती है। अपराधी आम आदमी को निशाना बना रहे और मुख्यमंत्री चैन से सो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पुलिस महानिरीक्षक अनुराग गुप्ता केवल पुलिस के डीजीपी नहीं है बल्कि सीआईडी, एसीबी और अघोषित रूप से स्पेशल ब्रांच के भी डीजीपी हैं। उन्होंने कहा कि रांची के एसएसपी भी डीआईजी होते हुये भी एसएसपी पद पर बैठे हैं। जनता समझ नहीं पा रही कि आखिर इतने पदों पर एक व्यक्ति आखिर क्यों है। उन्होंने कहा कि राज्य की पुलिस अपना काम छोड़कर और काम में व्यस्त है। चर्चा है कि राज्य में थानों को रुपये की वसूली केलिये टारगेट फिक्स किया गया है।इसलिये, पुलिस अपराधियों को पकड़ने और कार्रवाई करने पर ध्यान नहीं देती बल्कि वसूली में ध्यान देती है। उन्होंने कहा कि पुलिस अपराधियों पर कार्रवाई न कर उनलोगों से भी वसूली करती है।उन्होंने कहा कि पुलिस के संरक्षण में खनिजों, कोयला आदि की अवैध तस्करी हो रही है।सैकड़ों ट्रक कोयला रोज राज्य से बाहर अवैध तरीके से भेजे जा रहे हैं। सभी दलालों, गुंडों, बदमाशों से थानेदार पैसे की वसूली करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के मंत्री अब इस ध्वस्त कानून व्यवस्था को भी सबसे अच्छी व्यवस्था बताकर जनता का मजाक उड़ा रहे हैं।

### सरयू राय मामले में हुई आंशिक सुनवाई

**रांची।** पूर्व मंत्री सह विधायक सरयू राय से जुड़े गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले में गुरुवार को एमपी-एमएलए की विशेष अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। अगली सुनवाई की तारीख अदालत ने चार अप्रैल निर्धारित की है। मामले में अब आरोपी को पुलिस पेपर की आपूर्ति की जायेगी। मामले में सरयू राय को अग्रिम जमानत की सुविधा प्राप्त है। अदालत ने दाखिल चार्जशीट पर 24 अगस्त को संज्ञान लिया है।

सरयू राय के खिलाफ विभाग के अवर सचिव विजय वर्मा ने 2 मई 2022 को डोरंडा थाना में भादवि की पांच धारायें एवं गोपनीय दस्तावेज का लीक करने के तीन धाराओं के तहत प्राथमिकी कांड संख्या 105/22 दर्ज कराई थी। मालूम हो कि सरयू राय ने इसी दस्तावेज को हासिल करने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया को कोरोना काल में किये गये राशि के उपयोग की जानकारी दी थी।

### सीईओ ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ की बैठक, कहा

## राजनीतिक दल बूथवार अपने बूथ लेवल एजेंट अवश्य नियुक्त करें

**मतदान केंद्रों के जीरो रिलोकेशन कराने के सुझाव पर होगा कानूनी प्रावधानों के अनुसार कार्य**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शों का अनुपालन करते हुए निर्वाचन संबंधी विषयों पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक की गई है। इसमें राजनीतिक दलों के सुझाव लिए गए। वह गुरुवार को निर्वाचन सदन में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कानूनी प्रावधानों के अनुसार मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के सुझावों पर क्रियान्यवयन के लिए कार्य किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि बैठक में खास तौर पर मतदान केंद्रों के रिलोकेशन को कम करते हुए इसे शून्य करने की दिशा में सुझाव प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा ऐसे मतदाताओं का नाम नजदीकी मतदान केंद्रों की मतदाता सूची में अंकित करने का सुझाव दिया गया जिनके नजदीक में मतदान केंद्र होते हुए भी उन्हें दूर के मतदान केंद्र पर अपने मत का प्रयोग करने के लिए जाना पड़ता है।

सीईओ ने बैठक में राजनीतिक दलों के जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे बुथ लेवल एजेंट के चुनाव संबंधी ज्ञान संवर्धन एवं उनके द्वार बीएलओ के कार्य में सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि राजनितिक दल बूथवार अपने बुथ लेवल एजेंट अवश्य नियुक्त कर लें साथ ही चुनाव आयोग द्वार बताए गए दिशा निदेर्शों से उन्हें ससमय अवगत भी कराते रहें। बैठक में श्री कुमार ने चुनाव एवं उसके उपरांत मतदाताओं एवं जमीनी स्तर पर राजनीतिक दलों के अनुभवों को भी जाना। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं ईआरओ द्वारा भी अपने-अपने स्तर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक किए जा रहें हैं। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार, सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सहित निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मानव तस्करी के शिकार झारखंड के 25 नाबालिग बच्चे कराये गये मुक्त

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का प्रयास ला रहा रंग**

## खूंटी के 07, साहेबगंज एवं गोड्डा के 18 बच्चों को किया जाएगा पुनर्वासित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के सार्थक प्रयास से लगातार मानव तस्करी के शिकार बालक/बालिकाओं को मुक्त कराकर उनके घरों में पुनर्वासित किया जा रहा है। इसी कड़ी में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र,नई दिल्ली द्वारा मानव तस्करी के शिकार 25 नाबालिग बच्चों को वापस झारखण्ड पुनर्वासित किया जा रहा है। इन सभी बच्चों की उम्र 12 से 17 वर्ष के बीच है। इनमें से ज्यादतर बच्चियों को एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र द्वारा दिल्ली पुलिस एवं स्थानीय एनजीओ के सहयोग से दिल्ली एवं दिल्ली से सम्बंधित राज्यों के विभिन्न स्थानों से रेस्क्यू किया गया है। एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र नई दिल्ली की नोडल ऑफिसर नचिकेता ने बताया कि साहेबगंज जिले के दो मानव तस्कर पूनम मरांडी एवं ईश्वर तुरी को पकड़ने के दौरान उनके द्वारा बताये गए बच्चों से सम्बंधित सूचना के आधार पर इन सभी बच्चों को दिल्ली एवं दिल्ली के आसपास के राज्यों से एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र में कार्यरत राहुल सिंह एवं निर्मला खलखो के अथक प्रयास के बाद निकाला गया है। ये बच्चे गुरुवार को सुरक्षित




सीडीपीओ खूंटी अल्ताफ खान एवं साहेबगंज की सीडीपीओ पूनम कुमारी के नेतृत्व में रांची आ रहे हैं। मालूम हो कि एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र , झारखंड भवन नई दिल्ली का एक अभिन्न अंग है, जिसे महिला एवं बाल विकास विभाग झारखंड सरकार द्वारा संचालित किया जाता है। यह सारी कार्यवाही झारखंड भवन के स्थानिक आयुक्त अरवा राजकमल के निर्देश पर किया गया। बता दें कि महिला एवं बाल विकास विभाग मानव तस्करी के मामले में बहुत ही संवेदनशील है। उसी का परिणाम है कि झारखंड के तस्करी के शिकार सैकड़ों बच्चों को झारखंड में अब तक पुनर्वासित किया गया है एवं उन्हें झारखंड सरकार के कई योजनाओं का लाभ भी दिया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव मनोज कुमार एवं निदेशक किरण कुमारी पासी द्वारा सभी जिलों के जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी को आदेश दिया गया है कि ऐसे मामले के संज्ञान में आते ही तुरंत ही टीम बनाकर नई दिल्ली रवाना किया जाये। अग्रतर कार्यवाही करते हुए बच्चों को सुरक्षित तरीके से उनके घरों में पुनर्वासित करते हुए झारखंड सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का उन्हें लाभ दिया जाए साथ ही इन बच्चों की सतत निगरानी भी की जाये।

एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र के राहुल सिंह एवं निर्मला खलखो द्वारा यह बताया गया कि हमारा एक टोल फ्री नंबर 10582 है। इसके माध्यम से भी झारखंड की तस्करी के शिकार बच्चों की सूचना प्राप्त होती है। यहां इन रेस्क्यू किए गए बच्चियों की काउंसलिंग की जाएगी एवं उनके घर का एड्रेस निकाला जाएगा और संबंधित जिले के सीडीपीओ के माध्यम से बच्चों का होम वेरिफिकेशन कराया जाएगा। फिर इन बच्चों को साहिबगंज, गोड्डा, खूंटी,जिले के जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा पुनर्वासित किया जाएगा।

### डोडा तस्करी के दोषी को 15 साल कैद की सजा

**रांची।** अपर न्यायायुक्त शैलेंद्र कुमार की अदालत ने गुरुवार को नशीले पदार्थ डोडा की तस्करी के जुर्म में दोषी करार राजस्थान निवासी विपिन राणा को 15 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त तीन साल जेल काटनी होगी। अदालत ने 26 मार्च को दोषी ठहराया था। नामकुम पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 27 अप्रैल 2021 को कोलाद गांव स्थित जंगल में 12 चक्का ट्रक पर लदा 110 बोरा डोडा बरामद किया था। इसकी अनुमानित वजन 2000 किलो था। इस मामले में अभियुक्त विपिन राणा को अदालत ने दोषी पाकर सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से ठोस गवाही दर्ज कराई गई थी।

### आरोपी की जमानत याचिका पर आंशिक सुनवाई

**रांची।** बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में जेल में बंद पिंटू हलधर की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर पीएमएलए कोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख तीन अप्रैल निर्धारित की है। उसने जमानत की गुहार लगाते हुये 25 मार्च को याचिका दाखिल की है। ईडी ने बीते 13 नवंबर को दो कोलकाता निवासी पिंटू हलधर व पिंकी बासु और दो बांग्लादेशी रॉनी मंडल और समीर चौधरी को गिरफ्तार किया था। मामले में रॉनी मंडल की जमानत याचिका पिछले दिनों खारिज हो चुकी है। आरोपी पिंटू गिरफ्तारी के बाद से ही जेल में है। गिरफ्तारी के बाद दोनों को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर ईडी रांची पहुंची थी।

# ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



**गोलमुरी टिनप्लेट चौक के पास अवस्थित है मिथिला सांस्कृतिक परिषद का भव्य परिसर। यहां महाकवि विद्यापति की सौम्य प्रतिमा आगंतुकों को श्रद्धा भाव से भर देती है। मिथिला सांस्कृतिक परिषद, जमशेदपुर, एक प्रतिष्ठित संगठन है जो मिथिला की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और प्रचारित करने के लिए समर्पित है। इसकी स्थापना 20 अप्रैल 1978 को हुई थी और यह झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में सक्रिय है। परिषद का मुख्य उद्देश्य कला और संस्कृति के क्षेत्र में कार्य करना है। यह विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन करती है, जो मिथिला की परंपराओं और कला रूपों को बढ़ावा देने में सहायक होते हैं। विद्यापति स्मृति पर्व समारोह इस संस्था का सबसे लोकप्रिय एवं भव्य समारोह है जो अप्रैल माह में आयोजित किया जाता है। देश भर के नामी मैथिली गायक एवं सांस्कृतिक कर्मी यहां अपनी प्रस्तुति देने आते हैं। मिथिला की पारंपरिक चित्रकला को बढ़ावा देने के लिए परिषद निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर आयोजित करती है।**

# अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध 80 प्राथमिकी दर्ज, 183 वाहन जब्त

## खनिजों के अवैध खनन, परिवहन के रोकथाम हेतु बनाये जायेंगे चेकपोस्ट, बांग्ला ईट भठ्ठों की अब खैर नहीं : डीसी अनन्य मित्तल

### वसूला गया 46,03,500 .00 रूपये का जुर्माना

### जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी कार्रवाई को लेकर डीसी अनन्य मित्तल द्वारा जिला खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से आहूत बैठक में एसएसपी किशोर कौशल, डीएफओ सबा आलम अंसारी, एसडीएम धालभूम श्रीमती शताब्दी मजूमदार, रूरल एसपी श्री ऋषभ गर्ग सहित अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी जुड़े।

डीसी ने जिला में अवैध खनन एवं परिवहन के विरूद्ध कार्रवाई को लेकर सभी सीओ एवं थाना प्रभारी को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों पर टास्क फोर्स की संयुक्त कार्रवाई हो। सीमावर्ती राज्यों से सटे प्रखंडों में अवैध खनिज परिवहन को लेकर प्राप्त शिकायतों पर सूचना का सत्यापन करते हुए ठोस कार्रवाई करें।

खनन टास्क फोर्स अपने सूचना तंत्र को मजबूत करें तथा सभी विभाग एक दूसरे से सूचना साझा करते हुए खनिज के अवैध कारोबार पर लगाम लगायें। खनिज परिवहन के चिन्हित मार्गों पर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर को चेकपोस्ट स्थापित करते हुए दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति का निर्देश दिया गया। अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध जनवरी माह 2025 से अबतक 38 प्राथमिकी दर्ज करते हुए अंचल अधिकारी स्तर से तीन वाहन तथा थाना द्वारा 14 वाहन एवं जिला खनन कार्यालय की कार्रवाई में 13 वाहन जब्त किए गए हैं। वहीं, तीन लाख चौंतीस हजार रू. जुमार्ना राशि की वसूली की गई है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध कुल 161 मामलों में 80 प्राथमिकी दर्ज कराते हुए 183 वाहन जब्त किए गए हैं तथा अवैध कारोबारियों से 46,03,500.00 रू. जुमार्ना राशि वसूला गया है । बैठक में खनन कार्यालय द्वारा जब्त 2000 सी.एफ.टी बालू के जल्द निलामी का निर्देश दिया गया। डीसी द्वारा डीटीओ को ओवरलोड वाहन एवं बिना नंबर प्लेट वाली वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया गया। उन्होने कहा कि जिला में अवैध रूप से किसी भी वाहन का संचालन नहीं हो इसे परिवहन पदाधिकारी सुनिश्चित करेंगे। साथ ही अवैध रूप से संचालित बंग्ला ईंट भट्ठा को लेकर सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया गया। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा 13 ईंट भट्ठा संचालकों को नोटिस किया गया है। कारखाना निरीक्षक को जिला में स्थापित क्रशर लाइसेंस की वैधता की जांच तका निर्देश दिया गया।

एसएसपी द्वारा दूसरे राज्यों से सटे सीमावर्ती क्षेत्रों में खनिजों के अवैध परिवहन पर रोकथाम हेतु बल दिया गया। वहीं, डीएफओ ने बताया कि वन विभाग द्वारा वन क्षेत्र में अवैध खनिज उत्खनन के मामलों में त्वरित संज्ञान लेते हुए कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से एसडीओ घाटशिला, डीटीओ, डीएमओ, सभी सीओ, क्षेत्रीय पदाधिकारी प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, कारखाना निरीक्षक व सभी थाना प्रभारी जुड़े।

## स्पीड न्यूज

### कोचिंग सेंटर में विद्यार्थियों के साथ हुआ फर्जीवाड़ा



जमशेदपुर। जमशेदपुर के आम बगान स्थित कैरियर पॉइंट ने आदिवासी छात्र-छात्राओं के साथ धोखाधड़ी किया है। वैसे यह धोखाधड़ी फिंगरप्रिंट के माध्यम से पैसा निकासी का है। विद्यार्थियों ने आरोप लगाया है कि स्कॉलरशिप के नाम पर फॉर्म भरने का बहाना बनाकर फिंगर प्रिंट लिया गया और फिंगरप्रिंट से सभी छात्र एवं छात्रों के खाते से 3100 रुपये निकाल लिया गया है। उधर छात्र एवं छात्राओं के खाता से पैसा निकासी के मैसेज आते ही विद्यार्थियों के परिजनों ने इंस्टिट्यूट पहुंच जमकर हंगामा किया और जिला प्रशासन सरकार से अभिलंब ऐसे संस्थान पर कानूनी कार्रवाई करते हुए बंद करने की मांग की है। आपको बता दें कि यह संस्थान आदिवासी छात्राओं को स्कॉलरशिप देने के नाम पर ठगी करते आ रहा है। हालांकि आज जब फिंगरप्रिंट के माध्यम से पैसा के निकासी हो गई ,उसके बाद विद्यार्थी के परिजनों ने जमकर हंगामा किया। उधर हंगामा देख कोचिंग सेंटर के संचालक फरार हो गया।

### अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन अमनौर, बिहार मे

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन का अगला अठाइसवां अधिवेशन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अमनौर सारण, बिहार के प्रांगण में आगामी 04 और 05 अक्टूबर, 2025 को होगा। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की एक बैठक (अमनौर,सारण,बिहार) में यह निर्णय लिया गया है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी के प्रचार मंत्री राजेश भोजपुरिया ने बताया कि इस अधिवेशन में देश विदेश से भोजपुरी प्रतिनिधि, भोजपुरी प्रेमी उपस्थित होंगे। इस दो दिवसीय अधिवेशन में भोजपुरी भाषा-साहित्य- संस्कृति-अस्मिता से संबंधित बतकही, पुस्तक प्रदर्शनी, कवि-सम्मेलन और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। ज्ञात हो कि अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन का सताईसवा अधिवेशन जमशेदपुर, झारखण्ड में संपन्न हुआ था।

### गम्हरिया में रामनवमी और ईद को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



गम्हरिया। रामनवमी और ईद पर्व को लेकर गुरुवार को गम्हरिया थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी कुणाल कुमार ने किया। इस मौके पर उन्होंने आपसी तालमेल और भाईचारे के साथ सभी पर्व मनाने और शांतिपूर्ण ढंग से रामनवमी जुलूस निकालने की अपील किया। उन्होंने कहा कि जुलूस के दौरान सभी जगहों पर तथा जुलूस के साथ दंडाधिकारी के साथ प्रयाप्त संख्या में पुलिस बल मौजूद रहेंगे। इस मौके पर रात दस बजे के भीतर जुलूस विसर्जन करने, डीजे का उपयोग नहीं करने, भड़काऊ गानों से परहेज करने आदि का निर्णय लिया गया। थाना प्रभारी ने सभी अखाड़ा समिति से उनके रुट और खेल प्रदर्शन को लेकर सूची उपलब्ध कराने को कहा। इस मौके पर उपस्थित बीडीओ अभय कुमार द्विवेदी ने भी लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से रामनवमी पर्व मनाने तथा किसी प्रकार के अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील किया। बैठक में फुलकान्त झा, राजू रजक, पूर्व मुखिया प्रभा देवी, पंसस अमरेश ईश्वर, सुनीता मिश्रा, ग्राम प्रधान लकडू महतो समेत विभिन्न अखाड़ा समिति के सदस्य व काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## इंटरनेशनल में 1.10 करोड़ जबकि डॉमेस्टिक में सर्वाधिक 75 लाख के पैकेज पर छात्र हुए लॉक

# एक्सएलआरआइ में 100 फीसदी प्लेसमेंट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ के शैक्षणिक सत्र 2023-2025 के विद्यार्थियों का रिकॉर्ड प्लेसमेंट हुआ है। दो वर्ष के पीजीडीएम (बिजनेस मैनेजमेंट व ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट) बैच के सभी 591 स्टूडेंट लॉक हो गए। इस बार भी एक्सएलआरआइ के जमशेदपुर और दिल्ली एनसीआर कैंपस के 100 फीसदी विद्यार्थी लॉक हुए। इस बार रिक्रूटमेंट की प्रक्रिया में कुल 172 कंपनियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने संस्थान के जमशेदपुर व दिल्ली कैंपस के कुल 591 विद्यार्थियों के बीच 589 स्वदेश में जबकि दो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऑफर दिया। इसमें 41 ऐसे नये रिक्रूटर थे, जिन्होंने पहली बार एक्सलर्स को लॉक किया। विद्यार्थियों को कुल 600 से अधिक ऑफर किए गए। इस बार प्लेसमेंट में खास बात यह रही कि फाइनल प्लेसमेंट में चुने गये कुल 34.17 प्रतिशत विद्यार्थियों को उनके समर प्लेसमेंट में उनके द्वारा बेहतर कार्य करने की वजह से प्री प्लेसमेंट ऑफर मिल चुका था। प्लेसमेंट प्रक्रिया में जमशेदपुर और दिल्ली दोनों ही कैंपस के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

**दो चरणों में हुई फाइनल प्लेसमेंट**

**पहला चरण-** लेटरल रिक्रूटमेंट प्रोसेस (एलआरपी)- जनवरी 2025 में एक सप्ताह के लिए आयोजित किया गया था, जहां पूर्व कार्य अनुभव वाले छात्रों का साक्षात्कार लिया गया था और उन्हें प्रवेश स्तर के पदों से ऊपर की पेशकश की गयी थी।

**दूसरा चरण-** कैंपस रिक्रूटमेंट प्रोसेस (सीआरपी)-फरवरी 2025 में एक ही दिन में आयोजित किया गया, जहां कार्य अनुभव का कोई अलग आधार नहीं था। सभी विद्यार्थियों का इंटरव्यू के आधार पर चयन किया गया। प्लेसमेंट प्रक्रिया में जमशेदपुर और दिल्ली कैंपस के छात्रों ने हिस्सा लिया।

**बदलते आर्थिक माहौल के बावजूद रहा शानदार प्लेसमेंट**

एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज ने इस उपलब्धि के लिए सभी छात्रों को बधाई दी और उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि बदलते आर्थिक माहौल के बावजूद संस्थान के छात्रों ने अपनी काबिलियत व नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया है। इस साल की प्लेसमेंट प्रक्रिया में इंडस्ट्री का जबरदस्त रुझान इस बात का प्रमाण है कि एक्सएलआरआइ के छात्र कॉर्पोरेट जगत की अपेक्षाओं पर खरे उतरते हैं। डॉ एस जॉर्ज ने कहा कि संस्थान के ये छात्र कल से रिस्पांसिबल लीडर बनेंगे जो देश के विकास में बड़ी भूमिका निभायेंगे।

**एक्सएलआरआइ के फाइनल प्लेसमेंट 2025 की मुख्य बातें**

» इस बैच का दिया जाने वाला औसत वेतन 29.0 लाख रुपये प्रति वर्ष रहा, जिसमें शीर्ष 10 विद्यार्थियों का औसत पैकेज 52.03 लाख जबकि शीर्ष 25 पर्सेंटाइल वाले विद्यार्थियों तक का औसत पैकेज 44.35 लाख रुपये प्रति वर्ष था

» नये रिक्रूटर्स की संख्या: 41

» सबसे ज्यादा कंसल्टिंग, सेल्स एंड मार्केटिंग व आईटी/ऑप्स सेक्टर से ऑफर दिये गये

» एक्सेंचर स्ट्रेटजी, अमेजॉन, बैन एंड कंपनी, बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप, एवरग्रीन, आईटीसी, प्रॉक्टर एंड गैंबल, रिलायंस, टाटा स्टील, ओला और पीडब्ल्यूसी ने नियमित भर्ती करने वालों में सबसे ज्यादा ऑफर दिये

सेक्टर वाइज प्लेसमेंट- एक्सलर्स को दिये गये ऑफर में सबसे ज्यादा कंसल्टिंग, आईटी/ऑप्स, ई-कॉमर्स, सेल्स एंड मार्केटिंग व जेनरल मैनेजमेंट थे। कंसल्टिंग फर्मों ने 26% उम्मीदवारों को ऑफर दिया। इसमें मैकेंजी, बीसीजी, एक्सेंचर स्ट्रेटजी आदि हैं

## एक नजर में

### यूसिल ने पांच उत्क्रमित उच्च विद्यालय में बांटे 250 बैडमिंटन रैकेट, बच्चों के खिले चेहरे



जादूगोड़ा भारत सरकार के खेलों इंडिया खेलों अभियान को गति देने के लिए यूसिल की नरवा पहाड़ यूरेनियम प्रोजेक्ट के डिप्टी मैनेजर स्टेलिन हेंब्रम की अगवाई में गुरुवार को क्षेत्र के पांच उत्क्रमित उच्च विद्यालय के 250 बच्चों के बीच बैडमिंटन रैकेट का किया वितरण गया। इस बाबत राजदोहा उत्क्रमित उच्च विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापक अनुपमा कुमारी ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल जरूरी है। यहां के बच्चे खेल खुद में एक्टिव है। खेलेंगे, कूदेंगे तो आगे बढ़ेंगे व यूसिल की पहल की सराहना की। कम्पनी के डिप्टी मैनेजर एस आर हेंब्रम ने कहा कि कंपनी ने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के तहत नरवा पहाड़ यूरेनियम प्रोजेक्ट प्रबंधन की ओर से क्षेत्र के पांच उत्क्रमित उच्च विद्यालय खुखड़ाडीह, सिद्धू-कान्हु मेमोरियम हाइ स्कूल कैडो, उत्क्रमित उच्च विद्यालय राजदोहा, उत्क्रमित उच्च डोमजुडी व उत्क्रमित उच्च विद्यालय शंकर दा को 50-50 की संख्या में बैडमिंटन रैकेट का वितरण, किया। सभी स्कूलों को मिलकर 250 बैडमिंटन रैकेट बाटे गए है। मौके पर डिप्टी मैनेजर एस आर हेंब्रम, सहायक प्रशासनिक अधिकारी डी एन सिंह, बाल कृष्ण मिश्रा, गाजिया हांसदा उपस्थित थे।

### जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी के भूगोल विभाग की छात्राओं का उत्तराखंड शैक्षणिक भ्रमण संपन्न



जमशेदपुर। जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी के भूगोल विभाग द्वारा स्नातकोत्तर सेमेस्टर-4 की 65 छात्राओं का उत्तराखंड में शैक्षणिक भ्रमण 17 मार्च से 23 मार्च तक सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान छात्राओं ने नैनीताल, कौसानी और रानीखेत के प्रमुख स्थलों का गहन अध्ययन किया। छात्राओं ने नैनीताल में नैनी झील का दौरा किया, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और नौका यान के लिए प्रसिद्ध है। इसके अलावा, उन्होंने नैनी देवी मंदिर का भी दर्शन किया, जो धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है। माल रोड पर घूमते हुए उन्होंने स्थानीय बाजार और संस्कृति का भी अनुभव प्राप्त किया। गोलू देवता मंदिर, नीब करोली कैंची धाम मंदिर, सरिता ताल, हिमालयन एडवेंचर पार्क आदि स्थलों का भी भ्रमण किया। कौसानी में छात्राओं ने अनासक्ति आश्रम का दौरा किया। इसके अलावा, कौसानी टी एस्टेट में चाय उत्पादन की प्रक्रिया को भी नजदीक से देखा। हिमालय की बर्फीली चोटी नंदा देवी का नजारा भी छात्राओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। इसके साथ ही रानीखेत में छात्राओं ने कालिका मंदिर, गोल्फ कोर्स में प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लिया। विवि की कुलपति प्रो (डॉ) अंजिला गुप्ता ने इस शैक्षणिक यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि इस भ्रमण के द्वारा छात्राओं को कक्षा में पढ़ाए गए सिद्धांतों को वास्तविक जीवन में समझने का अवसर मिला। इस भ्रमण के दौरान भूगोल विभाग की शिक्षिका प्रीति, आरती कुमारी एवं दर्शनशास्त्र की विभागाध्यक्ष अमृता कुमारी ने मार्गदर्शक के रूप में अहम भूमिका निभाई।

### विकास योजनाओं का आवंटन उपलब्ध कराने हेतु विधायक मंगल कालिंदी ने मंत्री से की मुलाकात



जमशेदपुर। जुगशालाई विधायक मंगल कालिंदी ने आज रांची विधानसभा स्थित नगर विकास मंत्री सुदिव्या सोनू से मुलाकात कर जुगशालाई नगरपालिका क्षेत्र की विकास योजनाओं का आवंटन उपलब्ध कराने हेतु उन्हें ज्ञापन सौंपा। जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत तेजाब नाला में सफीगंज मोहल्ला से परसुराम सिंह के घर पास पुलिया तक आरसीसी पक्का नाला का निर्माण ,जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत स्टेशन रोड में छप्पन भोग मोड़ से ऋषि भवन एवं नया बाजार होते हुए तेजाब नाला तक आरसीसी पक्का नाला निर्माण कार्य,जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत तेजाब नाला में नया बाजार बोरा पट्टी पुलिया से डीबी रोड पुलिया होते हुए दिनेश अग्रवाल के घर तक आरसीसी पक्का नाला का निर्माण के आवंटन उपलब्ध कराने को लेकर ज्ञापन सौंपा।

### राणा सांगा पर दिए विवादित बयान के खिलाफ करणी सेना का आक्रोश प्रदर्शन, फूंका पुतला



जमशेदपुर। समाजवादी पार्टी के सांसद राम लाल सुमन द्वारा राणा सांगा पर दिए गए विवादित बयान के विरोध में गुरुवार को क्षत्रिय करणी सेना के पदाधिकारियों और विभिन्न विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने साकची गोलचक्कर में सांसद राम लाल सुमन के पुतला को पूरा साकची घुमाया और साकची गोलचक्कर में पुतले को जला कर अपना विरोध जताया। करणी सेना ने इसे वीर योद्धा का अपमान करार देते हुए सांसद से तत्काल माफी की मांग की। प्रदर्शन के दौरान युवाओं ने जमकर नारेबाजी की और चेतावनी दी कि यदि सांसद अपने बयान को वापस लेकर अगर माफी नहीं मांगी तो करणी सेना और उग्र प्रदर्शन करेगी। इस विरोध प्रदर्शन में करणी सेना के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, जिसमें बिनय सिंह, संजय सिंह, हरि सिंह राजपूत, मधु सिंह,रंजन सिंह, मोहित सिंह, पूर्व सैनिक सेवा परिषद के वरुण कुमार, मानस सिंह, हिमांशु सिंह,नीतीश सिंह, बमभोला सिंह, मुकेश सिंह, चिंटू सिंह, आशीष सिंह, कृष सिंह, रवि शंकर सिंह,संदीप सिंह, लवकेश सिंह, श्रवण सिंह व कई लोग उपस्थित थे।

### मुआवजा व नौकरी की मांग को ले ग्रामीणों ने आधुनिक पावर कंपनी गेट पर किया धरना प्रदर्शन



गम्हरिया। मुआवजा और नौकरी देने की मांग को लेकर कांड्रा के पदमपुर स्थित आधुनिक पावर एंड नेचुरल रिसोर्स कंपनी गेट के समक्ष गुरुवार को कई गांव के ग्रामीणों द्वारा धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि आधुनिक पावर प्लांट कंपनी लगे करीब 15 वर्ष बीत गए, लेकिन प्रबंधन की ओर से आज तक उन्हें मुआवजा और नौकरी देने पर कोई ठोस पहल नहीं की गई है। इस दौरान झारखंड आंदोलनकारी सह जमीनदाता प्रधान माझी ने बताया कि कंपनी स्थापना से पूर्व जमीनदारों से एक स्थाई नौकरी देने की बात कही गई थी। इसके अलावा सभी गांव में शिक्षा, स्वास्थ्य व साफ-सफाई की व्यवस्था करने पर भी सहमति बनी थी। किन्तु, अब कंपनी प्रबंधन इन सभी वादों से मुकर गई है। उन्होंने कहा कि प्रबंधन द्वारा हमारी मांगों को नहीं मानी जाती है तो अनिश्चितकालीन गेट जामकर ग्रामीण आत्मदाह भी करेंगे। हालांकि, ग्रामीणों की मांग को लेकर कंपनी के एचआर हेड अनिल कुमार सोनी ने बताया कि कंपनी में पहले ही 137 ग्रामीणों को स्थाई एवं 400 ग्रामीणों को अस्थाई नौकरी प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि किसी तथाकथित समिति का सांकेतिक धरना पर बैठना समझ से परे है। कंपनी में पहले से ही स्थापित एवं मान्यता प्राप्त ३पावर प्रोजेक्ट विस्थापित प्रभावित स्वावलंबी श्रमिक सहयोग समिति३ सक्रिय है एवं इस तरह के मामले समिति के माध्यम से ही अनुशंसित होते हैं।

## चाईबासा : खाद्य कारोबारियों को फोसटैग प्रशिक्षण दिया गया

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**



**चाईबासा।** खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा खाद्य कारोबारियों को कैटरिंग का फोसटैग प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण लेजरसॉफ्ट एवं यारी कालीटेक के द्वारा प्रदान दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में मिठाई निमार्ता, रेस्टोरेंट, होटल, ढाबा, मिड डे मील निर्माण वाले खाद्य कारोबारकर्ता ने भाग लिया। प्रशिक्षण में खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के विभिन्न नियमों और साफ सफाई एवं हाइजीन से संबंधित बेहद जरूरी जानकारी दी गई। साथ ही खाद्य सुरक्षा का महत्व और इसका आम आदमी के स्वास्थ्य पर सीधा असर को बताया गया। खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम अंतर्गत विभिन्न धाराओं के उल्लंघन करने पर अधिरोपित अर्थदंड और सजा के बारे में बारीकी से बताया गया। सभी खाद्य कारोबारी प्रशिक्षण प्राप्त कर बेहद उत्साहित नजर आ रहे थे। ज्ञातव्य हो की सभी खाद्य कारोबारी को खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा से संबंधित प्रशिक्षण एवं फूड लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य है।

## बोड़ाम-पटमदा होते हुए झारग्राम और पुरुलिया के बीच नयी रेल लाइन बिछाये सरकार : सांसद विद्युत

### सांसद ने लोकसभा में उठाया मामला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद बिद्युत बरण महतो ने आज नियम 377 के अधीन सूचना देते हुए कहा कि जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र से सम्बंधित एक अतिमहत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि संसदीय क्षेत्र के नागरिकों की एक बहुत पुरानी एवं महत्वपूर्ण मांग है जो अभी तक पूरी नहीं हो पाई है।

इस क्षेत्र के नागरिक लंबे समय से झारग्राम और पुरुलिया के बीच एक नई रेल लाइन की मांग कर रहे हैं। सांसद ने कहा कि यह रेल लाइन इस तरह से बिछायी जाए जो पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला जिले के कुछ प्रमुख स्थान जैसे चांडिल, निमडी, बोडाम, पटमदा, कार्टीन, बंधवान एवं झारग्राम को जोड़ सके।

यह क्षेत्र आज भी बेहतर परिवहन सुविधा की कमी से जूझ रहा है और यह रेल लाइन स्थापित होने से लोगों को यात्रा करने में अत्यधिक सुविधा होगी। इस प्रस्तावित रेल मार्ग के निर्माण से क्षेत्र में आर्थिक और सामाजिक दृष्टिकोण से भी समृद्धि आएगी। अतः रेल मंत्री इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर शीघ्र विचार करे और झारग्राम और पुरुलिया के बीच नई रेल लाइन के निर्माण की प्रक्रिया को शीघ्र प्रारंभ की जाए।

## एनआइटी जमशेदपुर : कैरम और शतरंज प्रतियोगिता संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**कैरम विजेता:** पहला: शशांक व गोपाल दूसरा: डॉ. आलोक प्रियदर्शी और डॉ. मधु सिंह; तीसरा: चंदन और जहीर
**शतरंज विजेता:** शशांक भास्कर प्रथम, द्वितीय डॉ. कुंदन कुमार और तृतीय मनीष कुमार माधव

**जमशेदपुर।** दो दिवसीय इंट्रा-डिपार्टमेंट कैरम और शतरंज प्रतियोगिता 25 मार्च, 2025 को शाम 5:00 बजे इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग (ईईडी) में शुरू हुई। यह कार्यक्रम एम. टेक. और पीएचडी छात्रों, कार्यालय सहयोगियों और संकाय सदस्यों के लिए खुला था, इस कार्यक्रम का उद्देश्य बौद्धिक जुड़ाव और सौहार्द को बढ़ावा देना था। एकेएल श्रीवास्तव (अध्यक्ष, एस ए सी, एनआईटी जेएसआर) ने डॉ मधु सिंह (प्रमुख, ईईडी) और विभाग के सम्मानित संकाय सदस्यों और कर्मचारियों की उपस्थिति में प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। टूनामेंट किट और दिशानिर्देश प्रदान करने के लिए डॉ. एस. शक्तिवेल और प्रोवत कुमार राय को विशेष धन्यवाद ।इस कार्यक्रम का डॉ. रवि भूषण और डॉ. कुंदन कुमार द्वारा सफलतापूर्वक समन्वय किया गया। समारोह का समापन रजिस्ट्रार कर्नल (डॉ) निशीथ कुमार राय ने पुरस्कार वितरण के साथ किया।

## विश्व रंगमंच दिवस पर नाट्य संस्था गीता थिएटर ने मनाया स्थापना दिवस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** विश्व रंगमंच दिवस पर जमशेदपुर की नाट्य संस्था गीता थिएटर ने धूम-धाम से स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर संस्था के कलाकारों ने बारी-बारी से अपने कला का मनमोहक प्रदर्शन दिया। संस्था की अध्यक्ष गीता कुमारी ने बताया कि आज संस्था को 07 साल पूरे हो गए हैं इस सात सालों में गीता थिएटर ने बहुत से स्थिति का सामना किया है पर अपने कला से समाज को जागरूक करते रहा। लॉकडाउन जैसे समय में कॉविड वैक्सीन के लिए जन जागरूकता अभियान तहत जन-जन को वैक्सीन लेने के लिए जागरूक किया है राज्य की उद्योग कंपनी जैसे टाटा स्टील, क्रॉस लिमिटेड, रुंगटा माइन्स केजन जागरूकता कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा एवं कंपनी नियमों पर आधारित नुक्कड़ नाटक किया है।

## सरायकेला टाउन हॉल में स्वास्थ्य विभाग ने 90 आरोग्य दूतों को किया सम्मानित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**सरायकेला।** गुरुवार को टाउन हॉल परिसर में सरायकेला जिला के अंतर्गत साथिया सह विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत जिले के सभी 9 प्रखंडों से पांच- पांच उत्कृष्ट विद्यालयों के उत्कृष्ट 90 आरोग्य दूतों को सम्मानित किया गया तथा स्वास्थ्य विभाग के 8 एनएचएम प्रखंडों के तहत प्रत्येक प्रखंड से 5 साथिया कुल 40 पीर एजूक्टेर साथिया को सम्मानित किया गया। शिक्षा विभाग के समन्वय एवं सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज (सी- 3) के तकनीकी सहयोग से जिला टाउन हॉल में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के तत्वाधान में आयोजित विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत सम्मान समारोह में सभी प्रखंडों से उत्कृष्ट कार्य कर रहे पांच पांच विद्यालयों से 90 आरोग्य दूतों शिक्षकों को उत्कृष्ट कार्य हेतु जिला के उपायुक्त महोदय एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। मौके पर डीसी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला के 4 डीआरजी को सम्मानित करते हुए विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के लक्ष्यो के बारे में अवगत करते हुए सभी को बधाई दी। उपायुक्त ने सहिया, आरोग्य दूत एवं साथिया को आपस में सहयोग करते हुए ग्रामीणों को जागरूक करने का संदेश दिया। जिसके तहत पोषण, आरएसएच, चोट हिंसा, वीएचएसएनडी आंगनबाड़ी केंद्रों, एसएचडब्लुपी के तहत हर मंगलवार को हेल्थ एंड वेलनेस डे के दिन में बच्चों से स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता पर चर्चा करें। स्वास्थ्य जैसे गंभीर विषय माहवारी, स्वच्छता, मादक पदार्थ, बाल विवाह विषयों पर समन्वय स्थापित कर बेहतर कार्य करने का निर्देश दिया। मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ने साथिया कार्यक्रम से जुड़े विषयों पर प्रकाश डाला एवं डेटा प्रस्तुत किया। विदित हो कि शिक्षा विभाग एवं सेंटर फॉर केटेलिजिंग चेंज के तकनीकी सहयोग से पुरे झारखण्ड राज्य के सभी विद्यालयों जहां कक्षा 6-12 तक की पढ़ाई होती है में संचालित हैं। कार्यक्रम के मौक पर सी -3 डीआरजी उपस्थित थे। किशोर, किशोरियों के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया, उनके बीच पुरस्कार वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का सफल आयोजन शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के सी -3 तकनीकी सहयोग से किया गया। शिक्षा विभाग से क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी नवल किशोर सिंह उपस्थित रहे।

## स्पीड न्यूज

### ऑक्सफोर्ड में छात्रों को नामांकन के समय दी जा रही है छात्रवृत्ति : प्राचार्य



**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में कक्षा एकादश के तीनों संकायों (कला, वाणिज्य एवं विज्ञान) के लिए अंतरिम नामांकन जारी है। विद्यालय में प्री-बोर्ड परीक्षाफल /योग्यता परीक्षा के आधार पर प्राप्त प्रतिशत के बराबर छात्रवृत्ति दी जा रही है। डाल्टनगंज के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों द्वारा इसका लाभ उठाया जा रहा है। अंतरिम नामांकन पर स्कॉलरशिप ऑफर की अंतिम तिथि - 15 अप्रैल है।

### विरोध प्रदर्शन में शामिल रहे विधायक

**पलामू, रांची।** पूर्व जिप सदस्य सह भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में हत्यारी हेमंत सरकार के खिलाफ गुरुवार को विधानसभा परिसर में भाजपा विधायकों ने प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन में सभी भाजपा विधायकों के साथ पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता भी उपस्थित थे।

### पुल में रेलिंग नहीं, गिरा व्यक्ति घायल



**हुसैनबाद पलामू।** थाना क्षेत्र के जपला नबीनगर मुख्य सड़क के उत्तर कोयल मुख्य नहर पुल के लोटनिया के पास एक व्यक्ति साइकिल सहित नहर में 15 फिट नीचे जा गिरा, जिससे व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति को 108 एंबुलेंस से अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में भर्ती कराया, व्यक्ति की पहचान ककोरिया गांव निवासी 65 वर्षीय राजदेव राम के रूप में हुई है।

### सेवानिवृत्त शिक्षक का निधन, शोक

**पांकी पलामू।** पांकी के द्वारिका नाथ मिश्रा (80) का निधन बुधवार की सुबह हृदयाघात से हो गया। सूचना मिलते ही आसपास के लोगों में शोक की लहर दौड़ गयी। जिसके बाद पहुंचे लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी व परिजनों को सांत्वना दी। अंतिम संस्कार अमानत नदी तट पर किया गया। पांकी प्रमुख पंचम प्रसाद, भाजपा नेता श्याम नंदन ओझा, चुनमुन पांडेय, साधु मांझी, विश्वजीत सिंह, अखिलेश प्रसाद, कुंदन सिंह समेत कई लोगों ने उनके निधन पर गहरा शोक जताया है।

### श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण महायज्ञ की तैयारी पूरी, 29 को होगी कलश यात्रा



**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला के प्रसिद्ध सिद्धपीठ श्रीयोगी वीर बाबा देवस्थल परिसर में श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण महायज्ञ के 19वें अधिवेशन की सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। इसे लेकर 29 मार्च को मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकाली जायेगी। जिसमें शहर के हजारों श्रद्धालुओं के साथ आसपास के कई गणमान्य लोग भी शामिल होंगे। समिति के अध्यक्ष श्याम किशोर चंद्रवंशी ने बताया कि 29 को कलश स्थापन, 30 को यज्ञाचार्य पं प्रदीप पांडेय के सान्निध्य में अरनी मंथन के साथ पूजन-परिक्रमा शुरू होगी।

### सीसीटीवी की सख्त निगरानी में होग पूरा शहर : एसडीएम सुलोचना मीणा



**मेदिनीनगर।** शहर थाना परिसर में गुरुवार को रामनवमी, छठ पूजा और ईद को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक सदर एसडीओ आइएएस सुलोचना मीणा ने की। जिसमें मेदिनीनगर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद, सदर सीओ अमरजीत बल्होत्रा, थाना प्रभारी देवेंद्र पोद्दार समेत दोनों समुदाय के सैकड़ों लोग मौजूद थे। एसडीओ ने कहा कि पूरा शहर सीसीटीवी की निगरानी में रहेगी। जिले में सभी जगह कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग किया जायेगा।

### बस-बाइक की टक्कर में पिता की मौत

**छतरपुर पलामू।** डालटनगंज-औरंगाबाद नेशनल हाईवे पर छतरपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार तेलाडी मोड़ पर एक यात्री बस एक बाइक को टक्कर मार दी। इसमें पिता की मौत हो गयी, जबकि पुत्र गंभीर रूप से घायल है। मृतक महेश यादव तेलाडी गांव के थे। पुत्र वीरेंद्र यादव (22) को मेदिनीनगर के एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया। उसकी हालत चिंताजनक है। महेश यादव अपने बेटे के साथ छतरपुर से समरसेबल मोटर खरीदकर घर लौट रहे थे।

### अगलगी में अरहर-पुआल जलकर खाक



**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला थाना क्षेत्र के झगरुआ निवासी राजेश यादव के खलिहान में गुरुवार दोपहर को एकाएक आग लग गयी। जिससे खलिहान में रखा 50 बोझा अरहर व पुआल का एक गांज जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया। लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। पीड़ित किसान ने रेहला थाना को सूचना देते हुए कार्रवाई की मांग की है। राजेश का आरोप है कि खलिहान में आग गांव के ही कुछ असामाजिक तत्वों ने लगा दी है। जानकारी मिलते ही जिला योजना समिति सदस्य संजय बैठा घटनास्थल पहुंच प्रशासन से पीड़ित को मुआवजा देने की मांग की है।

### चैनपुर में शांति से मनेगी रामनवमी-ईद




**चैनपुर, पलामू।** चैनपुर रामनवमी पूजा सरहुल एवं ईद पर्व को लेकर चैनपुर थाना परिसर में गुरुवार की शाम चैनपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में चैनपुर प्रखंड एवं नगर निगम क्षेत्र के शाहपुर आसपास के कई झंडा धारी ,रथ निकलने वाले एवं महावीर नवयुवक दल जेनरल चैनपुर के अध्यक्ष चंदु गुप्ता एवं शाहपुर महावीर नवयुवक दल जेनरल के अध्यक्ष मुकेश जायसवाल सहित पंचायत के जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए ।कार्यक्रम के अध्यक्षता अंचल अधिकारी चंद्रशेखर कुणाल ने किया मौके पर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने शांति समिति की बैठक में आए हुए लोगों से गांव की समस्याओं की जानकारी ली ।और संबोधित करते हुए कहा है कि डीजे साउंड बजाने वाले को निर्देशित है कि वह कोई भी विवादित गाना नहीं बजाएं एवं साउंड कम रखें इसे आम लोगों को परेशानी होती है।

# अंडरपास निर्माण के लिए जल्द निविदा प्रकाशित की जायेगी : सांसद बीडी राम

- केंद्रीय रेल मंत्री ने पत्र के माध्यम से दी कुंभी में अंडरपास ब्रिज निर्माण स्वीकृति की सूचना
- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सांसद के पत्र के आलोक में 19 मार्च कोदी स्वीकृति की सूचना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



विष्णुदयाल राम, पलामू सांसद।

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम के प्रयास से गढ़वा जिला अंतर्गत मेराल रेलवे स्टेशन के पास कुंभी ग्राम में किलोमीटर 18/19-20 पर रेलवे अंडरपास निर्माण कराये जाने की स्वीकृति रेलवे बोर्ड के द्वारा दी गयी हैं। उक्त संबंध में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सांसद के पत्र के आलोक में 19 मार्च को पत्र के माध्यम से स्वीकृति की सूचना दी है। उल्लेखनीय है कि ग्राम कुंभी एवं आसपास के गांव के लोगों को आवागमन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जनता की कठिनाइयों को देखते हुए सांसद उक्त मामले को लोकसभा में नियम 377, धनबाद डिविजनल बैठक, पत्राचार एवं रेल मंत्री से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उक्त स्थान पर अंडरब्रिज निर्माण कराने का अनुरोध किया था।

सांसद ने कहा कि उक्त अंडरपास ब्रिज निर्माण के लिए बहुत जल्द निविदा प्रकाशित की जायेगी तथा निविदा के निस्तारण के तत्पश्चात कार्य प्रारंभ किया जायेगा। सांसद ने इसके लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति अपनी ओर से एवं समस्त जनता की ओर से आभार प्रकट किया है। उक्त जानकारी सांसद श्री राम के निजी सचिव अलख दुबे ने दी।

### पांकी विधायक ने विधानसभा में उठाया किसानों को सिंचाई सुविधा देने का मामला

# अमानत बराज को पूर्ण करा कर किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाया जाये: डॉ मेहता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सदन में अपनी बात रखते पांकी विधायक।

**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता ने विधानसभा में अमानत बराज को पूर्ण कराकर किसानों को सिंचाई सुविधा प्रदान करने का मामला उठाया। मौके पर डा मेहता ने कहा कि पांकी प्रखंड अमानत नदी पर बराज निर्माण हेतु एकीकृत बिहार में 41.67 करोड़ रूपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई थी। झारखंड गठन के बाद प्रशासनिक स्वीकृति सरकार के समक्ष लंबित है। उन्होंने कहा कि इस योजना में लगे गेट व मशीन अनुपयोगी हो गये हैं। मुख्य नहर में जल संचयन नहीं होता है। उन्होंने सरकार से उक्त योजना का निर्माण पूरा कर किसानों के लिए सिंचाई सुविधा प्रदान करने की बात कही।

जवाब में कहा गया कि वित्त वर्ष 2025-26 में प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करते हुए शेष कार्यों को अगले तीन वर्षों में पूरा किया जायेगा। डा मेहता इसके अलावे जर्जर तार बदलने की मांग की। उन्होंने कहा कि जर्जर तार के कारण कई बार हादसा हुआ है इस कारण आदमी व मवेशी की जान गयी है। उन्होंने जनहित में जर्जर तार बदलकर विद्युत आपूर्ति कराने की मांग की है।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में कृषि यंत्र वितरण को लाभुक चयन के लिए बैठक

# बेहतर फसल उत्पादन में किसानों को मदद करेंगे कृषि यंत्र : उपायुक्त

- कृषि यंत्र के लिए किसानों के 54 आवेदनों का अनुमोदन
- कम समय व मेहनत में फसलों का उत्पादन बेहतर कर सकेंगे किसान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



शशि रंजन, उपायुक्त।

जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी श्याम बिन्द ने बताया कि राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में कृषक समूहों, महिला समूहों, पानी पंचायतों, जलछाजन समितियों, लैंपस-पैक्स या अन्य कृषक संगठनों को ट्रैक्टर एवं सहायक कृषि यंत्रों के अनुदान पर वितरण मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना हेतु लाभुकों के चयन हेतु जेएसएलपीएस के माध्यम से 28 किसानों का आवेदन प्राप्त हुआ था। इन सभी आवेदनों का अनुमोदन किया गया। राज्य योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में कृषि यांत्रिकीकरण प्रोत्साहन योजनान्तर्गत जिले में छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना (मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, सहायक कृषि यंत्र, राईस ट्रांसप्लांटर एवं कृषि प्रसंस्करण) यंत्रों के लिए वर्तमान में प्राप्त 8 आवेदनों का अनुमोदन किया गया। जिले के छोटे और सीमान्त कृषकों/ स्वयं सहायता समूहों/ महिला सखी मंडल/ कृषक समूह/ लैंप पैक्स को एक पंपसेट एवं 200 फीट एचडीपीई पाईप वितरण हेतु वर्तमान में एससीएसपी मद से 20 आवेदन प्राप्त हुए थे।

**मेदिनीनगर।** समाहरणालय स्थित कार्यालय वेश्म में भूमि संरक्षण विभाग की ओर से छोटे और सीमान्त किसानों को कृषि यांत्रिकीकरण प्रोत्साहन योजना, कृषि उपकरण बैंक की स्थापना, मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत कृषि यंत्रों के वितरण हेतु लाभुकों के चयन के लिए बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त शशिरंजन ने की।

बैठक में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि जिले में कृषि की अच्छी संभावनाएं हैं। कृषि यंत्र मिलने से किसानों को बेहतर फसल उत्पादन में और मदद मिलेगी। किसान कम समय और कम मेहनत में फसलों का उत्पादन बेहतर कर सकेंगे। किसानों की उत्पादकता को बढ़ाने को लेकर सरकार की ओर से कृषि यंत्र वितरण की योजना चलायी जा रही है। किसानों को ससमय कृषि यंत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में कृषि यांत्रिकीकरण के विभिन्न योजनाओं के तहत लाभुकों से प्राप्त 54 आवेदनों का अनुमोदन किया गया।

# 213 व्यक्तियों को चिकित्सा अनुदान 186 युवाओं को ऋण देने की स्वीकृति

- स्वरोजगार एवं उद्यमिता विकास को बढ़ावा देने के लिए युवाओं को मिलेगा ऋण, योग्य लाभुकों का हुआ चयन
- उपायुक्त के निर्देश पर उप विकास आयुक्त ने की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक करते डीडीसी व उपस्थित अन्य।

**मेदिनीनगर।** कल्याण विभाग ने मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना एवं मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत योग्य लाभुकों के चयन हेतु उपायुक्त सह जिला स्तरीय समिति के अध्यक्ष के निदेश पर डीडीसी सह जिला स्तरीय समिति के उपाध्यक्ष शब्बीर अहमद ने समाहरणालय सभागार में बैठक की। इस दौरान अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से संचालित अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग हेतु संचालित मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना तथा अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांग वर्ग के युवाओं को ऋण सह अनुदान उपलब्ध कराने को योग्य लाभुकों को चुना। योजना के तहत 213 व्यक्तियों को चुन कर चिकित्सा अनुदान देने एवं मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के 186 युवाओं का चुनते हुए ऋण सह अनुदान राशि उपलब्ध कराने की स्वीकृति दी गयी। जिला स्तरीय समिति में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत अनुसूचित जनजाति जाति के 110, अनुसूचित जाति के 45 एवं पिछड़ा वर्ग के 58 लाभुक व्यक्तियों को 145000 रुपये देने का निर्णय लिया गया।

# निर्धारित समयावधि में शत प्रतिशत करें धान अधिप्राप्ति : उप विकास आयुक्त

- धान का ससमय उठाव होने से अधिक-से-अधिक किसान होंगे लाभान्वित : डीएसओ
- डीडीसी ने धान अधिप्राप्ति योजना से संबंधित की समीक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद की अध्यक्षता में आज समाहरणालय के ब्लॉक सी स्थित सभागार में धान अधिप्राप्ति योजना से संबंधित समीक्षा की गई। इस दौरान उप विकास आयुक्त खरीफ विपणन मौसम 2024-25 अंतर्गत धान अधिप्राप्ति योजना अंतर्गत जिले को निर्धारित लक्ष्य, केन्द्रवार निर्धारित लक्ष्य, ई-उपार्जन पोर्टल पर निबंधित किसानों की संख्या, किसानों को भेजे गये एसएमएस, अबतक धान बिक्री करने वाले किसान, अबतक क्रय किये गये धान, मिल को प्रेषित धान, पैक्स गोदामों में अवशेष बचे धान, किसानों को प्रथम एवं किस्त की राशि भुगतान पूर्ण होने आदि की विस्तृत समीक्षा की। साथ ही राईस मिलवार लंबित एवं जमा एडवांस सीएमआर से संबंधित बिन्दुओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्धारित समयावधि में धान अधिप्राति हेतु निर्धारित लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया।

# अफवाह से बचें, सोशल मीडिया पर रहेगी प्रशासन की नजर : एसडीओ

- हरिहरगंज में रामनवमी व ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड क्षेत्र में रामनवमी समारोह तथा ईद त्योहार का शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर गुरुवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में बिहार झारखंड के प्रशासनिक अधिकारी तथा रामनवमी पूजा समिति के पदाधिकारी सहित हिन्दू मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। छतरपुर एसडीएम प्रशिक्षु आईएएस आशिष गंगवार ने कहा कि सभी समुदाय भाईचारे के साथ त्योहार मनायें। पूजा के दौरान अप्रिय घटना से बचने के लिए वोलेंटियर तत्पर रहे। प्रशासन सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखेगी। साथ ही जुलूस से पहले मार्गों की ड्रोन से निगरानी की जायेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस को अविलंब दे। वहीं औरंगाबाद एसडीएम संतन कुमार सिंह ने कहा कि रामनवमी और ईद दोनों त्योहार भाईचारे व खुशियों का प्रतीक है। त्योहार मनाते समय यह ध्यान रहे की शांति व्यवस्था कायम रहे।

### सघन जांच अभियान में दर्जनों वाहन हुए जब्त



**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में पुलिस ने सदिक चौक के पास सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान चार पहिया वाहन एवं दोपहिया वाहनों की जांच की गयी, जिसमें दोपहिया के कुछ चालक बगैर हेलमेट और बिना लाइसेंस के थे। जिसमें से 10 बाइकों को जब्त कर शहर थाना परिसर में रखा गया है। जिला परिवहन कार्यालय पलामू से 10 दोपहिया वाहनों का चालान फाइन राशि 15,067 रुपये आया है।

### वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने कुलसचिव को सौंपा ज्ञापन



**मेदिनीनगर।** वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन के जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलसचिव को ज्ञापन सौंप कल्याण विभाग के पोर्टल की तिथि बढ़वाने की मांग की है। कहा कि विवि के कई विद्यार्थी ऐसे हैं जिन्होंने अभी तक बोनाफाइड नहीं लिया है, इससे उन्हें छात्रवृति नहीं मिल पायेगी। इसलिए छात्रहित में पोर्टल की तिथि बढ़वाने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा उचित कदम उठाया जाना चाहिए।

### अवैध कनेक्शन से मोटर लगाकर पानी चोरी करनेवाले लोगों पर कार्रवाई करने की चेतावनी



**मेदिनीनगर।** भीषण गर्मी को देखते हुए पानी के दुरूपयोग करने व बचाने को लेकर नगर निगम प्रशासन गंभीर है। नगर निगम कर्मियों द्वारा जलापूर्ति के पोषक क्षेत्र में गुरूवार को जन जागरूकता और पानी बचाओ अभियान चलाया गया। निगम ने स्टेशन, आईटीआई, बाइपास और साहित्य समाज चौक पानी टंकी से जलापूर्ति के पोषक क्षेत्र बेलवाटिका, कान्दू मुहल्ला, रेडमा, कुम्हारटोली, बाईपास रोड, बारोलोटा, सिंचाई कॉलोनी, आबादगंज, सुदना, गायत्री मंदिर रोड, साहित्य समाज चौक, पुलिस लाइन रोड, हमीदगंज, नन्दलाल इंस्टिच्यूट रोड, विष्णुदेव दुबे रोड में जन जागरूकता एवं पानी बर्बादी नहीं करने, अवैध कनेक्शन लेकर पानी चोरी करनेवालों के खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी दी। निगम की टीम ने पानी सप्लाई के समय लोगों के बीच जाकर जागरूक किया और समझाया गया कि आने वाली भीषण गर्मी में पानी की समस्या से निपटने के लिए सबको अपना कर्तव्य निभाना होगा। इसके लिए स्टैंड पोस्ट में और अपने घरेलू कनेक्शन में नल लगाए। पानी की खपत कम करे। नगर आयुक्त जावेद हुसैन के निर्देश पर पाइपलाइन निरीक्षक छोटे लाल गुप्ता के नेतृत्व में सुबह में पानी आपूर्ति के समय यह अभियान चलाया गया। अक्सर देखा गया कि लोग जलापूर्ति के समय गाड़ी धोते हैं। रोड में पानी डालते हैं तथा गार्डेनिंग करते हैं, जिससे दूसरे मुहल्ले के घरों में पानी नहीं पहुंच पाता है।

## संदिग्ध कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हैदरनगर / हुसैनाबाद।** हैदरनगर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी सफलता हासिल करते हुए भारी मात्रा में विदेशी शराब की तस्करी को विफल कर दिया। पुलिस को सूचना मिली कि एक संदिग्ध दिल्ली नंबर की कार, पंशा की ओर से हैदरनगर की तरफ आ रही है, जिसकी गतिविधियां संदिग्ध हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने सतर्कता बढ़ाते हुए भाई बिगहा चौक पर वाहन जांच अभियान शुरू किया। कुछ ही देर में हल्के नीले रंग की टोयटा इटियॉस कार पुलिस को देखकर तेजी से भाई बिगहा के रास्ते भागने लगी। संदेह होने पर पुलिस ने तुरंत कार का पीछा किया और नहर मोड़, हैदरनगर भाई बिगहा के पास उसे रोक लिया। हालांकि, कार की अगली सीट पर बैठा एक व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा, लेकिन पुलिस ने दो तस्करों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।

### सतबरवा में ट्रैक्टर ने युवक को कुचला, अस्पताल में मौत

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के सेहरा गांव में शाम 7 बजे के करीब ट्रैक्टर ने एक युवक को कुचल डाला। ग्रामीणों ने गंभीर रूप से जख्मी युवक को सतबरवा के तुंबागड़ा अस्पताल ले गये, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने तीन ट्रैक्टर को रोक दिया। नीलांबर पितांबरपुर थाना प्रभारी राजू गुप्ता घटनास्थल पर से पुष्टि करते हुए बताया कि राजकीय कृत मिडिल स्कूल के समीप मोड़ के पास दुर्घटना हुई है।

## राशन कार्ड ई-केवाईसी जागरूकता रथ को एसडीओ-बीडीओ ने किया रवाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनबाद पलामू।** पलामू जिला के हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय परिसर से अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो, बीडीओ सुनील वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित राशन कार्ड में ई-केवाईसी कराने को लेकर जागरुकता रथ रवाना किया। ई-केवाईसी अभियान का उद्देश्य राशन कार्डधारियों को 31 मार्च 2025 से पूर्व अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी कराने के लिए प्रेरित करना है। ई-केवाईसी रवाना जागरुकता रथ हुसैनाबाद के क्षेत्र के गांव, पंचायत, शहर में जाकर आमजनों को ई-केवाईसी की प्रक्रिया और इसके महत्व की जानकारी देगा और ई-केवाईसी के लिए जागरूक करेगा। जिससे राशनकार्डधारी समय रहते अपना ई-केवाईसी पूरा करा सकें और भविष्य में किसी भी प्रकार की असुविधा होने से बच सकें।

# शांति व सरकार के गाइड लाइन के अनुसार पर्व मनायें : सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश राम

- ईद व रामनवमी पर्व को लेकर सदर थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में शामिल सर्किल इंस्पेक्टर, सदर थाना प्रभारी व अन्य गणमान्य लोग।

**मेदिनीनगर।** ईद, रामनवमी व सरहुल पर्व को लेकर सदर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सदर थाना प्रभारी संतोष कुमार गुप्ता ने की और संचालन बीस सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर ने किया। बैठक में दोनों समुदायों के लोग समेत कई गणमान्य लोग शामिल थे। बैठक में दोनों समुदायों ने प्रशासन की मौजूदगी में भाईचारे व शांतिपूर्ण ढंग से पर्व मनाने का निर्णय लिया। बैठक में लोगों ने अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया। प्रशासन ने हर हाल में समस्या समाधान करने का आश्वासन दिया। बैठक में मुख्य अतिथि सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश राम ने कहा कि कोई भी पर्व खुशियां लेकर आता है। दोनों समुदाय के लोग शांति व सरकार के गाईड लाईन के अनुसार पर्व मनायें। पर्व के दौरान शांति भंग करने वाले असमाजिक तत्वों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान कोई भी अश्लील गाना नहीं बजायेंगे। सदर थाना प्रभारी संतोष गुप्ता ने कहा कि कोई भी व्यक्ति गलत मैसेज पोस्ट या व्हाट्स अप पर शेयर नहीं करेंगे। ऐसा करने पर पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि पर्व आपसी सौहार्द व मिलजुलकर मनायें। पुलिस हमेशा आपके साथ है। पर्व के दौरान पुलिस क्षेत्र में लगातार गश्त करते रहेगी। किसी भी तरह की सूचना पुलिस को दें ताकि तत्काल कार्रवाई की जा सके। बैठक में निवर्तमान थाना प्रभारी उत्तम राय, एसआई रंजीत कुमार, एएसआई आनंद सिंह, एएसआई भरत भूषण सामड़, एसआई मनोज मुंडा, एएसआई अरबिंद गुप्ता, सुआ कौड़िया के जेनरल अध्यक्ष मुकेश गुप्ता आदि मौजूद थे

# सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़नेवालों पर होगी सख्त कार्रवाई : सीओ राकेश श्रीवास्तव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



पाटन थाना में आयोजित शांति समिति की बैठक में शामिल लोग।

**पाटन पलामू।** थाना परिसर में ईद व रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता पाटन सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव ने की और संचालन पाटन थाना प्रभारी लालजी ने किया। बैठक में जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह, एएसआई कृष्ण कुमार प्रजापति, मिथुन रवि, अंबिका प्रसाद सिंह, धर्मेंद्र कुमार सिंह, एसआई मनोज कुमार सिंह, जैनुल सिद्दीकी, रहमतुल्लाह अंसारी, मुस्ताक अंसारी, नारद यादव सहित सैकड़ों की संख्या में दोनों समुदायों के लोग उपस्थित थे । बैठक में पाटन सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव ने ईद एवं रामनवमी कमेटी के लोगों से कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी मांगी। मौके पर सीओ ने कहा कि पर्व के दौरान पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहेगी। उन्होंने कमेटी के लोगों से कहा कि कोई भी व्यक्ति आपत्ति जनक पोस्ट नहीं करे उस पर निगरानी रखेंगे। किसी भी कीमत पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों को बख्शा नहीं जायेगा अगर कोई गलत मैसेज करता है तो उसकी जानकारी प्रशासन को दें। सीओ ने कहा कि प्रयास सभी कमीटी के लोग करेंगे कि अंधेरा होने से पहले कार्यक्रम सम्पन्न हो जाये। उन्होंने हर कमेटी के लोगों को दस दस वोलेंटियर गठन करने का निर्देश दिया जो जुलुस के दौरान निगरानी रखेंगे। बैठक में पाटन थाना प्रभारी लालजी ने कहा कि सभी कमेटी के लोग जुलूस का समय सारिणी थाना में उपलब्ध करा देंगे जिससे विजली विभाग को अवगत कराया जा सके। कोई भी व्यक्ति पर्व के दौरान अशांति नहीं फैलायेंगे।

**खबर एक नजर में**

## मनरेगा वेंडर बकाया रॉयल्टी भरें नहीं तो ब्लैकलिस्टेड कर कराई जाएगी प्राथमिकी : बीडीओ

**कांडी/बरडीहा।** बीडीओ सह सीओ राकेश सहाय ने कांडी एवं बरडीहा प्रखंड के सभी मनरेगा वेंडरों को 31 मार्च तक अपनी बकाया रॉयल्टी जमा करने का निर्देश दिया है। 31 मार्च तक यदि सभी वेंडर आपूर्तिकताओं ने रॉयल्टी की राशि जमा नहीं की तो उन्हें ब्लैकलिस्टेड किया जाएगा। और उनका एक वाउचर भी यदि अप्रैल में क्लियर हुआ। और उसका पेमेंट हुआ तो संबंधित कर्मी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किया जाएगा। कहा कि आश्चर्य की बात है कि वेंडर इतने दिनों तक रॉयल्टी की रकम अपने पास रखते हैं और संबंधित पंचायत सचिव, रोजगार सेवक व बीपीओ इस पर नजर भी नहीं रखते हैं। किस-किस वेंडर के पास किस-किस योजना में कितनी रॉयल्टी की राशि बाकी है इसके बारे में विस्तृत प्रतिवेदन शनिवार को उपलब्ध कराने का निर्देश दिए हैं। सीओ ने बताया कि 28 मार्च को सभी मनरेगा कर्मियों, पंचायत सचिव व आवास योजना से जुड़े कर्मियों की बैठक की जायेगी, जिसमें मनरेगा व आवास योजना की विस्तृत समीक्षा की जायेगी।

# आपसी भाईचारा व सौहार्द का संदेश देता है इफ्तार पार्टी : मिथिलेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर बुधवार की संध्या इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। मौके पर मौजूद रोजेदारों ने नमाज अदा करने के बाद रोजा खोला।

मौके पर पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि इफ्तार पार्टी समाज की आपसी भाईचारा, एकता एवं सौहार्द का संदेष देता है। उन्होंने कहा कि एकता एवं सौहार्द हमारे देश, राज्य व गढ़वा की खूबसूरती है। अपने यहां गंगा जमुनी तहजीब का मिशाल देखने को मिलता है। हम सभी धर्मां के लोग आपस में मिलजुल कर एक दूसरे का पर्व त्यौहार मनाते हैं। यहां ईद, रामनवमी, होली, दशहरा सभी पर्व त्यौहार सभी जाति, धर्म के लोग एक साथ मिलकर मनाते हैं। अभी माह-ए-रमजान चल रहा है। इसलाम धर्म के लोग रोजा रखते हैं तथा शाम में इफ्तार करते हैं। समाज के मुट्ठी भर वैसे लोग जो अपने निजी स्वार्थ के लिए समाज



इफ्तार पार्टी में पूर्व मंत्री, डीसी, एसपी व अन्य

को कमजोर करने, हमें बांटने की कोशिश करते हैं वैसे लोगों के लिए यह इफ्तार पार्टी संदेष देता है कि हम सामुहिक रूप से इफ्तार का आयोजन करते हैं। इसमें हिंदू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई सभी धर्मों के लोग आपसी भाईचारे के साथ मिलजुल कर इफ्तार करते हैं। पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि सभी लोग इस भाईचारे को हमेषा कायम रखें एवं संविधान के साथ छेड़छाड़ नहीं होने दें। इफ्तार पार्टी खाने पीने की व्यवस्था नहीं बल्कि आपसी एकता एवं भाईचारे का संदेश है। मौके पर मुख्य रूप से डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक पांडेय, एसडीपीओ नीरज कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीवी मंडल, नप के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, सीओ सफी आलम, जिप अध्यक्ष शांति देवी, पूर्व सांसद कामेष्वर बैठा, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, तनवीर आलम, मनोज ठाकुर, फरीद खान, परेश तिवारी, चंदन जायसवाल, जवाहर पासवान, युवा समाजसेवी राकेश पाल, डॉ यासिन अंसारी, वनांचल डेंटल कॉलेज के डायरेक्टर दिनेश सिंह, अनिता दत्त, डॉ असजद, नवीन तिवारी, मेदनी खान, रेखा चौबे, अंजली गुप्ता, वंदना जायसवाल, ताहिर अंसारी, तबीब आलम, अतहर अली, सलीम जाफर, शरीफ अंसारी, दिलीप गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## ज्ञान निकेतन में सम्मान समारोह आयोजित



सम्मानित बच्चों के साथ निदेशक

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट(10+2) स्कूल के सभागार में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी बच्चों को अभिभावकों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। बच्चों को शील्ड, प्रशस्ति पत्र, गिफ्ट एवं रीडिंग मैटेरियल प्रदान किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी, प्राचार्य सीबी सिन्हा, उपप्राचार्य बसंत ठाकुर एवं अभिभावकों ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर निदेशक श्री केशरी ने कहा कि कोशिश करने वालों को कभी हार नहीं होती। जीवन में निरंतर बढ़ने के लिए प्रयास और कार्य को प्राथमिकता देना होगा तभी सफलता को पाया जा सकता है। आज का यह सम्मान आपके प्रयास और मेहनत के लिए है। यह सम्मान आज के नए परिवेश में नई शिक्षा प्रणाली का अभिन्न हिस्सा है। हम जितनी ज्यादा परीक्षाओं से गुजरेंगे हमारे ज्ञान और कौशलता उतना ही निखरेगा। आज के परिवेश में जिसने अनुशासन और समय प्रबंधन के साथ समायोजन करना सीख लिया उसकी सफलता पक्की है। कार्यक्रम का संचालन उपप्राचार्य बसन्त ठाकुर और धन्यवाद ज्ञापन संतोष प्रसाद ने किया। मौके पर शिक्षक वीरेन्द्र शाह, खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, कृष्णा कुमार, विकास कुमार, नीरा शर्मा, सरिता दुबे, नीलम कुमारी, सुनीता कुमारी, शिवानी गुप्ता, ज्योति तिवारी, ऋषभ श्रीवास्तव, पूजा प्रकाश आदि उपस्थित थे।

## रंका थाना में शांति समिति की बैठक

**रंका।** थाना परिसर में गुरूवार को ईद एवं रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे एसडीओ रुद्र प्रताप ने दोनों समुदाय के लोगों से कहा कि अपने अपने पर्व को आपसी भाईचारे के साथ? मनाए। कहा कि न्यायालय के निदेर्शानुसार डीजे का उपयोग नहीं करना है। ऐसा करने पर प्रशासन कार्रवाई करने को बाध्य होगी। उन्होंने कहा कि गलत पोस्ट या अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कोई भी व्यक्ति गलत कार्य करता है तो तत्काल थाना को सूचना दे। बैठक में डीएसपी रोहित रंजन सिंह, थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह, बीडियो शुभम बेला टोप्पोनो, सदर शोयब खलिफा हुसैनी अंसारी, संजय सिन्हा, शंकर राम आदि लोग उपस्थित थे।

## अबुआ आवास के अयोग्य लाभुकों की हुई जांच

### 12 लाभुकों में 09 लाभुक पाए गये अयोग्य



डीसी शेखर जमुआर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर के निर्देश के अलोक में नगर उँटारी प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत हलिवंताकला में जिला स्तरीय जाँच दल का गठन कर अबुआ आवास के लाभुकों का सत्यापन कराया गया। सत्यापन के दौरान अबुआ आवास योजना अन्तर्गत स्वीकृत परिवारों के 12 घरों का याद्दच्छिक भौतिक जाँच/ सत्यापन कराया गया। जाँच के क्रम में अबुआ आवास के कुल 09 लाभुक पात्रता के विरुद्ध पाए गये। जांचोपरान्त प्राप्त प्रतिवेदनानुसार पाया गया कि सबिता देवी, (मुखिया) ग्राम पंचायत हलिवंताकला, मनीष कुमार, (तत्कालीन प्रखण्ड समन्वयक) नगर उँटारी, नन्द कुमार मेहता (पंचायत सचिव) ग्राम पंचायत हलिवंताकला के द्वारा सूक्ष्मता से जाँच किये बगैर ही अयोग्य लाभुकों को योग्य बता कर आवास का लाभ दिलाते हुए राशि विमुक्त कराया गया है। साथ ही दोषियों के विरुद्ध आगे आवश्यक कार्रवाई एवं राशि वसूली का भी कार्य किया जायेगा।

## स्वास्थ्य कर्मी और बैंक कर्मी के सूझ बूझ से पाया आग पर काबू

**धुरकी।** प्रखंड मुख्यालय के बगल में बिजली सब स्टेशन के समीप गुरुवार को दोपहर 2 बजे महुआ पेड़ के नीचे से आग की लपटे आकर धीरे-धीरे विकराल रूप पकड़ लिया। आग की लपटे इतनी तेज थी कि लोग नजदीक जाने से डर रहे थे, लेकिन धुरकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी और बैंक कर्मी ने साहस दिखाकर मोटर पंप का पानी और इधर-उधर से पानी लाकर आग बुझाने का प्रयास किया। यदि आग नहीं बुझाया जाता तो आग की लपटे अस्पताल के कैंपस में चली जाती और काफी ज्यादा नुकसान होने का होने की आशंका थी। मालूम हो कि वन विभाग द्वारा कुछ दिन पहले महुआ पेड़ के नीचे महुआ चुनने वालों को सावधानी बरतने हेतु सुधारवर्ती गांव व टोले में आग नहीं लगाने की सलाह दी थी लेकिन महुआ चुनने वाले नजर अंदाज कर अभी भी महुआ पेड़ के नीचे आग लगा देते हैं जिससे आज धीरे-धीरे गांव टोल से निकलकर घरों के पास आ जाती है।

## स्कूली बच्चों ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, समाहरणालय एवं पार्क का किया भ्रमण



बच्चों के बात करते डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद राँची के निर्देश पर राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, दलेली के वर्ग 6 से 8 के बच्चों ने पूर्व व्यवसायिक शिक्षा के तहत शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान विद्यालय के बच्चों को गढ़वा रेलवे स्टेशन, अंतर राज्य बस स्टैंड, समाहरणालय गढ़वा एवं बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क का भ्रमण कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान उपरोक्त सार्वजनिक स्थानों के विषय में जिज्ञासु बच्चों को कई महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराने का कार्य किया गया। उल्लेखनीय है कि शैक्षणिक भ्रमण या क्षेत्र यात्रा, छात्रों के एक समूह द्वारा नियमित कक्षा के बाहर की गई यात्रा होती है।

इसका मकसद छात्रों को वास्तविक दुनिया का अनुभव कराना होता है। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान स्कूली बच्चों ने समाहरणालय के सभाकक्ष में डीसी शेखर जमुआर से मुलाकात की। डीसी श्री जमुआर ने बच्चों से संवाद स्थापित करते हुए उनके अध्ययन के बारे में पूछा।

## विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन




उपस्थित लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**केतार।** पीएम श्री राजकीय मध्य विद्यालय केतार में गुरुवार को शिक्षक राजनाथ राम एवं राजकुमार पाठक के सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय परिवार ने उन्हें फूल-माला, अंग वस्त्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने भावनात्मक विदाई दी। साथ ही विद्यालय के प्रधानाध्यापक और अन्य शिक्षकों ने भी राजनाथ राम एवं राजकुमार पाठक के समर्पण, अनुशासन और शिक्षा के प्रति उनके योगदान को याद किया।सेवानिवृत्त शिक्षकों ने अपने कार्यकाल के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि शिक्षण केवल एक पेशा नहीं, बल्कि एक सेवा है, जिसमें विद्यार्थियों का भविष्य संवारने का सौभाग्य मिलता है। उन्होंने छात्रों को ईमानदारी और मेहनत से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संतोष कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार ने किया।

मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, मुखिया प्रमोद कुमार, डॉ निशंक निश्रम, प्रोजेक्ट फाइल बालिका हाई स्कूल भवनाथपुर प्रधानाध्यापक सत्य प्रकाश कुमार, शिक्षक संतन तिवारी, लल्लू साह, अध्यक्ष संजय ठाकुर, शिक्षक सतीश कुमार चौबे, धर्मनाथ पासवान, अजय कुमार, दीनानाथ मेहता सहित विभिन्न विद्यालयों के कई अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## नौ दिवसीय श्री विष्णु रूद्र महायज्ञ का समापन



प्रसाद लेते लोग

**सगमा।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित रमणीक तेजवा पहाड़ी के पास प्रयाग राज के गदा माधव चक्र माधव मंदिर के मंहत स्वामी अवधेस दास जी महाराज के नेतृत्व में नौ दिनों तक चले श्री विष्णु रुद्र महा यज्ञ का समापन विशाल भंडारे के साथ संपन्न हो गया। उक्त महायज्ञ के दौरान वृंदावन काशी से पधारे विद्वानों के द्वारा राम कथा का रसपान कराया गया साथ ही प्रतिदिन रात्रि में श्री धाम वृंदावन धाम के कलाकारों द्वारा रास लीला का सफल मंचन किया गया। महा यज्ञ के अंतिम दिन यज्ञ परिसर में भंडारे के साथ यज्ञ में पधारे साधु संतो को विदाई किया गया। भंडारे की शुरूआत महायज्ञ के अध्यक्ष सह संसद प्रतिनिधि राजेंद्र प्रसाद यादव के द्वारा महा प्रसाद वितरण से किया गया। मौके पर यज्ञकर्ता स्वामी अवधेस दास जी ने कहा की क्षेत्र के लोगो द्वारा इस यज्ञ में भरपुर सहयोग प्राप्त हुआ जो बधाई के पत्र हैं। मौके पर सत्येंद्र शाह, जनार्दन यादव, सुभाष यादव, चंद्रिका प्रसाद यादव, रामेश्वर प्रसाद यादव, अजय यादव, राजू रंजन रजक, सुनील कुमार, राम नाथ मेहता आदि का नाम शामिल है।

## डीसी को श्री रामकथा समिति ने किया सम्मानित



डीसी को सम्मानित करते श्री रामकथा समिति के सदस्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** श्री रामकथा आयोजन समिति के सदस्यों ने गुरुवार को गढ़वा डीसी शेखर जमुआर से भेंट कर उन्हें आमंत्रण पत्र सौंपा और अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। समिति के सदस्यों ने उन्हें रामकथा महोत्सव में शामिल होने का आग्रह किया। समिति के अध्यक्ष चंदन जायसवाल ने बताया कि आगामी रामकथा महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। इस आयोजन में जिले भर से श्रद्धालु शामिल होंगे और रामकथा का श्रवण कर धर्मलाभ लेंगे। समिति का प्रयास है कि यह आयोजन भव्य और सफल हो। डीसी ने श्री रामकथा आयोजन समिति के इस पुनीत कार्य की सराहना की और आयोजन के सफल संचालन के लिए शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मकता लाते हैं और इससे सद्भावना एवं संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उचित व्यवस्था की जा रही है। आयोजन स्थल पर पेयजल, बैठने की व्यवस्था, प्रकाश एवं ध्वनि सिस्टम की विशेष तैयारी की जा रही है ताकि सभी भक्तजन रामकथा का आनंद ले सकें। मौके पर महासचिव दीनानाथ बघेल, कोषाध्यक्ष विकास ठाकुर, सह-कोषाध्यक्ष भरत केशरी, उपाध्यक्ष गुड्डू हरि, उपाध्यक्ष सुदर्शन मेहता, सचिव राकेश चंद्रा, उपाध्यक्ष अनिकेत गुप्ता एवं सूरज चंद्रवंशी सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# कम तीव्रता के ध्वनि विस्तारक वाले चार सर्वोत्कृष्ट अखाड़ों को प्रशासन करेगा पुरस्कृत

## एसडीएम ने रामनवमी अखाड़ा समितियों के साथ किया संवाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अपने एक घंटे के साप्ताहिक कार्यक्रम कॉफी विद एसडीएम में गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत संचालित रामनवमी अखाड़ा समितियों को अपने यहां कॉफी पर आमंत्रित कर उनसे मैत्रीपूर्ण माहौल में अनौपचारिक संवाद किया।

कार्यक्रम में अनुमंडल क्षेत्र के लगभग दो दर्जन अखाड़ा समितियां के प्रतिनिधियों की सहभागिता रही। इस दौरान एसडीएम ने सभी को बताया कि यह पूरी तरह से अनौपचारिक वार्ता है इसमें सभी लोग अपनी-अपनी बात खुलकर रखें। तदनुरूप 30 से अधिक वक्ताओं ने एक-एक कर अपनी शिकायतें और सुझाव आदि रखे। सभी के




संवाद करते एसडीएम

सुझावों और शिकायतों पर अमल करने का आश्वासन देते हुए संजय कुमार ने कहा कि सभी लोग रामनवमी के पावन पर्व को पूरे सद्भाव और हर्षोल्लास के माहौल में मनाए, प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह चाक चौबंद रहेगी।

मौके पर एसडीएम श्री कुमार ने कहा प्रायः देखा जाता है कि अखाड़ों के बीच में डीजे साउंड और लाउडस्पीकर को लेकर आपसी कंपटीशन होता है, जिसके कारण न केवल भयंकर ध्वनि प्रदूषण होता है बल्कि विधि व्यवस्था की समस्या भी उत्पन्न होती है। उन्होंने सभी अखाड़ों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वे इस प्रकार की अस्वास्थ्यकारी प्रतियोगिताओं को बढ़ावा ना दें। बल्कि प्रतियोगिता इस बात की होना चाहिए कि किसने सबसे कम ध्वनि तीव्रता वाला कर्णप्रिय मधुर संगीत बजाया। उन्होंने कहा कि चार सबसे कम ध्वनि तीव्रता वाले अखाड़ों को प्रशासन पुरस्कृत करेगा। एसडीओ ने सभी अखाड़ों के युवा सदस्यों से अनुरोध किया कि वे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से गढ़वा की रामनवमी के दृश्यों को अधिक से अधिक प्रचारित करें। इस दौरान मुरली श्याम सोनी ने कहा कि रामनवमी पर्व के दौरान मुर्गा, मांस-मछली की दुकानें मुख्य मार्गों पर बंद रखी जाएं, संभव हो तो उन्हें दूसरी जगह शिफ्ट करवा दिया जाए। इसी तरह रोहित चंद्रवंशी ने भी मांस मछली की दुकानों पर त्योहार अवधि में रोक लगाने का अनुरोध किया। विवेक सिंह ने कहा कि मंगला जुलूस के समय दोपहर से लेकर शाम तक भारी वाहनों का प्रवेश रोका जाए। उन्होंने रंका मोड पर सार्वजनिक शौचालय व पेयजल की व्यवस्था की भी मांग की। टिंकू गुप्ता ने पर्व के दौरान 10 दिन तक लगातार सड़कों पर पानी के छिड़काव की मांग की। इसके अलावा अभिषेक कश्यप, शोभित राज, श्याम किशोर तिवारी, मनोज मेहता, सोनू चंद्रवंशी, दीपक, अभिषेक पासवान आदि ने भी अपने-अपने विचार रखे। मौके पर श्री रामनवमी पूजा महा समिति, मां भवानी अखाड़ा, जय भारत अखाड़ा टंडवा, झुग्गी झोपड़ी अखाड़ा रंका मोड़, श्री राम दल चिरौंजिया, श्री राम मंदिर टंडवा, व्यवसायी संघ अखाड़ा, श्री राम मंडली, जय मां शायर देवी अखाड़ा मेराल, कसेरा समिति, महाराणा प्रताप अखाड़ा, गौ सेवा मित्र मंडली, रामनवमी समिति खरसोता मझिआंव सहित कई रामनवमी अखाड़े के सदस्यों मौजूद थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/26/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत भुसूर में Integrated Sports Cum Knowledge Center में Construction of Multipurpose Auditorium का कार्य। | 49989500 | 999800 | 10000 | 12 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 12.04.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 12.04.2025 से दिनांक 28.04.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –30.04.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 349397 Rural Development(24-25)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा**

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 02/2025-26**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय :– 07.04.2025 को अप० 12:00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 08.04.2025 के अप० 2:30 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 08.04.2025 के अप० 3:00 बजे से।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–(i) अधीक्षण अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं–2ए राँची का कार्यालय। (ii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल सिमडेगा।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।
7. कार्य विवरणी :–

| Sl. No. | Name of work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Cost | Time Of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Academic Building Women Audyogik Prashikshan Sansthan Beritoli at Simdega. | 32,04,900.00 | 65,000.00 | 5,000.00 | 06 (Six) Months |
| 2 | Construction of Boundary Wall/Gate in Woman I.T.I College, Simdega. | 37,99,400.00 | 76,000.00 | 5,000.00 | 06 (Six) Months |
| 3 | Renovation of Academic Building in ITI College Simdega. | 31,44,100.00 | 63,000.00 | 5,000.00 | 06 (Six) Months |

निविदा की शर्तें– WWW.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, सिमडेगा।

PR.NO.349340 Simdega(24-25):D



**जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची**

**आवश्यक सूचना**

राँची जिलान्तर्गत प्रतिनियुक्त अन्यत्र जिला इकाई यथा–गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा, चतरा, गढ़वा, पलामू, खूँटी आदि जिला के सभी गृह रक्षकों को सूचित किया जाता है कि आपकी प्रतिनियुक्ति अद्योहस्ताक्षरी जिला अन्तर्गत विभिन्न/संस्थानों/प्रतिष्ठानों/सचिवालय एवं विभागों इत्यादि में की गयी है। बहुत से गृह रक्षक लम्बी अवधि तक राँची जिला अन्तर्गत प्रतिनियुक्त है, चूँकि प्रत्येक 4 वर्षो में गृह रक्षक नियमावली में निहित प्रावधानों के आलोक में आपका पुनः नामांकित किया जाता हैं पुनः नामांकित गृह रक्षक ही प्रभावी बल के अन्तर्गत आते है। आप सभी गृह रक्षक यह सुनिश्चित कर ले कि प्रभावी बल के सदस्य होने की दशा में ही कर्तव्य का निर्वहन/संबंधित पोस्ट पर ड्यिूटी करेगें। अन्यथा ऐसा मामला संज्ञान में आता है कि आप संबंधित जिला के प्रभावी बल की सूची में आप का नाम अंकित नहीं हैं और आपके द्वारा कर्तव्य का निर्वहन करते हुए भुगतान प्राप्त किया जा रहा है तो यह माना जाएगा कि आपके द्वारा विभाग को जान–बूझकर गुमराह करने की कोशिश की गयी है और आपको भली–भांति पता था कि पुनः नामांकित नहीं होने की स्थिति में आपको ड्यिूटी नहीं करना था किन्तु आपके द्वारा अनाधिकृत रूप से कर्तव्य भत्ते का भुगतान प्राप्त किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि बहुत सारे विभाग/प्रतिष्ठान/संस्थान/सचिवालय में प्रतिनियुक्त गृहरक्षकों की उपस्थिति विवरणी अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय को प्रेशित नहीं की जाती है। फलतः इसकी संभावना प्रबल हो जाती है पुनः नामांकित से वंचित गृहरक्षक उक्त संस्थानों में कार्य कर रहे है।

उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में स्पष्ट निर्देश दिया जाता है यदि ऐसा मामला संज्ञान में आता है तो संबंधित गृहरक्षकों के विरूद्ध अनुशासनिक कारवाई के निमित अनुशंसा की जाएगी और इसके लिए संबंधित गृहरक्षक व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। साथ ही संबंधित संस्थानों/प्रतिष्ठानों/सचिवालय/विभागों के सक्षम प्राधिकार से विन्रम अनुरोध हैं कि आप के प्रतिष्ठान अन्तर्गत लंबी अवधि से प्रतिनियुक्त जवान प्रभावी बल के सदस्य है अथवा नहीं यह सुनिश्चित करने के उपरांत ही उसके कर्तव्य का भुगतान किया जाए दुरभाष सं0– 06512245748, 8789438422, 7250240604 पर सम्पर्क करके स्पष्ट किया जा सकता है कि संबंधित गृह रक्षक प्रभावी बल के सदस्य है अथवा नहीं।

इसे अतिआवश्यक समझा जाए।

आदेशानुसार।
ह0/–
जिला समादेष्टा
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी
राँची

PR 349349 Police (24-25)_D

# न्याय को संबल

सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाकर न्याय की संवेदनशीलता को संबल दिया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को लेकर महिला संगठनों व बौद्धिक वर्गों में तल्ख प्रतिक्रिया देखी जा रही थी। यहां तक कि महिला संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट का भी रुख किया था। शीर्ष अदालत के जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने माना कि फैसला न केवल असंवेदनशील है बल्कि अमानवीय नजरिया भी दशार्ता है। जिसके चलते इस फैसले पर रोक लगाना आवश्यक हो जाता है। बेंच ने माना कि फैसला लिखने में संवेदनशीलता की कमी दृष्टिगोचर होती है। कोर्ट का मानना था कि जब फैसला चार माह तक सुरक्षित रखने के बाद सुनाया गया तो यह नहीं कहा जा सकता कि इस पर गंभीर मंथन नहीं हुआ। वहीं शीर्ष अदालत ने इस मसले पर केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार को भी नोटिस जारी किया है। उल्लेखनीय है कि सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले की निंदा की। दरअसल, विवाद इस बात को लेकर हुआ कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि पीड़िता किशोरी के स्तनों को छूना व पायजामे की डोरी तोड़ना बलात्कार या बलात्कार की कोशिश नहीं माना जा सकता। इस बाबत जस्टिस राममनोहर नारायण मिश्रा ने यह विवादित फैसला दिया था। इस एकल पीठ का कहना था कि मामले में तथ्यों व आरोपों के आधार पर तय करना संभव नहीं है कि बलात्कार का प्रयास हुआ था। जिसके लिये अभियोजन पक्ष को सिद्ध करना था कि अभियुक्तों का यह कदम अपराध करने की तैयारी के लिये था। दरअसल, इसी के मद्देनजर देश में फैसले के खिलाफ तल्ख प्रतिक्रिया देखी गई। इस न्याय और अन्याय के बीच की दूरी ही समाप्त हो गयी। भविष्य में ऐसे मामलों पर त्वरित आदेश दिया जाना जरूरी है।




## आज का राशिफल

मेष : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-1-5-7

वृष : परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं। शुभांक-2-5-6

मिथुन : विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यो में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-5-7-9

कर्क : पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-1-3-6

सिंह : दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-5-7-9

कन्या : रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7

तुला : संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंग। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। शुभांक-4-6-7

वृश्चिक : कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यो में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8

धनु : मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शुभांक-3-5-7

मकर : शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

कुंभ : विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-5-7-9

मीन : क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगो को आश्चर्य में डाल देगें। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-8


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।



# रसूल के सम्मान की दुहाई देनेवाले ओवैसी और उनकी निर्लजता !

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी द्वारा नागपुर हिंसा के आरोपी फहीम खान के घर पर बुलडोजर चलाने महाराष्ट्र की शिंदे सरकार पर तीखा हमला बोला है। मुसलमानों के हिमायती ओवैसी का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करते हुए नागपुर नगर निगम (एनएमसी) ने आरोप मात्र के आधार पर बुलडोजर चला दिया, जो असंवैधानिक है। अगर कार्रवाई करनी थी तो अदालत में सबूत पेश कर सजा दिलवाते, उनके घरवालों का क्या दोष? इनका कहना है कि हमारे रसूलल्लाह के खिलाफ अनाप-शनाप बकने की जुर्रत करने वाले एक बाबा के घर पर बुलडोजर नहीं चलता, क्योंकि वो ह्लसंस्कारीह्व है, हालाँकि उसने जो कहा वो जुर्म था।

क्या वास्तव में बात इतनी सीधी है, जो यहां असदुद्दीन ओवैसी समझा रहे हैं! आपके रसूलल्लाह की शान, शान है, उसकी वंदगी में कोई गुस्ताखी नहीं होनी चाहिए गुस्ताखी माफ नहीं होगी, लेकिन इस्लाम के नाम पर आपके लोग जो करें सब जायज है फहीम खान का वे कोई दोष नहीं मानते यानी पुलिस झूठ बोल रही है कैमरे झूठ बोल रहे हैं जिन लोगों ने पुलिस के सामने गवाही दी है, वे सभी झूठ बोल रहे हैं यह सच किसी से छिपा नहीं रह गया है कि फहीम खान नागपुर में दंगे के लिए भीड़ इकट्ठा करने और भड़काऊ भाषण देकर पथराव-हिंसा करवाने का आरोपित है, इनके हिसाब से ये सच नहीं है। वह तो नेकनीयत वाला व्यक्ति है, उसे बेकार में पुलिस फंसा रही है औवेसी के हिसाब से यहां कोई सच बोल रहा है तो वे स्वयं ही हैं!

फहीम खान जैसे लोग इस्लाम के नाम पर लोगों को इकट्ठा करें, उन्हें भड़काएं, जिहादी नारे लगाए और सुनियोजित तरीके से हमला करें और करवाएं फिर भी सरकार, पुलिस इसलिए कोई कार्रवाई न करें, क्यों कि वह अल्पसंख्यक उसमें भी खासकर मुसलमान है नागपुर में सोमवार 17 मार्च 2025 को क्या हो रहा था मुस्लिम भीड़ ने खोज-खोजकर हिंदू घरों और गाड़ियों को निशाना बनाया, इसके अधिक इस मुस्लिम भीड़ ने तुलसी के पौधे को तोड़ने के साथ चुन-चुन कर गाड़ियों में रखी भगवान की मूर्तियों, स्वास्तिक और मूर्तियाँ देखकर उन्हें जलाया, जबकि मुस्लिम घरों और गाड़ियों को छुआ तक नहीं। नकाबपोश हमलावर पेट्रोल बम, पत्थर और हथियारों से लैस थे। ये हिन्दू घरों और बच्चों तक पर पत्थर फेंक रहे थे। यानी असदुद्दीन ओवैसी को संविधान की जब याद नहीं आती जब उनके तथाकथित भाईजान-चाचाजान ये सभी हिन्दुओं पर हिंसा कर रहे थे, उनके देवताओं को आग के हवाले कर रहे थे।





- डॉ मयंक

> क्या वास्तव में बात इतनी सीधी है, जो यहां असदुद्दीन ओवैसी समझा रहे हैं! आपके रसूलल्लाह की शान, शान है, उसकी वंदगी में कोई गुस्ताखी नहीं होनी चाहिए गुस्ताखी माफ नहीं होगी, लेकिन इस्लाम के नाम पर आपके लोग जो करें सब जायज है फहीम खान का वे कोई दोष नहीं मानते यानी पुलिस झूठ बोल रही है कैमरे झूठ बोल रहे हैं जिन लोगों ने पुलिस के सामने गवाही दी है, वे सभी झूठ बोल रहे हैं

किसी को यह नहीं भूलना चाहिए कि जिनके साथ घटनाएं घटीं, उनके कई वीडियो आज सोशल मीडिया में मौजूद हैं, क्या इन नफरती भाईजान को इन सभी का दर्द दिखाई नहीं देता, इन वक्त के मारे, हम दर्दों के लिए औवेसी को संविधान की याद नहीं आती आज हमारे सामने अनेकों चश्मदीद गवाह है, जो इस हिंसा का शिकार हुए हैं, क्या वे सब भी झूठे हैं औरंगजेब विवाद में नागपुर में हुई हिंसा के दौरान मुस्लिम दंगाइयों ने हिंदू युवक वरुण की दुकान को आग के हवाले कर दिया था । पीड़ित दुकानदार ने कहा, भाईचारे से रह रहे थे तो दुकान तोड़ने की क्या जरूरत थी इतने लोगों ने गाड़ी क्यों जला दी यहाँ पर एक भी दुकान का कांच नहीं टूटा है। हम हिंदू हैं इसलिए हमें निशाना बनाते हुए हमारी दुकानों पर हमला हुआ। आज दुकान तोड़ी है, कल घर में घुस जाएंगे। क्या यहां वरुण झूठ बोल रहा है

नागपुर हिंसा में घायल डीसीपी निकेतन कदम ने बताया, ₹एक बड़ी भीड़ इकट्ठा हो गई थी, उनके पास हथियार, पेट्रोल और डंडे थे। इसके बाद पत्थरबाजी हुई और वाहनों में तोड़फोड़ की गई। मुस्लिम भीड़ से एक व्यक्ति आगे आया और मुझ पर हमला किया, जिससे मेरे हाथ में गहरी चोट लग गई। एक पीड़ित महिला ने बताया, दंगाइयों के हाथ में तलवारें थीं। मुस्लिम भीड़ ने घरों के दरवाजों पर तलवार से हमला भी किया। उनके घर में एक महिला का हाल ही में ऑपरेशन हुआ था, फिर भी दंगाइयों ने उस घर पर ईंट-पत्थर फेंककर कांच तोड़ दिए। नीचे खड़ी 8 से 10 कारों में आग लगा दी गई।

हसनपुर इलाके में दुकान चला रहे हिंदू दुकानदार ने हिंसा की आपबीती सुनाते हुए बताया, ₹मेरी किराना स्टोर की दुकान है। मैं दुकान बंद करके खाना खाने के लिए बैठा ही था कि तभी पथराव शुरू हो गया। भीड़ ने मेरी दुकान के सामने खड़ी गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया। जब मैंने आग बुझाने की कोशिश की, तो उन्होंने मुझ पर पत्थर फेंककर मुझे घायल कर दिया।₹ नागपुर के दंगे में सुनील पेशने नाम के हिंदू युवक के कार को मुस्लिम भीड़ ने आग के हवाले कर दिया। घटना की व्यथा बताते हुए सुनील ने कहा, ₹घटना करीब रात 8:30 बजे हुई। 500 से 1000 लोगों की भीड़ ने पत्थरबाजी की। उन्होंने हमारी कार को भी जला दिया... करीब 25-30 वाहनों में तोड़फोड़ की गई।

मुस्लिम भीड़ ने फायरकर्मी कपिल बर्वे को घायल कर अधमरा कर दिया। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने बताया, ₹मुस्लिम भीड़ ने उन पर पत्थरबाजी की और उन पर चाकू व तलवारों से हमला किया, ताकि हम आगजनी को कंट्रोल न कर पाएं।₹ नागपुर हिंसा में मुस्लिम भीड़ ने बंडु क्लिनिक चला रहे एक हिंदू डॉक्टर ए. आर. श्रीवास के घर में घुसकर दवा और क्लिनिक में तोड़कर सामान फेंक दी। घर में घुसकर भगवान के कमरे में पत्थरबाजी की और लाइट कनेक्शन काट दिए। वहीं, औरंगजेब को लेकर हुई हिंसा में पीड़ित एक हिंदू युवक ने कहा, ₹मुस्लिम भीड़ पहले जुटी और सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिये और फिर मेरे घर के सामने रखी रामनवमी की झांकियों को आग लगा दिया। भीड़ ने मेरे बाईक पर पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर दिया। यहां इस तरह के अनेकों लोग हैं, जिनके सामने ये पूरी घटना घटी। वास्तव में विश्व हिन्दू परिषद् के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल सही कहते हैं कि आज मुसलमानों के तथाकथित हिमायती ओवैसी जैसों से पूछा जाना चाहिए कि जो वे पैगम्बर, रसूलल्लाह का हवाला दे रहे हैं और संविधान की बात कर रहे हैं, उनका यह संविधान तब कहां चला जाता है, जब ये मुसलमानों द्वारा की जा रही हिंसा पर चुप्पी साध कर बैठ जाते हैं ये मुसलमान जब हिन्दू देवी-देवताओं के चित्र नष्ट कर रहे थे, उन्हें आग के हवाले कर रहे थे, तब तो फिर पूरे हिन्दू समाज को गुस्सा आ जाना चाहिए दूसरा आपको किसी संत-महात्मा द्वारा इस्लाम को लेकर कही गई बात तो ध्यान हैं, लेकिन जो आपके लोग सिर्फ कह नहीं रहे, वह तो करके दिखाते हैं। उनके लिए आप चुप हो जाते हैं। वास्तव में ओवैसी जी ये दोहरा चरित्र यहां चलनेवाला नहीं है। देश की जनता आपके कृत्यों को देख रही है ओवैसी साहब, कुछ तो अपने रसूल से डरो, सच कहने का साहस दिखाओ।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### ग्लोबल वार्मिंग का असर

यह तथ्य सर्वविदित है कि ग्लोबल वार्मिंग का असर विश्वव्यापी है, लेकिन भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश के लिए यह प्रभाव कालांतर में खाद्य संकट पैदा करने वाला साबित हो सकता है। तापमान बढ़ने से जो जल स्तर बढ़ रहा है, उसके चलते देश के कई द्वीपों व समुद्रतटीय इलाकों में जीवन पर संकट मंडराने लगा है। यह संकट पहाड़ी राज्यों में असर डाल रहा है। जहां बर्फबारी कम होने से फल व खाद्यान्न उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। यहां तक कि उत्तराखंड में शीतकालीन खेलों की पहचान रखने वाले औली में कम बर्फ पड़ने के कारण इस बार भी शीतकालीन खेलों को स्थगित करना पड़ा है। वातावरण में बढ़ते तापमान के कारण यहां बर्फ समय से पहले ही पिघल गई। बीते साल देश के विभिन्न राज्यों में लू चलने की संख्या पिछले डेढ़ दशक में सबसे ज्यादा थी।

**- जीवीएस शास्त्री, रांची**

## ट्वीट

**तमिलनाडु** के माननीय मुख्यमंत्री एमके स्टालिन जी द्वारा आज परिसीमन से संबंधित मुद्दे को लेकर बुलायी गयी बैठक का मैं स्वागत करता हूँ।

परिसीमन सिर्फ जनसंख्या के आधार पर सीमित करना निष्पक्ष और न्यायसंगत नहीं हो सकता है।

- हेमंत सोरेन, सीएम उत्तर

यूपी सरकार की 'सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति' के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदर्शनी का अवलोकन कर जनपद के विकास हेतु विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया । माँ विंध्यवासिनी के आशीर्वाद और डबल इंजन की भाजपा सरकार के प्रयासों से जनपद के विकास की स्पीड कई गुना बढ़ चुकी है।

**-योगी आदित्यनाथ**

# हमारा सबसे बड़ा शत्रु- हमारा अहंकार



**अजयदीप बाधवा**

## मोटिवेशन

हमारा सबसे बड़ा शत्रु- हमारा अहंकार

आपने कभी सोचा है कि हम सबका सबसे शत्रु कौन है? मेरे प्रश्न के उत्तर में आप कई लोगों को अपना शत्रु मान सकते हैं; पर वास्तव में अगर हम सबका शत्रु कोई है तो वह है हमारे अहंकार। हम स्वयं को कितना भी विनम्र या धरती से जुड़ा व्यक्ति मानें, हमारे साथ कोई ना कोई अहंकार सदैव जुड़ा ही रहता है जो हमें तथाकथित श्रेष्ठता का एहसास कराता रहता है । स्वयं को अन्य की तुलना में श्रेष्ठ समझना ही अहंकार है और हम जीवन पर्यंत इस श्रेष्ठता के भाव से ग्रसित रहते है । कभी हम स्वयं को अपनी जाति के आधार पर श्रेष्ठ समझ लेते हैं तो कभी अपने धर्म के आधार पर; कभी हमारा तथाकथित ज्ञान हमें श्रेष्ठता का अहसास कराता है तो कभी हमारा धन! जब जब हम स्वयं को किसी भी कारण से श्रेष्ठ समझने लगते हैं तब हम में अहंकार आना आरम्भ हो जाता है । धीरे धीरे यह अहंकार हमें स्वयं से व अपनों से अलग कर देता है और हमारा वहीं से पतन प्रारंभ होता है । हिटलर एक कुशल प्रशासक था पर उसका अहंकार उसे ले डूबा । वह एक जर्मन होने के नाते स्वयं को श्रेष्ठ समझता था । इस श्रेष्ठता के भाव ने उस से यहूदियों का सामूहिक नर संहार करवाया और उसके पतन का कारण बना। इसके विपरीत दशरथ पुत्र राजा रामचन्द्र को विनम्रता ने भगवान राम बनाया । कहा भी जाता है कि जब वे पिता के आदेश पर वनवास जाने को तत्पर हुए उस समय वे राजा राम थे, पर जब वे वनवास काट कर वापस आए तो भगवान राम थे । उनकी विनम्रता, शालीनता, साहस, धैर्य, समर्पण, त्याग, तपस्या, प्रेम, विश्वास आदि ने उनको भगवान बनाया । राम से मिलने के पहले हनुमान भी एक वानर मात्र थे । पर राम के प्रति अविचलित विश्वास, समर्पण और भक्ति ने उनको भी भगवान का स्थान दिया । इतना ताकतवर व ज्ञानी होने के बावजूद उनमें लेश मात्र भी श्रेष्ठ होने का भाव नहीं था । वे सदैव राम की भक्ति और सेवा में लीन रहते थे । और राम के स्नेह और आशीर्वाद ने उन्हें एक भक्त से भगवान बना दिया । आज भी आप हनुमान जी मंदिर में जाकर उनकी जय बोलेंगे तो वे प्रभावित नहीं होंगे; पर आप उनके मंदिर में जा कर भगवान राम की जय बोलेंगे तो वे आपके मदद के लिए तत्पर हो जाएँगे । आज हनुमान चालीसा एक काव्य मात्र ना हो कर हर बाधा को हरने का महामंत्र है। श्रेष्ठ नहीं, बल्कि सेवा के भाव के कारण आज हनुमान जी स्वत्र पूजे जाते हैं । यह हम सबके लिए सीख है । हमें ज्ञान प्राप्त करना चाहिए, कानून सम्मत तरीके से धन अर्जित करना चाहिए, पर कभी भी इस पर लेश मात्र भी अहंकार नहीं करना चाहिए । कहावत भी है कि जब हम स्वयं को श्रेष्ठ समझते हैं तो इसका मतलब है कि हमने अभी तक किसी श्रेष्ठ को देखा ही नहीं है । हमारे श्रेष्ठ होने का भाव तभी तक हमारे साथ है जब तक हम दूसरे श्रेष्ठ से मिलते नहीं हैं! अगर हमें एक अच्छा इंसान बनना है तो हमें अपने तथाकथित किसी भी प्रकार के श्रेष्ठता के भाव को व उसके साथ स्वयं पर आने वाले अहंकार को त्यागना ही होगा ।




**लागत एवम कर विशेषज्ञ, संपर्क 94311 07515**

# क्या समय हर घाव भर देता है?

***एक मनोवैज्ञानिक का दृष्टिकोण**

**अदिति विवेक भसीन**

## मोटिवेशन




समय हर घाव भर देता है—यह वाक्य हम अक्सर सुनते हैं। जब कोई व्यक्ति किसी गहरे भावनात्मक दर्द से गुजरता है, तो उसे दिलासा देने के लिए कहा जाता है, ₹बस समय दो, सब ठीक हो जाएगा।₹ लेकिन क्या सच में केवल समय देना ही काफी होता है? अगर ऐसा होता, तो कोई भी व्यक्ति अपने दुख में सालों तक न फँसा रहता। असलियत यह है कि समय तभी घाव भरता है जब हम सही तरीके से अपने दर्द को समझें, स्वीकार करें और उससे निपटने के प्रयास करें।

अगर किसी के शरीर पर चोट लग जाए और वह उसका इलाज न करे, तो क्या वह चोट खुद ठीक हो जाएगी? शायद नहीं, बल्कि वह और बिगड़ सकती है। ठीक वैसे ही, मानसिक और भावनात्मक घाव भी होते हैं। केवल समय बीतने से वे अपने आप नहीं मिटते, बल्कि हमें उनके लिए सही देखभाल करनी पड़ती है। जब तक हम अपने दर्द, गम, या आघात को समझने की कोशिश नहीं करेंगे, तब तक समय के साथ भी वे पूरी तरह ठीक नहीं हो सकते।

कई बार लोग अपने दुख को नजरअंदाज करने की कोशिश करते हैं, यह सोचकर कि समय के साथ सब ठीक हो जाएगा। लेकिन जब हम अपनी भावनाओं को दबाते हैं, तो वे भीतर ही भीतर बढ़ती जाती हैं और कई बार तनाव, चिंता, या अवसाद का रूप ले सकती हैं। कुछ लोग खुद को ही दोष देने लगते हैं, जिससे उनकी तकलीफ और गहरी हो जाती है। वहीं, कुछ लोग मदद लेने में झिझकते हैं और खुद को अकेला कर लेते हैं, जिससे वे अपने दर्द से बाहर नहीं निकल पाते।

अगर हम सच में अपने घाव भरना चाहते हैं, तो हमें अपनी भावनाओं को स्वीकार करना होगा। यह मानना जरूरी है कि जो कुछ हुआ, उसने हमें प्रभावित किया है। इसे अनदेखा करने की बजाय, हमें इसे समझने और इससे सीखने की कोशिश करनी चाहिए। अपने दर्द को खुद तक सीमित रखने के बजाय किसी भरोसेमंद व्यक्ति से साझा करना भी जरूरी है। कई बार बात करने से ही मन हल्का हो जाता है और चीजें पहले से बेहतर लगने लगती हैं।


इसके अलावा, हमें अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का भी ख्याल रखना चाहिए। ध्यान, व्यायाम, सही खान-पान और पर्याप्त नींद मानसिक शांति लाने में मदद कर सकते हैं। अगर दर्द लंबे समय तक बना रहता है और हमें लगने लगे कि हम उससे अकेले नहीं निपट पा रहे हैं, तो किसी मनोवैज्ञानिक से परामर्श लेना भी एक समझदारी भरा कदम हो सकता है।

समय अपने आप कुछ नहीं करता, बल्कि हम जो करते हैं, वह मायने रखता है। सही प्रयास, सही सोच और सही सहायता के साथ समय जरूर घाव भरने में मदद करता है। इसलिए, यदि आप या आपका कोई अपना किसी तकलीफ से गुजर रहा है, तो उसे बस ह्यसमय पर छोड़नेह्न के बजाय सहारा दें, समझें और मदद के लिए आगे बढ़ें। यही असली उपचार है।




**रांची गौशाला स्थित यह सूचना बोर्ड हमारी गौ माता की सुरक्षा की गुहार लगा रहा है। प्लास्टिक खाकर देश में लाखों गौ मौत का शिकार हो जाती हैं। अब भी प्लास्टिक का उपयोग बंद हो। तस्वीरः जीवीएस शास्त्री**

## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### मांडू में मुखिया संघ की बैठक



**कुजू।** मुखिया संघ जिला कमेटी को लेकर अक्षत बैंक्वेट हॉल में मुखिया संघ मांडू की बैठक हुयी। इसकी अध्यक्षता संघ के उपाध्यक्ष पूजा सिंह व संचालन संघ के उपाध्यक्ष बुलबुल देवी ने की। बैठक में जिले के सभी पंचायतों की समस्याओं पर विचार किया गया। साथ उसके निदान को लेकर मुखिया संघ जिला कमेटी की गठन करने पर निर्णय लिया गया। जिसमें सर्वसम्मति से मुखिया संघ जिला अध्यक्ष चुनाव में कुजू पश्चिमी मुखिया जय कुमार ओझा का नाम का प्रस्ताव लाया गया। सभी मुखिया और प्रतिनिधियों ने सहमति जताया। जिसके लिए सभी ने निर्णय लिया कि प्रखंड अध्यक्ष के नेतृत्व में एक टीम बनाकर जिले के सभी प्रखंड के मुखिया गण से संपर्क कर समर्थन के लिए आग्रह करेंगे। मुखिया जयकुमार ओझा ने कहा कि आप लोगों ने अगर मुझ पर भरोसा किया है तो मैं आपके भरोसे को टूटने नहीं दूंगा और जिले के सभी मुखिया की समस्या को अपनी समस्या समझते हुए उसके निदान के लिए रात दिन एक कर दूंगा।

### झारखंड में लागू हो योगी मॉडल



**कुजू।** हेमंत सोरेन का सरकार बनते ही राज्य में अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। आए दिन खुलेआम हत्या की घटनाएं घट रही हैं। उक्त बातें भाजपा ओबीसी मोर्चा के रांची महानगर प्रभारी जगेश्वर प्रजापति ने कही। श्री प्रजापति ने कहा कि दिन दहाड़े भाजपा नेता अनिल टाइगर की गोली मारकर हत्या किया गया, हेमंत राज्य में जनता कितना सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भी योगी मॉडल लागू होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपराधियों के घर पर भी बुलडोजर कार्रवाई होना चाहिए, इससे कुछ हद तक अपराध खत्म होगा।

### जुलूस में अश्लील गाना नहीं बजायें



**कुजू।** रामनवमी, सरहुल व ईद ो लेकर गुरुवार को कुजू ओपी में मांडू सीओ विमल कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुयी। बैठक में पुलिस अधिकारियों ने लोगों से जुलूस के दौरान ऐसा कोई गाना न बजाए जिससे किसी समाज को ठेस पहुंचे, इस पर भी ध्यान देने के साथ उपद्रवी व्यक्ति जिससे माहौल बिगड़ने की संभावना इसकी सूचना देने, शरारती किस्म के लोगो को चिन्हित कर पुलिस को सूचना देने, मंगला व रामनवमी जुलूस, सरहुल जुलूस निर्धारित तय रूट पर निकालने तथा ईद को लेकर निर्धारित समय पर नमाज अता करने आदि बातों पर चर्चा की। बैठक में इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, ओपी प्रभारी मो नौशाद, आशीष गौतम, रौशन कुमार, राजेश कुमार के अलावे अमर सिंह, प्रेम प्रसाद, जगेश्वर प्रजापति, धर्मराज राम, अरविंद कुमार, रतन प्रसाद साहू, समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे

### रामनवमी को ले कमेटी गठित



भुरकुंडा (रामगढ़)। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे धूमधाम और भक्तिभाव के साथ रामनवमी पूजा मनाने को लेकर चैनगडा स्थित दुर्गा मंडप प्रांगण में बुधवार को स्थानीय ग्रामीणों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता राजेश्वर बेदिया और संचालन नुतन महतो ने किया। रामनवमी को लेकर कमेटी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष निरंजन महतो, उपाध्यक्ष राजेश्वर बेदिया, सचिव जगमोहन बेदिया, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र महतो, संरक्षक प्रदीप शर्मा, शिवनारायण बेदिया, राजेन्द्र बेदिया, किशोर उरांव, उमेश महतो, जालेन्द्र बेदिया, महेश तुरी, तुलेश्वर उरांव एवं निखिल केसरी मीडिया प्रभारी चुने गये। बैठक में सभी को सौंपे गये दायित्वों को ठीक तरह से निर्वहन करने की बात कही गई। बैठक में सेवक महतो, उमेश महतो, भागीरथ महतो, कमलेश तुरी, बंधन महतो, गगन सोनी, राजदीप महतो, निरंजन महतो सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### शिक्षा ही विकास की कुंजी : गोप



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** शिक्षा ही मानव जीवन के विकास का मूल आधार है। इसे ध्यान में रखते हुए सत्र 2025-26 का शुभारंभ 1 अप्रैल 2025 से किया जा रहा है। सम्पूर्ण शिक्षा जागरण मंच के सचिव रामेश्वर गोप ने अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। गोप ने कहा कि शिक्षा ही समाज और देश के विकास की कुंजी है। गांव और कस्बों में यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि हर बच्चा स्कूल जाए और अपनी पढ़ाई पूरी करे। उन्होंने अभिभावकों से विशेष रूप से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को शिक्षा का अवसर दें, ताकि वे आत्मनिर्भर और सफल नागरिक बन सकें।

### वैष्णों मंदिर में नवरात्र 30 मार्च से

**रामगढ़।** पंजाबी हिन्दू बिरादरी के तत्वावधान में शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर परिसर में बासंती नवरात्रा के अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार को कलश स्थापना के बाद नवरात्र पूजन से होगा। माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के सचिव महेश मारवाह ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि नवरात्र पूजन 30 मार्च से प्रतिदिन प्रातः नौ बजे से प्रारंभ होगा। पूजन में यजमान सुमित मारवाह एवं पत्नी जया मारवाह होंगे। श्री मारवाह ने बताया कि 4 अप्रैल को मंदिर परिसर में नव दुर्गा जागरण मंडली रामगढ़ द्वारा माता की चौकी, 5 अप्रैल को हवन, कंजक पूजन एवं 6 अप्रैल को सुबह 8 बजे से प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### रामगढ़ व हजारीबाग में हो विकास



भुरकुंडा (रामगढ़)। ऑल इंडिया नौजवान फेडरेशन के झारखंड प्रदेश सचिव डॉ. आशीष कुमार ने रामगढ़ और हजारीबाग जिला में विकास कार्य कराने को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित किया है। डॉ. आशीष कुमार ने पतरातू प्रखंड को अनुमंडल बनाने, पतरातू को बड़कागांव से अलग करके विधानसभा बनाने, भुरकुंडा को प्रखंड बनाने, 2004 से बंद आईएजी ग्लास फैक्ट्री को चालू कराने सहित रामगढ़ एवं हजारीबाग जिला में विकास कार्य कराने की मांग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की है।

# हजारीबाग में रात चोरों की, दिन में कुत्तों का आतंक

**अभय कुमार सिंह**

- रात में अपने शिकार की तलाश में घूमते हैं चोर
- अवारा कुत्तों से सड़क चलना हुआ मुहाल



रात में घूमते हुए चोर।



**हजारीबाग।** हजारीबाग इन दिनों दोहरी आफत से घिरा हुआ है। रात होते ही चोरों के संगठित गिरोह शहर में सक्रिय हो जाते हैं, तो दिन के उजाले में आवारा कुत्तों के झुंड लोगों का जीना हराम कर रहे हैं। हालात ऐसे हो गए हैं कि शहर के लोग घरों में भी सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे, और सड़कों पर निकलना किसी खतरे से कम नहीं। लेकिन सबसे गंभीर पहलू यह है कि इन दोनों समस्याओं से निपटने में प्रशासन पूरी तरह विफल नजर आ रहा है। रात के अंधेरे में चोर अपने शिकार की तलाश में घूमते हैं। बीते कुछ महीनों में चोरी की घटनाओं में भारी इजाफा हुआ है। बाजारों से लेकर रिहायशी इलाकों तक, कोई भी जगह सुरक्षित नहीं बची है। दुकानदारों की दुकानों में सेंध लग रही है, घरों के ताले टूट रहे हैं, और राह चलते लोगों से सामान छीनने की घटनाएं आम हो गई हैं। इसके बावजूद पुलिस की कार्रवाई महज कागजी खानापूर्ति तक सिमट कर रह गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता। कई इलाकों में सीसीटीवी फुटेज होने के बावजूद अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हो रही, जिससे चोरों के हौसले और बुलंद होते जा रहे हैं। एक व्यापारी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि हमारा धंधा पहले से ही मंदा चल रहा है, ऊपर से यह चोरी की घटनाएं। पुलिस सिर्फ. आश्वासन देती है, लेकिन असल में कुछ नहीं कर रही। अगर कोई सोचता है कि दिन के उजाले में हालात बेहतर होंगे, तो वह गलत है। हजारीबाग में आवारा कुत्तों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि लोगों का सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है। राहगीरों, स्कूली बच्चों और बुजुर्गों पर कुत्तों के झुंड हमले कर रहे हैं। स्थिति इतनी बिगड़ गई है कि अब लोग घर से निकलने में डरने लगे हैं। हाल ही में एक 10 साल के स्कूली बच्चे के पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया था जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। कई लोग कुत्तो के आक्रमण से बचने के दौरान गिर कर अपना हाथ पाँव तुड़वा चुके है। नगर निगम की लापरवाही इस मामले में साफ झलकती है। आवारा कुत्तों की संख्या दिनों-दिन बढ़ रही है, लेकिन नगर निगम के पास इस समस्या का कोई ठोस हल नहीं है। न तो इन कुत्तों को पकड़ने के लिए कोई अभियान चलाया जा रहा है और न ही लोगों की सुरक्षा के लिए कोई कदम उठाया जा रहा है हजारीबार नगर निगम के पास आवारा कुत्तों का आंकड़ा तक उपलब्ध नहीं है और न ही इस आतंक से कैसे छुटकारा पाया जाए इसे लेकर कोई रणनीति है। पिछले कई सालों से आवारा कुत्तों के आतंक से निपटारा पाने के लिए चर्चा भी की जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इन दोनों गंभीर समस्याओं के बावजूद प्रशासन की चुप्पी सवाल खड़े कर रही है। आखिर कब तक हजारीबाग के लोग इस डर के माहौल में जीते रहेंगे? अगर जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो जनता का गुस्सा सड़कों पर फूट सकता है। हजारीबाग के लोग अब यह सवाल पूछ रहे हैं– आखिर कब जागेगा प्रशासन?

# भुरकुंडा में युवक की हत्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर शुरू की जांच, मोबाइल खरीदने के लिए गया था दुकान दीपक कुमार**





**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा-भदानीनगर ओपी क्षेत्र अंतर्गत रामगढ़-जिंदल फोरलेन स्थित देव ऑटो मोबाइल के समीप गुरुवार की सुबह एक युवक की गला रेतकर की गई। घटना स्थल पर चाकू भी पाया गया। ग्रामीणों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद भुरकुंडा और भदानीनगर पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल करते हुए लोगों से पूछताछ की। युवक की शिनाख्त सेंट्रल सौंदा दुर्गा मंडप नीचे घौड़ा निवासी बंसत पासवान के पुत्र दीपक कुमार पासवान 27 वर्ष के रूप में की गई।

इधर रांची से आई फोरेंसिक टीम ने शव के परीक्षण के बाद पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ भेज दिया। घटना के बावत पूछे जाने पर मृतक दीपक कुमार पासवान के पिता बंसत पासवान ने बताया की दीपक पंडित जी के साथ गोरखपुर में रहता था। होली पर्व के अवसर पर भुरकुंडा आया हुआ था। घटना के दिन बुधवार को शाम 5 बजे मेरे लिए मोबाईल खरीदकर लाने की बात कहकर अपने किसी दोस्त के साथ भुरकुंडा गया था। जब देर शाम तक घर नहीं पहुंचा तो उसके मोबाईल पर कई बार फोन किया।

मोबाईल में रिंग हो रहा था परन्तु बात नहीं हुई। सुबह किसी के माध्यम से उसके हत्या की खबर मुझे मिली। इधर घटना को लेकर पुलिस छानबीन में जुटी है। हीं हत्यारों तक पहुंचने के लिए पुलिस देव ऑटो मोबाईल के आगे लगे सीसीटीवी कैमरा का फुटेज खंगाल रही है। फिलहाल खबर लिखे जाने तक हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। मौके पर पतरातू इंस्पेक्ट्रर सत्येन्द्र कुमार सिंह, पतरातु थाना प्रभारी शिव लाल कुमार गुप्ता, बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार, भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता, भदानीनगर ओपी प्रभारी ब्रहमव्रत कुमार, बरकाकाना ओपी प्रभारी उमाशंकर वर्मा, गोला थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप, भुरकुंडा एसआई अविनाश कुमार सशास्त्र बल के साथ मौजुद थे। वहीं ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी।

**दीपक की 10 दिन पहले हुई थी दूसरी शादी :** मृतक दीपक पासवान की पहली पत्नी की मौत पैतृक स्थान नवादा जिला थाना रोह बिहार में एक वर्ष पूर्व संदिग्ध अवस्था में हुई थी। जिसमें मृतक हत्या का आरोपी भी था। पहली पत्नी के मौत के एक वर्ष बाद 10 दिनों पूर्व धनबाद में मृतक की दूसरी शादी हुई थी। पहली पत्नी से मृतक की तीन बेटियां है।

# अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में जेएलकेएम ने किया चक्का जाम





**विष्णुगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो के आह्वान पर बंदी के ऐलान के बाद विष्णुगढ़ प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो के नेतृत्व में सात मिल मोड़ को घंटों तक जाम रखा गया। प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद जाम हटाया गया। कौलेश्वर महतो ने कहा कि दिनदहाड़े अनिल टाइगर की हत्या पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता का प्रमाण है। यह घटना न केवल सामाजिक ताने-बाने पर आघात है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या भी है।केंद्रीय संगठन मंत्री महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल ने झारखंड सरकार को कानून व्यवस्था में पूरी तरह विफल बताते हुए मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग की। उन्होंने कहा कि झारखंड बंद न केवल श्रद्धांजलि है, बल्कि अन्याय के विरुद्ध आवाज भी है। प्रखंड उपाध्यक्ष सुरेश कुमार ने कहा कि इस निर्मम हत्या से झारखंड की जनता भयभीत है। इससे पहले आदिवासी युवक सोनू मुंडा की भी हत्या की गई थी। उन्होंने सरकार से अपराधियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान संगठन के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कुजू में जाम से लगी वाहनों की कतारें



**कुजू।** रांची में भाजपा नेता सह पूर्व पार्षद अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में गुरुवार की सुबह जेएलकेएम के द्वारा नयामोड़ फोरलेन सड़क को जाम कर दिया। जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गयी। कार्यकर्ताओं ने सड़क के बीचों बीच टायर जलाकर विरोध जताया। कार्यकर्ता सरकार से अपराधी पर उचित कार्रवाई करते हुए फाँसी की सजा का मांग कर रहे थे। सड़क जाम की सूचना मिलते ही मौके पर ओपी प्रभारी मो नौशाद अपने सशस्त्र बल के साथ जाम स्थल पर पहुंचे और सड़क जाम कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास किया। इसके करीब दो घंटे बाद कार्यकर्ताओं ने सड़क जाम को हटाया। सड़क जाम में केंद्रीय संगठन महामंत्री रवि कुमार महतो, जिला महामंत्री कुलदीप महतो, देवनारायण महतो, दीपक महतो, अनिल कुमार महतो, नागेंद्र महतो, संतु महतो, शंकर महतो, कृष्णा महतो, सुजीत कुमार महतो, सरवन महतो, रॉकी कुमार महतो, विकास कुमार महतो, राधे कुमार, सुनील अग्रवाल, मनीष कुमार, बसु कुमार, अजीत कुमार, अरुण कुमार आदि शामिल थे।

### झारखंड में अपराधियों का बोलबाला : सतीश मिश्रा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा ने झारखंड में बढ़ते अपराध पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जनता अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही है। रांची में बुधवार को भाजपा नेता अनिल टाइगर को सरेआम गोलीमार हत्या कर दी गई। वहीं दूसरी ओर भुरकुंडा में भी सेंट्रल सौंदा के दीपक पासवान की गर्दन रेतकर हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में अपराधियों का बोलाबाला है।

### भदानीनगर ओपी में शांति समिति की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सरहुल, ईद और रामनवमी को लेकर गुरुवार को भदानीनगर ओपी में शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता ओपी प्रभारी ब्रह्मव्रत कुमार ने की। बैठक में सभी पर्वों को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। लोगों ने भी पुलिस के ओपी प्रभारी के समक्ष अपने-अपने विचार रखते हुए कई सुझाव दिये। ओपी प्रभारी ब्रह्मव्रत कुमार ने कहा कि हमारे सभी पर्व-त्यौहार आपसी भाईचारगी और प्रेम का संदेश देता है। सभी वर्गों के लोगों को सारे पर्व-त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाना चाहिए। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान ना देकर विधि-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस-प्रशासन को सहयोग करने की बात कही।


### पंजी 2 के सत्यापन को ले उपायुक्त ने की बैठक

**रामगढ़।** दुलमी अंचल के उरबा एवं भालू मौजा में पंजी 2 के सत्यापन को लेकर गुरुवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में विशेष बैठक हुयी।

उपायुक्त ने भूमि सुधार उपसमाहर्ता, अंचल अधिकारी दुलमी एवं ग्रामीणों के साथ उरबा एवं भालू मौजा में जमीन रसीद कटने व पंजी 2 के सत्यापन में आ रही समस्याओं पर चर्चा की गयी।

# त्योहार की आड़ में जंगल से निकल रहा कोयला

**खबर मन्त्र संवाददाता**



हजारीबाग। जब पूरा जिला रामनवमी और ईद की तैयारियों में जुटा है, तब बड़कागांव के मतरा जंगल में एक अलग ही खेल चल रहा है। त्योहारों की आड़ में कोयला माफिया खुलेआम लूट मचा रहे है, और यह सब फॉरेस्ट विभाग के ही कुछ भ्रष्ट कर्मचारियों की मिलीभगत से हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जंगल से हर रात चार ट्रैक्टर अवैध कोयला निकाला जा रहा है और हर ट्रैक्टर के बदले 20,000 रुपये की डील फिक्स है। यानी सिर्फ एक रात में 80,000 रुपये का अवैध कारोबार। ग्रामीणों के मुताबिक, मतरा जंगल में सक्रिय चार बड़े कोयला माफिया इस खेल के मास्टरमाइंड हैं, लेकिन सबसे बड़ा झटका यह है कि इस खेल में फॉरेस्ट विभाग के ही दो कर्मचारी इनकी मदद कर रहे हैं। इनकी मिलीभगत के बिना इतनी बड़ी मात्रा में कोयला निकालना संभव नहीं था।

रामनवमी और ईद को लेकर पुलिस और प्रशासन शहरी इलाकों में विधि-व्यवस्था बनाए रखने में जुटी है, जिससे जंगलों में निगरानी कम हो गई। इसी का फायदा उठाकर माफियाओं ने कोयला ढुलाई का काम तेज कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस की गश्त कम होते ही फॉरेस्ट अधिकारी माफियाओं से पैसे लेकर उन्हें जंगल से कोयला निकालने की छूट देने लगे। अब बड़ा सवाल यह है कि प्रशासन इस अवैध धंधे पर नकेल कसेगा या फिर यह खेल यूं ही जारी रहेगा? ग्रामीणों की मांग है कि इन भ्रष्ट फॉरेस्ट कर्मचारियों को निलंबित कर कोयला माफियाओं पर सख्त कार्रवाई की जाए। वरना, जंगल की दौलत इसी तरह लुटती रहेगी, और भ्रष्टाचार की काली स्याही विकास के पन्नों को काला करती रहेगी!

## एक नजर में

### रिश्वत लेते रंगे पकड़ा गया रोजगार सेवक



हजारीबाग। हजारीबाग के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने चतरा जिले के ईटखोरी प्रखंड में कार्यरत रोजगार सेवक उमेश कुमार को 5,000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आवेदक बिनोद सिंह (उम्र 53 वर्ष) निवासी नरचा कला, ईटखोरी ने पुलिस अधीक्षक, एसीबी हजारीबाग को एक शिकायत दी थी। इसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि उनके और उनके परिवार के सदस्यों के नाम से स्वीकृत मेढ़बंदी योजना का कार्य पूर्ण होने के बाद, रोजगार सेवक उमेश कुमार ने डिमांड लगाने के लिए 26,000 की रिश्वत मांगी थी। आवेदक ने रिश्वत देने से इनकार कर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत की जांच के दौरान यह सत्य पाया गया कि आरोपी ने अग्रिम ?5,000 रिश्वत की मांग की थी। इस आधार पर 26 मार्च 2025 को एसीबी हजारीबाग थाना में कांड संख्या 04/2025 दर्ज किया गया। इसके बाद, 27 मार्च 2025 को एसीबी की ट्रैप टीम ने चतरा जिले के ईटखोरी में महाराजा फर्नीचर, चौपारण रोड से आरोपी उमेश कुमार को 5,000 रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में एक दंडाधिकारी और दो सरकारी गवाह भी मौजूद थे। फिलहाल, आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया की जा रही है।

### खिरगांव में नाले की जमीन पर अतिक्रमण




**हजारीबाग।** खिरगांव इलाके में नाले की जमीन पर तेजी से अतिक्रमण हो रहा है, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लोगों का आरोप है कि नाले के किनारे अवैध निर्माण कार्य जारी है और नगर निगम प्रशासन इस पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं कर रहा है। खिरगांव नाले का उपयोग वर्षों से जल निकासी के लिए किया जाता रहा है, लेकिन अब कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा इसे संकुचित करने की कोशिश की जा रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि अतिक्रमण के कारण नाले की चौड़ाई कम हो रही है, जिससे बारिश के मौसम में जलजमाव और बाढ़ की समस्या उत्पन्न हो सकती है। लोगों का आरोप है कि नगर निगम के कुछ कर्मियों की मिलीभगत से यह अवैध कब्जा किया जा रहा है। स्थानीय निवासियों ने कहा कि यदि प्रशासन सच में ईमानदार होता, तो अब तक अवैध निर्माण पर रोक लग गई होती। लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे संदेह गहराता जा रहा है। खिरगांव के लोगों ने जिला प्रशासन और नगर निगम से मांग की है कि जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाया जाए और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर प्रशासन ने समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो वे बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

### स्नातकोत्तर शिक्षक संघ चुनाव स्थगित

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर शिक्षक संघ के चुनाव को लेकर जारी प्रक्रिया अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है। चुनाव अधिकारियों डॉ. सुनील कुमार अग्रवाल एवं डॉ. के. के. गुप्ता द्वारा जारी सूचना के अनुसार, 18 मार्च 2025 को प्रकाशित आम सूचना में नामांकन की तिथि 25 एवं 26 मार्च 2025 निर्धारित की गई थी। इस दौरान केवल दो अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए—विजय कुनूर (उपाध्यक्ष पद) एवं डॉ. ममता कच्छप (संयुक्त सचिव पद)। हालांकि, 27 मार्च को नाम वापसी के निर्धारित दिन दोनों प्रत्याशियों ने अपने नामांकन वापस ले लिए। इस कारण, वर्तमान में संघ के किसी भी पद पर कोई प्रत्याशी नहीं है, जिससे चुनाव प्रक्रिया को स्थगित करने का निर्णय लिया गया।

### ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल में रिजल्ट जारी



**विष्णुगढ़।** ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को कंप्यूटर लैब का उद्घाटन एवं वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी किया गया। विष्णुगढ़ प्रखंड अंचलाधिकारी नित्यानंद दास ने विधिवत रूप से कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया। इसके साथ ही सत्र 2024-25 के वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी कर छात्रों को रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए। परिणाम में कक्षा कसे शक्कतक के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। अंचलाधिकारी नित्यानंद दास ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा में तेजी से बदलाव हो रहा है, और छात्रों को इसके अनुरूप आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कंप्यूटर शिक्षा को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया और कहा कि यह बच्चों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने का एक प्रभावी माध्यम है। इस अवसर पर स्कूल संचालक डुमरचंद महतो, समाजसेवी माही पटेल, शिक्षकगण, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान छात्रों में खुशी और उत्साह देखा गया।

### प्रदीप प्रसाद ने सदन में किसानों का मामला उठाया



**हजारीबाग।** विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन भाजपा विधायक प्रदीप प्रसाद ने किसानों और जनता से जुड़ी समस्याओं को सदन में उठाया। उन्होंने जल संसाधन, कृषि, सहकारिता और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगा। विधायक ने हजारीबाग में वर्षों से बंद पड़ी लिफ्ट एरीगेशन योजनाओं पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के ठप होने से किसानों को सिंचाई की सुविधा नहीं मिल रही है। सरकार ने स्वीकार किया कि कई योजनाएँ बंद हैं और पुनरुद्धार पर विचार किया जा रहा है, लेकिन विधायक ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए जल्द समाधान की मांग की। प्रसाद ने झारखंड में सहकारी समितियों की स्थिति पर भी सवाल उठाए। सरकार ने बताया कि तीन वर्षों में 678 एमपीसीएस को 2363 लाख रुपये की सहायता दी गई, लेकिन विधायक ने ऋण योजनाओं के सही क्रियान्वयन की मांग की।

## जिला उद्योग केंद्र कार्यालय में जागरूकता शिविर 29 को

**कोडरमा।** जिला उद्योग केंद्र हजारीबाग के महाप्रबंधक ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रबंध निदेशक, जिडको रांची से प्राप्त मार्गदर्शन के आलोक में एमएसएमई इकाइयों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 29 मार्च को जिला उद्योग केंद्र कार्यालय में नि:शुल्क उधम पंजीकरण को लेकर एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त शिविर के दौरान जिले के उधमियों का उधम निबंधन किया जाएगा। वहीं उन्होंने जिले के सभी उधमियों को निबंधन के लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, आधार लिंक्ड मोबाइल नम्बर के साथ शिविर में शामिल होने का अपील किया।

## मरकच्चो थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आज

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड में रामनवमी व ईद शांति, सौहार्द एवं भाईचारगी माहौल में मनाने को लेकर आज अपराह्न 3 बजे थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आहूत की गई है। उक्त जानकारी थाना प्रभारी नन्दकिशोर तिवारी ने दी। वहीं उन्होंने बैठक में प्रखंड के जनप्रतिनिधिगण व सभी समुदाय के लोगों से पहुंचने की अपील की है।

### रामनवमी, ईद और सरहुल को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में उपायुक्त ने कहा

# कोडरमा का इतिहास हमेशा से शांतिप्रिय रहा है, इसे आप सब मिलकर बरकरार रखें

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**कोडरमा।** रामनवमी, ईद और सरहुल के त्यौहार को जिले में शांतिपूर्ण और भाईचारे के साथ सम्पन्न करवाने को लेकर गुरुवार को उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक में सभी समुदायों के प्रबुद्धजन शामिल हुए। बैठक को सम्बोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि पर्व त्यौहार खुशियां मनाने और बांटने का अवसर होता है, जिले में ऐसा वातावरण बनाएं की लोग परिवार के साथ आपकी खुशियों में शामिल हो सकें। वहीं उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि कोडरमा का इतिहास हमेशा से शांतिप्रिय रहा है, इसे आपलोग बरकरार रखें, त्यौहार के दौरान कोई भी ऐसा कार्य नही करें, जिससे दूसरे लोगों को धार्मिक भावनाएं आहत हो, उन्होंने कहा कि रामनवमी में निकलने वाले जुलूस अपने निर्धारित रूट से निकले, सभी अखाड़ा समिति जुलूस के दौरान सतर्क रहें, डीजे का इस्तेमाल नहीं हो, इसका ख्याल रखें, आपत्तिजनक और अश्लील गाना बजाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं उपायुक्त ने कहा कि त्यौहार के दौरान जिला और पुलिस प्रशासन हाई अलर्ट पर रहे, असामाजिक तत्वों, हुड़दंगियों और अशांति फैलाने वालों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई करें, सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रहेगी, किसी प्रकार के अफवाह फैलाने पर दोषियों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। वहीं अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि त्यौहार के दौरान बिजली, पेयजलापूर्ति निर्बाध रूप से संचालित रहे, नियंत्रण कक्ष 24 घंटे क्रियाशील रखें, त्यौहार पर निकलने वाले जुलूस पर कड़ी निगाह रखें, असामाजिक तत्वों पर सीसीटीवी व ड्रोन कैमरे से निगरानी करें।

मौके पर डीसी के अलावे एसपी अनुदीप सिंह, एसी पूनम कुजूर, एसडीओ रिया सिंह, एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, डीएसपी रतिभान सिंह, प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार, डीटीओ विजय कुमार सोनी, प्रखंडों के बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी, नगर प्रशासक और शांति समिति के सदस्य आदि मौजूद थे।

### रामनवमी का जुलूस निर्धारित रूट से निकालें : एसपी

पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने कहा कि जिले में ईद, रामनवमी और सरहुल को शांतिपूर्ण सम्पन्न करवाने को लेकर पुलिस पूरी तरह तैयार है। सभी जगहों पर पर्याप्त बल के साथ पुलिस पदाधिकारी व दंडाधिकारी को तैनात किया जाएगा। गड़बड़ी फैलाने वालों को किसी भी हाल में बक्शा नहीं जाएगा। वहीं उन्होंने अखाड़ा समितियों के पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अखाड़ा समिति यह सुनिश्चित करें कि निर्धारित रूट से ही जुलूस निकले, जुलूस के दौरान आपत्तिजनक और अश्लील गाने बजाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं उन्होंने कहा कि त्यौहार के दौरान कोई भी ऐसा कार्य नहीं करें, जिससे विधि व्यवस्था भंग होने की संभावना हो।

## खबर एक नजर में

### कोयला मंत्री ने आम्रपाली जीएम को किया सम्मानित



**टंडवा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक हजार बिलियन टन कोयला उत्पादन अभियान में अहम योगदान देने के लिए आम्रपाली कोल परियोजना के महाप्रबंधक अमरेश कुमार को सम्मानित किया गया। दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय कोयला मंत्री ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जानकारी के अनुसार, इस अभियान के तहत आम्रपाली कोल परियोजना ने 24 मिलियन टन कोयला उत्पादन कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस उपलब्धि के लिए सीसीएल की ओर से अमरेश कुमार को यह सम्मान मिला।

### रामनवमी पूजा समिति के सदस्य बबलू गुप्ता के निधन पर शोक



**इटखोरी।** इटखोरी चट्टी निवासी बबलू गुप्ता के निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। उनकी स्मृति में बुधवार को रामनवमी पूजा महासमिति की ओर से इटखोरी चौक स्थित दुर्गा मंडप के पास श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। बबलू गुप्ता रामनवमी पूजा महासमिति इटखोरी और चट्टी रामनवमी पूजा समिति के सक्रिय सदस्य थे। समाज और धर्म के प्रति उनकी सेवाओं को लोग हमेशा याद रखेंगे। बबलू गुप्ता पिछले कई दिनों से बीमार थे। सोमवार को उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद उन्हें रांची के गुरु नानक अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान मंगलवार दोपहर करीब 2:30 बजे उनका निधन हो गया। उनका जाना परिवार के लिए एक बड़ी क्षति है, क्योंकि वे परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। वे अपनी मां, पत्नी और तीन बच्चों को छोड़कर चले गए। श्रद्धांजलि सभा में टुन्नी सिंह, पंकज सिंह, प्रवीण सिंह, सौरभ तिवारी, श्यामु सिंह, युगेश्वर दांगी, विश्वजीत सिन्हा, रंधीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, गुड्डू श्रीवास्तव, विवेक सिन्हा, ओमप्रकाश सिंह, विपिन श्रीवास्तव, रंजन दांगी, मीकू सिन्हा, अमित दांगी, आदित्य माली, छोटू माली सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### पंचायत सचिव की मनमानी से नाराज मुखिया, हटाने की मांग

**गिद्धौर।** प्रखंड के पहरा पंचायत में आवास प्लस सर्वे का काम काफी धीमी गति से चल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रभारी पंचायत सेवक चितरंजन शर्मा मनमानी रवैया अपना रहे हैं, जिससे सर्वे का काम प्रभावित हो रहा है। जबकि अन्य पंचायतों में यह काम तेजी से हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, पंचायत सेवक सिर्फ अपने करीबी लोगों के कहने पर ही गांवों में सर्वे के लिए जाते हैं, जबकि सर्वे की प्रक्रिया के तहत हर घर का निरीक्षण कर योग्य लोगों को सूची में जोड़ना जरूरी है। पंचायत सेवक के इस रवैये से मुखिया बेबी देवी भी नाराज हैं। उन्होंने पहले भी बीडीओ को आवेदन देकर पंचायत सेवक को हटाने की मांग की थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।जानकारी के मुताबिक, चितरंजन शर्मा एक साथ कई विभागों का प्रभार संभाल रहे हैं, जिससे पंचायत के कामों पर उनका ध्यान कम रहता है। इसको लेकर ग्रामीणों में काफी असंतोष है। बीडीओ राहुल देव ने बताया कि सर्वे का काम तेजी से पूरा करने के लिए तीन कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया गया है। इन्हें 24 मार्च को आईडी और पासवर्ड उपलब्ध कराया गया है ताकि वे जल्द से जल्द सर्वे पूरा कर सकें।

## स्कूलों की मनमानी के खिलाफ 29 को अभिभावक संघ देगा धरना



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** ब्लॉक मैदान स्थित साहू धर्मशाला में अभिभावक संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों के तहत 29 मार्च को समाहरणालय के पास निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ धरना करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान अभिभावक संघ ने जिले के सभी जागरूक अभिभावकों से अनुरोध किया है कि उक्त धरना में अधिक से अधिक लोग पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाएं। मौके पर संरक्षक नरेंद्र सिंह चंदेल, रामप्रसाद सिंह, संघ के अध्यक्ष संजय साजन, सचिव भानु प्रताप सिंह, अली हैदर बंटी, अंकित कुमार यादव, विशाल यादव, मनोज सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## देवी प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर निकली ध्वजारोहण यात्रा



**कोडरमा।** प्रखंड के पुरनानगर में होने वाली श्री श्री 1008 श्री दुर्गा देवी प्राण प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ के आयोजन को लेकर पुरनानगर से बरसोतियाबर, कोडरमा बाजार, कॉलटेक्स, दूधीमाटी, लक्खीबागी होते हुए पुन: पुरनानगर तक ध्वजारोहण यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमेंकई गांव के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मौके पर मुख्य रूप से श्री श्री 1008 श्री सुखदेव दास जी महाराज शामिल हुए।

## ग्रिजली कॉलेज ने जिले में 2 (एफ) एक्ट की मान्यता प्राप्त कर नयी पहचान को आयाम दिया

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन ने अपने निरंतर प्रयास एवं प्रतिबद्धता द्वारा भारत सरकार के अंतर्गत संचालित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, दिल्ली (यूजीसी) से 2 (एफ) एक्ट की मान्यता 26 मार्च 2025 को सफलतापूर्वक प्राप्त किया। ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन उक्त मान्यता प्राप्त करने वाला जिले का पहला महाविद्यालय बना। प्रमाण–पत्र प्राप्ति के उपरान्त महाविद्यालय में हर्ष का वातावरण सृजन हुआ तथा सभी सदस्य एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यक्ष मनीष कपसीमे, सचिव अविनाश कुमार सेठ, उप निदेशिका डॉ.संजीता कुमारी एवं प्राचार्या डॉ.मृदुला भगत ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया एवं कहा कि यह मान्यता कॉलेज को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने में अहम भूमिका अदा करेगा तथा उन्होंने कॉलेज के सभी सदस्यों और शिक्षकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

## राजद नेता के आवास में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन

- **गंगा-यमुनी तहजीब व कौमी एकता-भाईचारा की संस्कृति हमारी पहचान : सुभाष यादव**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** राजद नेता व कोडरमा विधानसभा के पूर्व राजद प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव के विशुनपुर रोड स्थित राजद प्रधान कार्यालय में गुरुवार को राष्ट्रीय जनता दल ने दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिप अध्यक्ष सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने की। वहीं माह-ए-रमजान के मौके पर राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव की मेजबानी में दावत-ए-इफ्तार में भारी संख्या में रोजेदारों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। दावत-ए-इफ्तार की शुरुआत भादोडीह के शादाब हाफिज ने दुआ पढ़कर रोजा खोला, साथ ही रोजेदारों ने देश में अमन चैन और खुशहाली के लिए दुवाएं मांगी। शाम करीब 6 बजे दावत-ए-इफ्तार में पहुंचे रोजेदारों ने खजूर और जूस पीकर अफ्तारी की।

वहीं राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव ने कहा कि हिंदुस्तान की हजारों सालों की सभ्यता संस्कृति गंगा-यमुनी सभ्यता और कौमी एकता से जुड़ी है, साथ ही भाईचारा हमारी संस्कृति का मजबूत धरोहर है। मगर मौजूदा वक्त में भारतीय पहचान को मिटाने की कोशिश की जा रही है और पौराणिक संस्कृति-परंपरा को मिटाने के लिए सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का षडयंत्र रचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत भूमि का इतिहास सभी धर्मों के वीरों की कहानियों से भरा पड़ा है। मगर देश के वीरों और पूर्वजों की विरासत को मिटाकर एकल विचार थोपा जा रहा है। जिससे देश में संस्कृति और परंपरा का ह्रास हो रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल सभी धर्मों और पंथ का सम्मान करता है। कौमी एकता बनाये रखने और पौराणिक संस्कृति-परंपरा में अटूट विश्वास रखता है। राजद हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई के बीच भाईचारा बढ़ाने के लिए अपनी जिम्मेवारी बखूबी अदा करेगा। उन्होंने कहा कि पवित्र महीना माह-ए-रमजान में रोजेदारों के लिए दावत-ए-इफ्तार समाज और देश को मजबूत बनाएगा।

वहीं जिप अध्यक्ष सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि रमजान बरकत का महीना है। हिन्दू-मुस्लिम एकता की परंपरा हमसबों को विरासत में मिली है। हिंदुस्तान के गुलदस्ता में हर रंग के फूल हैं, हर रंगों का सम्मान किया जाना चाहिए। रोजेदारों के संग राजद का एक-एक सिपाही देश में अमन-चैन, भाईचारगी और सामाजिक सौहार्द बढ़ाने के पक्षधर हैं और हमेशा अन्याय, झूठ और नफरत के खिलाफ खड़ा रहेंगे। उन्होंने जिलेवासियों से कोडरमा में गंगा-यमुनी सभ्यता को प्रागढ़ बनाने का आह्वान किया।

मौके पर जिप सदस्य महादेव राम, शांति प्रिया, प्रमुख विजय सिंह, डॉ. जावेद अख्तर, मो. मोजहिर, शाहनूर खान, इकबाल अंसारी, सरफराज खान, एनामुल हक, सरफुद्दीन अंसारी, मो.रफीक, कामरान खान, मो.यूसुफ, मो.शमीम उर्फ लड्डू, परवेज खान, मो. सिकंदर, अहमद रजा, आजाद खान, मो. इरफान, मो. मुबारक, नईम कुरैशी, मो. गुलाम, दीपक यादव, अवधेश यादव, शिवशंकर बर्णवाल, अमरजीत कौर, रामजी मोदी, महेंद्र यादव, शंकर दयाल यादव, विक्रम यादव समेत भारी संख्या में रोजेदार व राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।

### विधिक सेवा प्राधिकरण जागरूकता रथ रवाना



**गिद्धौर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चतरा के निर्देश पर गुरुवार को विधिक सेवा जागरूकता रथ को प्रखंड कार्यालय परिसर से रवाना किया गया। इसे प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव और अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।बीडीओ राहुल देव ने बताया कि प्रखंड के सभी पंचायतों में अलग–अलग दिनों में विधिक सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा, जहां लोग अपनी कानूनी समस्याओं का समाधान पा सकेंगे। सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा ने कहा कि यह रथ गांव–गांव जाकर लोगों को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी देगा और जरूरतमंदों को मुफ्त कानूनी सहायता भी उपलब्ध कराएगा। जागरूकता रथ ने पहरा पंचायत के प्राथमिक विद्यालय में ग्रामीणों को जागरूक किया। इस दौरान बताया गया कि महिलाओं, अनाथ बच्चों और वृद्ध व्यक्तियों को डीएलएसए चतरा के माध्यम से मुफ्त विधिक सेवाओं का लाभ मिलेगा। इस मौके पर बीएलवी शंभू राणा, जितेंद्र राम, पवन कुमार, सुरेश प्रसाद राणा, कुमारी शारदा भारती, प्रेरणा दास सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

### व्यवसायियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जताया विरोध



**पत्थलगड़ा (चतरा)।** गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय में दुकानदारों ने अपनी दुकानों को स्वेच्छा से बंद रखकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। व्यवसायी आशीष कुमार दांगी ने बताया कि हाल के दिनों में पत्थलगड़ा थाना में पीड़ितों द्वारा दिए गए आवेदनों की सही जांच किए बिना निर्दोष परिवारों को जेल भेजा जा रहा है। इससे कई परिवार परेशान हो रहे हैं और मानसिक तनाव में आकर गलत कदम उठाने को मजबूर हो रहे हैं। व्यवसायियों का कहना है कि ऐसी कई घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें निर्दोष लोग प्रभावित हुए हैं। इसी के विरोध में स्थानीय दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर प्रशासन के रवैए पर नाराजगी जताई और डीआईजी, एसपी समेत उच्च अधिकारियों से निष्पक्ष जांच की मांग की। इस विरोध प्रदर्शन में कृष्णा दांगी, विनय दांगी, अमित कुमार, संतान दांगी, चंदन कुमार, दिलीप ठाकुर, राजकुमार अग्रवाल, रूपेश कुमार, जयकरण दांगी, शशि ठाकुर, औल साव, शंकर दांगी सहित कई व्यवसायी शामिल रहे।

## कुशवाहा चासा सेवा समिति का 22वां त्रैवार्षिक चुनाव संपन्न



**डोमचांच (कोडरमा)।** झारखंड कुशवाहा चासा सेवा समिति का 22वां त्रैवार्षिक चुनाव शाखा नावाडीह का किया गया। यह चुनाव शिव शक्ति धाम नावाडीह के प्रांगण में सम्पन्न हुआ। चुनाव की अध्यक्षता अधिवक्ता तारकेश्वर मेहता व संचालन दिलीप कुमार ने किया। यह चुनाव में मुख्य चुनाव प्रभारी बलराम भारती, सहायक चुनाव प्रभारी संजीत कुमार मेहता की उपस्थिति में किया गया। चुनाव में सर्वसम्मति से व्यवस्थापिका सभा सदस्य के लिए मंजू देवी, अधिवक्ता तारकेश्वर मेहता, लक्ष्मण मेहता, नवीन कुमार, रौशन कुमार का चयन किया गया। वहीं शाखा सभापति हेमलाल मेहता, उपसभापति पुष्पा देवी, मंत्री सुरेंद्र मेहता, उप मंत्री गिरधारी लाल मेहता, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार मेहता, शिक्षा मंत्री पंकज कुमार मेहता व सदस्य के रूप में कुंती देवी, राजकुमार मेहता, मुरली मनोहर मेहता, तुलसी मेहता, बृजभूषण मेहता, डॉ.दिलीप कुमार, डॉ द्वारिका कुमार, आनंद राज व संजय चौधरी का चयन सर्वसम्मति से किया गया। मौके पर भरत नारायण मेहता, बैजनाथ मेहता, तारकेश्वर मेहता, देवेंद्र कुमार मेहता, महामंत्री वीरेंद्र प्रसाद मेहता, विनोद मेहता, हीरालाल मेहता, मुन्नीलाल मेहता, किशोर मेहता, दिलीप मेहता, रामकृष्ण मेहता आदि मौजूद थे।

### रामनवमी महासमिति संग अखाड़ा समितियों की बैठक आयोजित

# कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर बनी रूपरेखा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** रामनवमी महासमिति के आह्वान पर विभिन्न अखाड़ा समितियों की बैठक गुरुवार को ध्वजाधारी आश्रम में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मनोज कुमार झुन्नू व संचालन अजय पांडेय ने किया। बैठक में शोभा यात्रा, शस्त्र प्रदर्शन, शौर्य प्रतियोगिता एवं झांकी प्रदर्शन के प्रारूप को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। महासमिति की ओर से सभी अखाड़ा समितियों को महावीरी झंडा मिलान को लेकर गांधी चौक स्थित आयोजन स्थल में शामिल होने को आमंत्रित किया गया, जहां पुष्पवर्षा करते हुए उनका स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। झांकी और शौर्य प्रतियोगिता में बेहतर करने वाले अखाड़ा समिति एवं प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा। बैठक में समवेत स्वर से रामनवमी महोत्सव को सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजन को लेकर सभी अखाड़ा समितियों से अनुशासित होकर कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई।

मौके पर रामनवमी महासमिति संरक्षक प्रवीण चंद्रा, उपाध्यक्ष अजीत बर्णवाल, सचिव उत्तम कुमार, अखाड़ा प्रमुख शशि सिंह, दीपक सिंह, अक्षय रंजन, गोपाल यादव, अजय झा, संजय पासवान, अनंत किशोर सिंह, संतोष श्रीवास्तव, अमरदीप गिरी, संजय सिंह, सुरेश सिंह, रामचन्द्र यादव, पंकज शर्मा, नगीना पासवान, परमवीर प्रताप, मनीष कुमार, हीरालाल यादव समेत विभिन्न अखाड़ो के पदाधिकारी आदि लोग शामिल हुए।

### पत्थलगड़ा थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित



**पत्थलगड़ा (चतरा)।** गुरुवार को थाना परिसर में श्रीराम नवमी, सरहुल और ईद के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी कलींद्र साहू और अंचलाधिकारी उदल राम ने संयुक्त रूप से की, जबकि संचालन नवनियुक्त थाना प्रभारी अवधेश कुमार सिंह ने किया।बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने पर्वों के दौरान कानून–व्यवस्था बनाए रखने पर चर्चा की। श्रीराम नवमी के अवसर पर निकलने वाली झांकी और जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विचार–विमर्श किया गया, वहीं ईद और सरहुल के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर भी विशेष चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने आम जनता से भाईचारे और सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य रामसेवक दांगी, मुखिया संदीप कुमार सुमन, राधिका देवी, कुमारी संगीता सिन्हा, नीतू देवी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। बैठक में श्रीराम नवमी पूजा महासमिति के अध्यक्ष समाजसेवी संदीप सिंह, आशीष दांगी, मुकेश कुमार, विनय दांगी, बीरबल दांगी, रविंद्र शर्मा, राजकुमार ठाकुर, महफूज रहमान और मौलाना मुस्ताक भी शामिल हुए।

## विद्यालय की जमीन का एसडीओ ने किया स्थल निरीक्षण



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड प्रमुख ने सर्वोदय प्लस 2 उच्च विद्यालय की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर प्रमुख बिजय कुमार सिंह ने उपायुक्त मेधा भारद्वाज को मंगलवार को आवेदन सौंपा था। सौंपें गए आवेदन में कहा है कि मरकच्चो अंचल अंतर्गत मौजा मरकच्चो थाना नं. 141 में सर्वोदय प्लस 2 उच्च विद्यालय कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, परियोजना उच्च विद्यालय, खेल स्टेडियम आदि बने हुए हैं। उपरोक्त संस्थाओं की अपनी जमीन भी है, जिसका खाता पुराना 426 प्लॉट से पुराना 3596 है। माईनर सर्वे के पश्चात उपरोक्त का नया खाता 402 नया प्लॉट 6232 रकवा 7 एकड 03 डी.है। उपरोक्त जमीन खतियान में स्कूल दखल अंकित भी है। मरकच्चो प्रमुख के द्वारा सौंपे गये आवेदन के आलोक में गुरुवार को एसडीओ रिया सिंह ने उपरोक्त जमीन का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रमुख समेत दर्जनों प्रबुद्ध ग्रामीणों ने उक्त जमीन की कागजात भी दिखाई। निरीक्षण के बाद उन्होंने सीओ से उक्त जमीन पर सरकारी जमीन का बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। साथ ही बोर्ड पर सरकारी जमीन होने को लेकर खरीद–बिक्री नहीं करने को अंकित कराने की बात कही। जमीन की खरीद–बिक्री करने वाले पर कानूनी कार्रवाई होगी। मौके पर सुरेंद्र प्रताप सिंह, रविशंकर तिवारी उर्फ मंटू, कैलाश यादव, विदेशी दास, अशोक दास, द्विम्बर सिंह, प्रयाग महतो, रविंद्र पांडेय, सकलदेव सिंह, दीपक राम, जय कुमार सिंह, अनेश्वर सिंह, शिव शंकर यादव, सदानद वर्मा, सरयू महतो उपस्थित थे।

## वीरू फर्नीचर के संचालक ने की गौशाला को दो लाख रुपए सहयोग देने की घोषणा



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** श्री गौशाला समिति के कार्यकारिणी की बैठक मंगलवार को शिव वाटिका में की गयी। बैठक में विगत बैठक के निर्णय की संपुष्टि की गई एवं नवंबर 2024 से फरवरी 2025 तक की आय व्यय का ब्यौरा पेश किया गया। बैठक के दौरान वर्तमान में कोडरमा गौशाला प्रांगण में गायों के रख-रखाव पर चर्चा की गई एवं कर्मचारियों, पदाधिकारियों की सराहना की गई। वहीं तेज गति से हो रहे गौशाला के विकास के लिए पदाधिकारियों की सराहना की गई। बैठक के दौरान विशेष दानदाताओं जैसे पप्पु सोनी, बिरेंद्र यादव, अवतार सिंह, मनोज साव को सम्मानित किया गया। दूध वितरण कार्य के लिए राम अवतार अग्रवाल, ओम प्रकाश एवं रितेश लोहानी को सम्मानित किया गया। झोली यात्रा के लिए अमित खेतान को सम्मानित किया गया। वहीं वीरू फर्नीचर के संचालक ने गौशाला को वर्ष में एक बार दो लाख रुपए सहयोग देने की घोषणा की। वहीं उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोग गौशाला से जुड़ें एवं अपनी संस्कृति को उत्कृष्ट बनावें, अपने बच्चों को प्रेरित करें। बैठक में श्याम सुंदर सिंहानिया, सुरेश जैन, कैलाश चौधरी, ओम प्रकाश खेतान, अविनाश सेठ, संजय अग्रवाल, बिनोद बजाज, सुशील छाबड़ा, पवन चौधरी, सज्जन शर्मा, उमा शंकर जगनानी, मनोज केडिया, मनीष पेडिवाल, अरूण मोदी, सुषमासुमन, अवतार सिंह, संदीप केडिया, अंकित खेतान, पियूष जैन, हरीश बर्णवाल, प्रदीपसुमन, राम रतन महर्षि, महेश दारूका, अरूण बौद्ध, अनंत चंद्र, सौरभ मिश्रा, मंटू यादव आदि लोग मौजूद थे।

### ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीण अंधेरे में रहने को विवश



**हंटरगंज/चतरा।** हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत लेंजवा पंचायत के चिरैयाटाड में ट्रांसफार्मर खराब होने से 200 घरों के ग्रामीण अंधेरे में रहने को विवश हैं। ग्रामीणों ने बताया कि हमलोग अनुसूचित जाति का है। वही कम पढ़े लिखे होने के कारण 3 सालों से बिजली आपूर्ति ठप है। इसको लेकर कई बार स्थानीय मुखिया योगेन्द्र यादव ने विभाग को सूचना दी लेकिन विभाग ने सुध ना ली। बिजली ना होने के वजह से कृषि आधारित गांव में किसानों का खेत सिंचाई ठप हो गई है। वैसे में ग्रामीणों के समक्ष रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है, वही छात्रों को भी पढाई में कठिनाइयां का सामना करना पड़ रहा है। इधर ग्रामीणों ने जमकर सरकार और बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। इस मामले को लेकर बिजली विभाग एसडीओ से संपर्क साधना चाहा लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

# ईद, सरहुल, चैती छठ, रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

- **पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर रणनीति तैयार की गयी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में ईद, सरहुल, चैती छठ और रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी, अखाड़ा समितियों के अध्यक्ष और शांति समिति के सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस दौरान पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील स्थानों की पहचान और शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर रणनीति तैयार की गई।

### सोशल मीडिया पर रहेगी कड़ी नजर

उपायुक्त रमेश घोलप ने निर्देश दिया कि त्योहारों के दौरान सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भड़काऊ या आपत्तिजनक पोस्ट न की जाए। ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पाण्डेय ने कहा कि व्हाट्सएप ग्रुप में भ्रामक या आपत्तिजनक संदेश फैलाने वालों के साथ-साथ ग्रुप एडमिन पर भी कार्रवाई होगी।

### जुलूस और झांकी पर ड्रोन से होगी निगरानी

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सभी अखाड़ा समितियां अपने जुलूस तय रूट और समय के अनुसार ही निकालेंगी। शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए वीडियोग्राफी और ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जाएगी।

उपायुक्त ने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को निर्देश दिया कि जुलूस मार्ग में सभी खराब चापाकलों की मरम्मत सुनिश्चित करें। वहीं, स्वास्थ्य विभाग को जुलूस के दौरान चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी थाना प्रभारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्कता बनाए रखेंगे। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी-कर्मचारी पर कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, सिविल सर्जन समेत अन्य अधिकारी एवं अखाड़ा समितियों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### इटखोरी पुलिस ने की ड्रोन से छतों और सड़कों की निगरानी, सड़क किनारे और छतों पर रखे ईंट-पत्थर हटाने का आदेश



**इटखोरी।** आगामी रामनवमी और ईद पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस सतर्क हो गई है। गुरुवार को इटखोरी पुलिस ने ड्रोन के माध्यम से झांकी निकलने वाले मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस ने धमखेरी, इटखोरी चौक, परसौनी, खडोनी समेत अन्य स्थानों पर सुरक्षा जांच की। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की बाधा न हो, इसके लिए सड़क किनारे और मकानों की छतों पर रखे ईंट-पत्थरों को तुरंत हटाने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि यदि कोई इस आदेश का पालन नहीं करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें और पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। इस मौके पर एसआई पंकज कुमार, रामनवमी पूजा महासमिति अध्यक्ष टुन्नी सिंह के साथ पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## चेंबर की बैठक में सरहुल व रामनवमी जुलूस का स्वागत करने का निर्णय



**गुमला।** चेंबर ऑफ कामर्स के सत्र 2025 की तीसरी बैठक अध्यक्ष राजेश सिंह की अध्यक्षता में बस स्टैंड रोड स्थित चेंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में कई एजेंडों पर चर्चा हुई और सर्वसम्मति से पारित भी किया गया। सर्वप्रथम सचिव बबलू वर्मा के द्वारा पूर्व बैठक की सम्पुष्टि की गई और बैठक में तय किए गए कार्यों की जानकारी दी गई । बैठक में नापतोल विभाग से संपर्क करके अगले माह चेंबर के सहयोग से एक कैंप लगाने का प्रस्ताव लाया गया। वहीं परंपरा के अनुसार आगामी सरहुल और रामनवमी पर्व में स्टॉल लगाकर जुलूस का स्वागत किया जाएगा। बैठक के बाद रामनाथ गोयनका अवार्ड से राष्ट्रपति के हाथ पुरस्कृत पत्रकार अमरनाथ कश्यप और सदाब अली को चेंबर के द्वारा सम्मानित किया गया। पीआरओ आदित्य गुप्ता द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ सचिव बबलू वर्मा, सह सचिव प्रणय साहू, पी आर ओ प्रतीक अग्रवाल, आदित्य गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष पदम साबू, दिनेश कुमार अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य के मुन्नीलाल साहू, गुरमीत सिंह, दिलीप गुप्ता, राहुल केशरी, शंकर लाल साहू, बाबू गुडलक, रितेश गुप्ता, पंकज खण्डेलवाल, अमित मंत्री, संजीव शर्मा, अजय कुमार, संदीप कुमार, बृज फोगला, उपसमिति के दीपक अग्रवाल, शेखर अग्रवाल, पंकज सोनी, रूपक कुमार, दिनेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## नशापान की रोक थाम हेतु घाघरा में चलाया गया जागरूकता अभियान



**गुमला।** समाज कल्याण विभाग गुमला के निदेर्शानुसार खुशमन सांस्कृतिक कला मंच गुमला के द्वारा जिला के सभी प्रखंडों में गीत संगीत एवम नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति आभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को घाघरा प्रखंड के चांदनी चौक एवं घाघरा बाजार परिसर में खुशमन सांस्कृतिक कला मंच द्वारा नागपुरी गीत संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया। इस संबंध में टीम लीडर खुशमन नायक ने कहा जिस परिवार में नशा का सेवन किया जाता है। उस घर परिवार में हमेशा अशांति बनी रहती है। नशापान करने वाले व्यक्ति का शरीर धीरे धीरे खोखला होते जाता है। खैनी, बीड़ी, सिगरेट, गांजा,भांग, शराब आदि नशीली पदार्थ का सेवन कर कई युवा अपना भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। नशापान से समाज के अंदर कई प्रकार के दुष्प्रभाव हो रहे हैं। छेड़खानी, मार, काट, चोरी डकैती आदि कई तरह के गलत काम किए जा रहे हैं। नशा पान करने वाले व्यक्ति का जिंदगी धीरे धीरे छोटा होते जाता है। नशापान के कारण सड़क दुर्घटना में बढ़ोतरी हो रही है। समय से पहले ही मृत्यु हो रही है। घर के मुखिया का अगर मृत्यु हो जाय तो पूरा परिवार उजड़ जाता है। बिपती का पहाड़ खड़ा हो जाता है। इसलिए युवा पीढ़ी किसी भी प्रकार के नशा पान का सेवन न करें। जिस परिवार में नशा पान करने वाले लोग नहीं होते हैं। वह घर परिवार में सुखी एवं शांति होता है। जागरूकता अभियान में सुभाष लोहरा, शक्ति नायक, जीतू नायक, छोटे लाल नायक, राजनाथ नायक, मनतु नायक,रजनी कुमारी, पूजा कुमारी, सोनामुनी केरकेट्टा आदि कलाकारों ने भूमिका निभाई।

## मारवाडी समाज की बैठक में सदस्य के निधन पर शोक व्यक्त किया गया

**गुमला।** मारवाड़ी समाज की बैठक अध्यक्ष पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में पोद्दार स्मृति भवन सिसई रोड में हुई। बैठक में चीनू साबू के पिताजी के आकस्मिक निधन पर सदस्यों ने शोक व्यक्त किया और मृतक की आत्मा की शांति के लिए मौन रखा। बैठक में राजकुमार अग्रवाल, ओमप्रकाश जाजोदिया, महेश कुमार अग्रवाल, शंकर लाल जाजोदिया, राजेश दरगढ, बनवारी लाल अग्रवाल, नवल साबू, जगदीश मालानी, उत्तम गोयल, पवन कुमार शर्मा, राजकुमार गाड़ोदिया, प्रदीप खंडेलवाल, दिनेश अग्रवाल उर्फ देवघर, मनीष कुमार शर्मा, सुभाष साबू, मनोज अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, संजय अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, हरि मालानी, दिनेश अग्रवाल, पवन शर्मा, विनोद साबू, ब्रिज फोगला, सोनू अग्रवाल, राजकुमार राजगढ़िया, संजय अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## शहर में इस वर्ष दो स्थानों पर होगा चैती दुर्गा पूजा, तैयारी जोरों पर

जनजातीय बहुल गुमला में मां दुर्गा की उपासना आदि काल से हो रही है





खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** जनजातीय बहुल गुमला जिला में आदि शक्ति मां दुर्गा की उपासना आदि काल से होता आ रहा है। हिंदू नववर्ष की शुरूआत भी 30 मार्च से होने वाली है। हिंदू नववर्ष के साथ ही चैत्र नवरात्रा आरंभ होगा। नवरात्रा के दिन पूजा समितियों के द्वारा कलश स्थापन की जाएगी। इसके साथ ही मंदिरों व घरों में कलश स्थापन के साथ मां दुर्गा की आराधना आरंभ हो जाएगी। इस वर्ष गुमला जिला में दोनों स्थानों पर चैती दुर्गा पूजा का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर पूजा समितियां अपनी तैयारी में जुट गई है। गुमला शहर में पहले एक स्थान पर एस.एस बालक रोड स्थित देवी गुड़ी मंदिर में श्री चैती दुर्गा पूजा समिति के द्वारा पूजा किया जाता था। लेकिन इस वर्ष से पालकोट रोड में आध्या शक्ति श्री श्री चैती दुर्गा पूजा समिति के द्वारा भी मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा आरंभ की जा रही है। दोनों स्थानों पर पूजा की तैयारी जोरों पर है। पूजा को लेकर दोनों स्थानों पर भव्य पंडाल का निर्माण भी कराया जा रहा है। पूजा समिति के सदस्य पूजा की तैयारी में दिन रात जुटे हुए हैं। चैत मास में साधक मां दुर्गा की आराधना करेंगे। इस दौरान साधक सिद्धि के लिए व अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए भी मां की विशेष उपासना करेंगे। नवरात्रा में नव दिनों तक मां की लगातार आराधना की जाएगी। चैती दुर्गा पूजा से शहर का वातावरण पूरी तरह भक्ति व आस्था में तब्दील हो जाएगी। पर्व को लेकर उत्साह चरम पर है। गुरूवार को आध्या शक्ति चैती दुर्गा पूजा समिति में चल रहे पंडाल निर्माण की तैयारी का सदस्यों ने अवलोकन किया। आध्या शक्ति पूजा समिति द्वारा छोटा लेकिन खूबसूरत पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। इस दौरान पूजा समिति के सदस्य दुर्जय पासवान, भोला चौधरी, रमेश कुमार, दीपक वर्मा, संजय गुप्ता, सौरभ कुमार, अभय वर्मा सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## लायंस क्लब ऑफ गुमला की बैठक संपन्न

क्लब के द्वारा साल का अंतिम आई कैंप का आयोजन 13 अप्रैल को

अच्छे कार्य करने वाले दस सदस्य हुए सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** लायंस क्लब ऑफ गुमला की बैठक लायंस भवन में अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक की शुरूआत संजय अग्रवाल के द्वारा प्रार्थना पाठ, शान्ति पाठ और विश्व शान्ति के लिए एक मिनट का मौन धारण कर किया गया। वहीं अध्यक्ष के द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया। बैठक में सचिव अशोक कुमार जयसवाल ने बताया कि इस साल का अंतिम आई कैम्प 13 अप्रैल को होगा तथा चौथा कैबिनेट की बैठक 11 व 12 अप्रैल 2025 को जमशेदपुर में आहुत की गई है। लायन्स क्लब के लगभग 10 सदस्यों को उनके अच्छे कार्य में सक्रियता के साथ सहयोग करने हेतु क्लब के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, सचिव अशोक जयसवाल, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल एवम पूर्व अध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया के द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्लब के पीआरओ योगेन्द्र साहु, संजीव उर्वशी, बनवारी लाल अग्रवाल, मनमोहन केशरी, बृज फोगला, दामोदर कसेरा, पदम साबू, पवन अग्रवाल, विशाल, विजय गाड़ोदिया, अम्बिका लाल गुप्ता, सतेन्द्र गुप्ता, संजय अग्रवाल, शिव लाल, शशि किरण जयसवाल्स, किरण केशरी, सत्यभामा आदि उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में घायल जवान बंधु की रांची में इलाज के दौरान हुई मौत

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** भारत माता की जय, वंदे मातरम, बंधु केरकेट्टा अमर रहे के नारा से प्रस्तावित उच्च विद्यालय पतिया कुलबिरा गूंजता रहा। वक्त था सेना के जवान बंधु केरकेटा के श्रद्धांजलि कार्यक्रम का। गुमला थाना क्षेत्र के कुलबिरा बरटोली निवासी सेना जवान बंधु केरकेटा की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई थी। बंधु राजस्थान के गंगानगर में 12 गार्ड आर्मी में तैनात थे। वे छुट्टी में घर आया था। 9 मार्च को वह सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। जिसके बाद वह नामकुम स्थित सेना के अस्पताल में इलाजरत था। जहां बुधवार को उनका निधन हो गया। गुरूवार को जवान का पार्थिव शरीर पैतृक गांव आने पर गांव के स्कूल परिसर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखा गया। वहीं स्कूली बच्चों द्वारा मृत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया गया। स्कूल के प्रचार्य गोकुल साहू ने बताया कि बंधु 2011 में मैट्रिक इसी स्कूल से पास किया था। उसके परिवार में उनकी मां, पत्नी और ढाई साल एक बेटा है। वहीं उनके बटालियन के जवानों द्वारा बरटोली में सलामी दिया गया। गांव में पूरा माहौल गमगीन था। मौके पर समाजिक कार्यकर्ता भोला चौधरी, धर्मवीर लाल,उत्तम साहू, कुंवर बैठा, लोहरमैन साहू बहादुर महली, चंदन लाल, बलदेव साहू तीज मोहन साहू सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## अनिल टाइगर की हत्या पर लोहरदगा में सरकार का पुतला दहन व विरोध प्रदर्शन

झारखण्ड की कानून व्यवस्था ध्वस्त : ओमप्रकाश सिंह



खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** बुधवार को भाजपा नेता सह कांके महावीर मंडल के अध्यक्ष अनिल महतो टाइगर की कांके, रांची में हुई निर्मम हत्या के विरोध में गुरुवार को दोपहर एक बजे राजनीतिक पार्टी भाजपा तथा धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा कार्यकर्ताओं ने मिलकर हेंमत सरकार का पुतला दहन पावरगंज चौक में किया। जिसमे भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव, भाजयुमो उपाध्यक्ष अजातशत्रु, विहिप जिलाध्यक्ष रितेश कुमार, केंद्रीय महावीर मंडल अध्यक्ष विपुल तामेडा, श्रीराम समिति अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, केंद्रीय दुर्गा पूजा के महासचिव मिथुन तामेड़ा तथा मुख्य संरक्षक अजय पंकज, मुक्तिधाम समिति अध्यक्ष मनोज गुप्ता मन्ना, योगी सेना अध्यक्ष प्रवीण ठाकुर, राजी पड़हा बेल लक्ष्मी नारायण भगत, सेवा भारती के अध्यक्ष दीपक सर्राफ समेत अनेको प्रतिनिधि तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहें। पुतला दहन में शामिल भाजपा नेता ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि आये दिन विभिन्न जिलों में सनातनी जनप्रतिनिधियों का निर्मम हत्या हो रही है, झारखण्ड की कानून व्यवस्था पूर्णतः ध्वस्त हो चुका है। एक ओर कल राज्य के कद्दावर व नामी हिंदू नेता अनिल टाइगर की सरेआम कांके रांची में हत्या कर दी गयी, तो दूसरी ओर कुछ दिन पहले हजारीबाग में भी सरेआम एक गल्ला व्यापारी की हत्या कर दी गयी थी। वहीं दो दिन पहले मंगला जुलूस में भी शांतिदूतों द्वारा पथराव की गंभीर घटना को अंजाम दिया गया है। राज्य की हालात दिनोदिन बद से बदत्तर होते जा रही है। वहीं भाजपा के ही अजय पंकज ने कहा कि पुलिस प्रशासन के बड़े पदाधिकारी लॉ एंड आर्डर को सख्ती से लागू करने का आदेश मुख्यालय से जारी तो कर देती है, पर हमेशा की तरह यह खोखली आश्वासन ही साबित होती है। पुतला दहन में भाजपा मांडर प्रभारी रिपुसूदन साहू, श्रीचंद प्रजापति अशोक खत्री, अमरेश भारती, पारस साहू, विश्वजीत शाहदेव, सोहन साहू, आदित्य, जीवनराज मेहता, नवीन साहू, ओम महतो, प्रदीप साहू, अभय महतो, गौरव राजकिशोर, राजेश महतो, मनीष शिखर, राजकुमार वर्मा, अनिल उरांव, सरोज प्रजापति, निधिकान्त साहू, शामेंला भगत, कलावती देवी, विक्की, आकाश पंकज, सुशील, देवाशीष, शिवदयाल साहू, अजय मित्तल समेत विभिन्न हिंदू संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए अधिकारी अलर्ट रहें : गुमला डीसी

डीसी व एसपी की अध्यक्षता में ईद, रामनवमी व सरहुल को लेकर विधि-व्यवस्था संधारण हेतु महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

लाइसेंसी एवं गैर-लाइसेंसी जुलूस मार्गों की पहचान कर विशेष निगरानी करें : एसपी



बैठक में शामिल डीसी कर्ण सत्यार्थी, एसपी शंभू सिंह व अन्य अधिकारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** ईद, रामनवमी एवं सरहुल पर्व को लेकर विधि-व्यवस्था संधारण हेतु समाहरणालय स्थित सभागार में गुरूवार को डीसी कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सभी अनुमंडल दंडाधिकारी, एसडीपीओ, बीडीओ, सीओ एवं थाना प्रभारी शामिल थे। बैठक में पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने सभी थाना प्रभारियों से रूट वेरिफिकेशन, विवादास्पद स्थलों की वर्तमान स्थिति, शहरी क्षेत्र में सीसीटीवी की व्यवस्था, ग्रामीण क्षेत्रों में वीडियोग्राफी एवं लाइटिंग की समुचित व्यवस्था तथा पशु तस्करी की रोकथाम से संबंधित विस्तृत चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिया कि लाइसेंसी एवं गैर-लाइसेंसी जुलूस मार्गों की पहचान कर सुरक्षा की दृष्टि से विशेष निगरानी रखी जाए। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि रामनवमी के जुलूस में बजने वाले डीजे गीतों की पूर्व जांच एवं सत्यापन किया जाए। डीसी कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पूर्व तैयारी आवश्यक है। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सभी अधिकारी अलर्ट मोड में रहें और शांति समिति की बैठकें जहां नहीं हुई हैं, वहां शीघ्र आयोजित करें। ट्रैफिक प्रबंधन को लेकर भी विशेष निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पशु तस्करी पर विशेष निगरानी रखते हुए चेकिंग अभियान तेज किया जाए। जुलूस निकालने वाले सभी समूहों को समय पर लाइसेंस जारी किए जाएं। इसके अतिरिक्त सोशल मीडिया पर भी सतर्क दृष्टि रखने एवं किसी भी अफवाह अथवा भ्रामक सूचना के प्रसार को रोकने के लिए विशेष मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्योहारों के दौरान शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण बनाए रखने के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें।

## चाल्हो गोपालगंज के बीच बन रहे पीसीसी सड़क में बरती जा रही है भारी गड़बड़ी



**कैरो।** प्रखंड क्षेत्र में विकास के नाम पर घोर भ्रष्टाचार और अनियमितता के साथ सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। प्रखंड क्षेत्र के चाल्हो गोपालगंज के बीच बन रहे पीसीसी सड़क में इसका जीता जागता उदाहरण देखा जा सकता है। ग्रामीणों के द्वारा लगातार शिकायत मिलने पर जब गुरुवार कार्य स्थल पर जाकर देखा गया तो पता चला कि न तो गोपालगंज न ही चाल्हो गांव के छोर से निर्माण कार्य किया जा रहा है दोनों के बीच में काम करके छोड़ दिया गया है जिस कारण आवागमन भी बाधित है। इसके अलावा बनते के साथ ही पीसीसी में दरार ही दरार नजर आ रहा है, इतना ही नही ढलाई के लिए बिछाया गया पटरा भी ऐसा लग रहा है जैसे खुदाई करके लगाया गया है ताकि किनारे से मापी सही आ जाये किन्तु बीच में कम ढलाई का काम हो रहा है। सारी बिंदु को लेकर निर्माण कार्य देख रहे जेई जितेंद्र पंडित से बात करने पर कहा कि जायसवाल कंट्रक्सन द्वारा किया जा रहा काम है और हर हाल में निर्माण कार्य में लापरवाही नही करने और गुणवत्तापूर्ण काम करने का निर्देश दिया गया है इसके बावजूद अगर ऐसा काम हुआ है तो गलत है। मेरी अनुपस्थिति में इस तरह का काम हुआ होगा। इधर ग्रामीणों से बात करने पर बताया कि कौन है कहां का ठीकेदार है इसे हमलोग नहीं जानते हैं और लेकिन आपसी बंदरबांट करते हुए इस तरह के घटिया निर्माण होने से हमलोगों के साथ धोखा हो रहा है, चुकीं इस रास्ते से ग्रामीणों को चलना है और लाखों करोड़ो की योजना पर इस तरह का अनदेखी बर्दास्त नहीं किया जाएगा अगर काम मे सुधार नही होता है तो इसके लिए आगे तक जाएंगे।

## जारी प्रखंड परिसर में लगा जलमीनार हुआ खराब, ग्रामीणों को हो रही है परेशानी



**जारी।** जारी प्रखंड परिसर में लगा जलमीनार बीते 8 दिनों से खराब पड़ा है। जिसे प्रखंड कार्यालय आने वाले ग्रामीणों व प्रखंड के कर्मियों को पेयजल हेतु समस्या हो रही है। पते की बात तो यह है कि खराब जलमीनार बनाने की दिशा में प्रखंड कार्यालय दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है। इसे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि दूरस्त क्षेत्रों में पेयजल की स्थिति क्या होगी। ग्रामीणों का कहना है कि नल जल के तहत बने अधिकांश प्याउ खराब हो चुकी है। इसके अलावा मुखिया फंड से बने जलमीनार की भी स्थिति गंभीर है। जारी प्रखंड में बने अधिकांश जलमीनार अब हाथी के दांत साबित हो रहे है। क्योंकि रखरखाव के कमी के कारण खराब हो चुकी है।

## जोरी में स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** विकास भारती बिशनपुर द्वारा संचालित कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह के द्वारा सदर प्रखंड के जोरी गांव में स्थित एसएन मिश्रा स्मृति संस्थान द्वारा संचालित शिशु ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल जोरी में एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। डॉ एसके मिश्रा के द्वारा उपस्थित ग्रामीण महिला पुरुष एवं बच्चों का वजन, ब्लड प्रेशर, सर्दी खांसी, अपच आदि का निशुल्क जांच कर आवश्यकता अनुसार दवाओं का वितरण किया गया। इस जांच शिविर में कुल 82 मरीजों का बीपी शुगर सामान्य रोग का जांच कर दवा दिया गया। शिविर को सफल बनाने में शिशु ज्ञान दीप के प्राचार्य संजय कुमार मिश्रा एवं एसएन मिश्रा स्मृति संस्थान के निदेशक सतीश कुमार मिश्रा सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं और कल्याण अस्पताल के चिकित्सक डॉ एसके मिश्रा, प्रबंधक प्रणव पाठक, एएनएम यशिका तिग्गा, माधुरी देवी, फारूक अंसारी, एतवा उरांव आदि उपस्थित रहे।

### 30 मार्च को निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन व लैंस प्रत्यारोपण शिविर का होगा आयोजन




शिविर में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कल्याण अस्पताल के प्रबंधक प्रणव कुमार पाठक ने बताया कि कल्याण अस्पताल में 29 मार्च दिन शनिवार को नेत्र रोग से संबंधित सभी रोगों का जैसे आंख का कम दिखाना, आंख से पानी आना, जलन होना एवं आंख के पावर जांच और मोतियाबिंद का जांच किया जाएगा एवं 30 मार्च को निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस जांच शिविर में रांची के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर एस के गुप्ता एवं नेत्र सर्जन डॉ वीरेंद्र कुमार के द्वारा ऑपरेशन किया जाएगा और लेंस प्रत्यारोपित किया जाएगा। यह शिविर जिला अंधापन रोग नियंत्रण लोहरदगा एवं जीवन ज्योति ट्रस्ट रांची के द्वारा कल्याण अस्पताल में किया जाएगा। साथ ही 30 को कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह में निशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा जिसके लिए आवेदकों को राशन कार्ड, आधार कार्ड, आधार कार्ड से लिंक मोबाइल एवं दो प्रति फोटो लाना अनिवार्य है।

## लोहरदगा निबंधन कार्यालय के अधिकारियों में हड़कंप

**लोहरदगा।** जिला निबंधन कार्यालय में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो एसीबी की टीम ने गुरुवार को कंप्यूटर ऑपरेटर दिलीप कुमार को 5000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद एसीबी की टीम ने निबंधन कार्यालय में करीब एक घंटे तक पूछताछ की। इस दौरान जिला निबंधन पदाधिकारी अपने कार्यालय में ही बंद रहे, जबकि अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी सवालों से बचते नजर आए। खास बात यह रही कि खुद एसीबी की टीम भी इस कार्रवाई पर ज्यादा कुछ बोलने से बचती रही। इस कार्रवाई के बाद निबंधन कार्यालय के कर्मचारियों व अधिकारियों में हड़कंप मच गया है।

## आधार सेंटर पर भीड़, कोई मंईयां तो कोई राशन के लिए लगा है कतार में

राशन कार्ड में केवाईसी की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई है



### इतने कम समय में सब लोगों का कैसे होगा आधार अपडेट

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** राशन कार्ड किसी भी व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इसी दस्तावेज में नाम सही रहा तो लोगों को आयुष्मान भारत योजना, मंईयां सम्मान योजना जैसी लाभकारी योजनाओं का लाभ मिल सकता है।

इस बीच राशन कार्ड के लिए केवाईसी का काम भी चल रहा है, जो अंतिम चरण पर पहुंच चुका है। राशन कार्ड में केवाईसी की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित कर दी गई है। इसके तहत राशन कार्ड के सभी सदस्यों का सत्यापन किया जा रहा है। जिसके लिए लोगों का आधार कार्ड पूरी तरह से दुरुस्त रहना जरुरी है। ऐसे में आधार कार्ड को सही करवाने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी है। प्रखंड के 45 गावों के लिए फिलहाल एक मात्र प्रखंड कार्यालय मे आधार सेंटर संचालित है जिसमे प्रति दिन भारी भीड़ उमड़ रही है। सेंटर पर हर रोज सैकड़ों लोग पहुंच रहे हैं। इस संदर्भ में यूआईडी बनाने वाले राधे कुमार ने बताते हैं कि प्रखंड मे एक मात्र सेंटर पर आधार कार्ड बनाने, इसे सुधारने का काम चल रहा है। पूर्व मे मे प्रखंड के सभी पंचायत मे आधार सेंटर संचालित था पर जनवरी से सभी पंचायत मे आधार अपडेट बंद है।

जिससे आधार सेंटर पर लोगों की अधिक भीड़ उमड़ पड़ी है। इधर प्रखंड कार्यालय में अवस्थित सेंटर में भारी भीड़ उमड़ रही है। प्रखंड में सुबह 4 बजे से ही लोग पहुंच रहे हैं। सेंटर पर पहुंचने वाला हर व्यक्ति इसी उम्मीद से आ रहा हैं कि उनका काम जल्दी हो जाएगा।

ऑपरेटर राधेश्याम कुमार कहते हैं कि उनके यहां एक दिन में 30 लोगों का ही आधार अपडेट हो पा रहा है। लेकिन भीड़ हर रोज 3 से 4 सौ की पहुंच रही है। हर कोई तुरंत ही काम चाहता है। ग्रामीण महिलाओ ने बताया की राशन कार्ड के लिए हो रहे केवाईसी में उसके बेटा का अंगूठा नहीं ले रहा है। वे पंचायत के सेंटर गए थे, लेकिन वहां के ऑपरेटर के द्वारा बताया गया काम नहीं हो रहा है जिससे ग्रामीण निराश होकर लौट रहे है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लाभुकों का आधार सीडिंग अनिवार्य किया गया है।

इसके तहत प्रखंड के जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को राशन कार्ड धारकों के निवास स्थान पर जाकर उनका ई-केवाईसी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार ई-केवाईसी की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई है।

## किसानों के साथ कांग्रेस नेताओं ने विभिन्न विभागों में जाकर योजनाओं की ली जानकारी

>> किसान योजनाओं का लाभ उठकार प्राप्त करें रोजगार, योजनाओं के सही क्रियान्वयन से रूकेगा पलायन



खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** असंगठित कामगार कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मो मुख्तार आलम व सेवादल जिलाध्यक्ष मो कलाम संयुक्त रूप से अपनी टीम के सदस्यों के साथ विभिन्न प्रखंडों से आए किसानों को लेकर विभिन्न विभागों में जाकर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी ली। इस दौरान कांग्रेसी पशुपालन विभाग, जिला उद्यान विभाग, भूमि संरक्षण, कृषि एवं मत्स्य विभाग के पदाधिकारी से मिली किसानों के हित में संचालित योजनाओं के विषय में जानकारी हासिल की। मो मुख्तार आलम ने कहा कि जिला के कई किसान और मजदूर अपने घर परिवार को छोड़कर दूसरे राज्य जाकर पलायन कर रहे हैं। इसकी मुख्य समस्याएं यह है कि किसान और मजदूर सरकार की योजना से जुड़ नहीं पा रहे हैं। हम लोग हर संभव प्रयास करेंगे की सरकार की योजनाओं से इन लोगों को जोड़कर पलायन रोका सके। उन्होंने कहा कि विभाग के पदाधिकारी भी अपना विभाग के योजनाओं को लेकर बहुत गंभीर हैं। हर संभव प्रयास कर रहे हैं कि सरकार की योजनाएं सभी जरूरतमंद लोगों तक पहुंच सके। कलाम आलम ने कहा कि जिला उद्यान विभाग के द्वारा बहुत योजनाएं चलाई जा रही है। जिसमें केला की खेती, अदरक, स्ट्रॉबेरी, और फूलो की खेती कर किसान अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार कर सकते हैं। इन चीजों की खेती में सिंचाई की विशेष जरूरत नहीं पड़ती है। इस तरह की विभिन्न योजनाएं हैं इससे जरूरतमंद व्यक्ति जुड़कर अपना रोजगार करेंगे। वहीं भूमि संरक्षण से तालाब, ट्रैक्टर, पंप सेट और डिट बोरिंग योजनाएं चलायी जा रही है। जिसका लाभ किसान ले सकते हैं। मत्स्य विभाग से मछली पालन हेतु योजनाएं चल रही है। हमलोगों का प्रयास होगा कि गुमला जिला के 12 प्रखंडों के किसान मजदूर को सरकार की योजना से जोड़ा जाए। इसके लिए हम लोग प्रखंड व पंचायत में कैंप लगाकर ग्रामीणों को जानकारी देंगे और योजना से जोड़ेंगे।

# नेतरहाट के मुखिया शशि पन्ना ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सौंपा प्रस्ताव

खबर मन्त्र संवाददाता



**लातेहार।** महुआडांड़ प्रखंड और लातेहार जिला विभिन्न समस्याओं को लेकर नेतरहाट पंचायत के मुखिया राम विष्णु नगेसिया और युवा नेता शशि पन्ना ने हाल ही में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं की कमी, सड़क निर्माण, जल आपूर्ति और शिक्षा-स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को मुख्यमंत्री के सामने रखा।

### लातेहार जिला में भूमि सर्वे को प्रारंभ करने की रखी मांग

युवा नेता शशि पन्ना ने लातेहार जिला में हो रहे भूमि संबंधित समस्याओं को माननीय मुख्यमंत्री के समक्ष अवगत करवाया एवं पिछला आर एस सर्वे में त्रुटियों की जानकारी दी। शशि पन्ना ने मुख्यमंत्री का ध्यानाकृष्ट किया कि वर्ष 2019 में ही लातेहार जिला में भूमि सर्वे करने हेतु कैबिनेट से प्रस्ताव पारित किया गया है परन्तु अब तक प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हुआ है। माननीय मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि बहुत जल्द सर्वे कार्य संबंधित विभाग से प्रारंभ की जाएगी।

### मुखिया ने जनहित से जुड़े मुद्दों पर दिया जोर

मुखिया राम विष्णु नगेसिया ने कहा कि उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता जनता की सेवा करना है। उन्होंने कहा, मेरी कोशिश है कि पंचायत के हर व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे और उनकी समस्याओं का समाधान हो। जेपीएससीएवं, जेएसएससी में लंबित परीक्षाओं को जल्द पूरा कर रिजल्ट प्रकाशन करने तथा नए विज्ञापन जल्द जारी करने की आग्रह की युवा नेता शशि पन्ना ने मुख्यमंत्री महोदय से जल्द से जल्द जेपीएससी एवं जेएसएससी परीक्षाओं को पूर्ण करने की आग्रह की तथा छात्रों की भावनाओं को अवगत करते हुए बताया कि युवाओं को इस सरकार से बहुत उम्मीद है, रिक्त पदों पर विज्ञापन निकाल जल्द परीक्षा का आयोजन किया जाए ताकि छात्रों की भविष्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़े। राज्य गठन के बाद से ही रेगुलर परीक्षा नहीं होने के वजह से बहुतों की उम्र सीमा खत्म हो रही अतः मुख्यमंत्री से उम्र सिम में छूट देने की भी मांग की।

### ग्रामीणों को विकास कार्यों से मिलेगी राहत

मुखिया ने कहा कि जल्द ही पंचायत में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि वे लगातार सरकार से संपर्क में रहकर पंचायत के विकास के लिए प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर नेतरहाट मुखिया श्री राम बिशुन नगेशिया, युवा नेता शशि पन्ना एवं सामाजिक कार्यकर्ता आमिल दहंगा शामिल थे।

## लातेहार में श्रीराम कथा वाचक राजन जी महाराज के सानिध्य में संपन्न होगा श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ



खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** प्रसिद्ध श्रीराम कथा वाचक राजन जी महाराज लातेहार आयेगें और कथा करेगें। यह कथा साल 2027 मे होगी। इसे ले कर स्थानीय श्रीराम वाटिका में एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी रामनाथ अग्रवाल ने की. बैठक में कई निर्णय लिये गये। श्री अग्रवाल ने बताया कि राजन जी महाराज के सानिध्य में श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ संपन्न होगा। उन्होने बताया कि यह आयोजन साल 2027 के दिसंबर माह में प्रस्तावित है। उन्होने बताया कि आगामी 28 मार्च को राजन जी महाराज झारखंड के बोकारो आयेगें। उस दौरान लातेहार से रामनाथ अग्रवाल, आचार्य संतोष मिश्रा व निर्मल कुमार महलका आदि श्री महाराज को निमंत्रण देने जायेगें। कार्यक्रम के लिए जिला स्टेडियम, राजहार व राजकीय पोलिटेक्निक के पास सरना धाम का प्रस्ताव दिया गया। इनमें से किसी एक स्थान पर कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम की प्रशासनिक अनुमति लेने के लिए राजेद्र पासवान को अधिकृत किया गया। कार्यक्रम का व्यापक प्रचार प्रसार करने के लिए राजीव रंजन कुमार पांडेय व निर्दोष कुमार गुप्ता को मीडिया प्रभारी बनाया गया। बैठक में अवध किशोर वैध ने बताया कि ज्ञान यज्ञ के लिए याज्ञात्मक अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा। इसका प्रारूप आचार्य संतोष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में निर्धारित किया जायेगा। बैठक में त्रिभुवन पांडेय, राजेंद्र पासवान, धीरेंद्र कुमार शुक्ला, मनोज प्रसाद, मुरारी प्रसाद अग्रवाल, अनिल कुमार गुप्ता, सुनील कुमार शौण्डिक, निर्दोष गुप्ता, बीरेंद्र प्रसाद, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, दीपक कुमार अग्रवाल, रविंद्र अग्रवाल, आलोक कुमार मंटू, पंडित दिनेश कुमार त्रिपाठी, मनीष कुमार त्रिपाठी, पंडित हरिनारायण त्रिपाठी आदि मौजूद थे।

## विधायक ने इको सेंसटिव जोन की परिधि कम करते हुए विकास कार्य को गति देने की सदन में रखी मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



रामचंद्र सिंह विधायक।

**बरवाडीह।** विधायक रामचंद्र सिंह ने गुरुवार को गैर सरकारी संकल्प के दौरान सदन में दलमा के तर्ज पर पलामू टाइगर रिजर्व अंतर्गत बेतला नेशनल पार्क, पलामू वन्य प्राणी अभ्यारणी, महुआडांड़ अभ्यारणी जिसका अधिकांश भूभाग मनिका विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आता है। इसके इको सेंसटिव जोन की परिधि को दलमा की तर्ज पर कम करने की मांग की है, ताकि विकास योजनाओं को गति मिल सके। विधायक ने कहा कि वर्तमान में इको सेंसटिव जॉन क्षेत्रों के कारण विकास योजनाओं में रुकावट आ रही है। यदि इन क्षेत्रों की सीमा में कटौती की जाती है तो तो विकास परियोजनाओं को गति मिल सकती है। वहीं क्षेत्र में आर्थिक प्रगति होने के साथ पलायन को रोक जा सकता है। इसके अलावा विधायक ने उक्त क्षेत्र के विकास को लेकर पर्यटन, कृषि, सिंचाई आधारित कार्य विशेष पैकेज के तहत उपलब्ध कराने तथा यहां के युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार मुहैया कराने की मांग रखी। विधायक के सवाल के जवाब में पर्यटन मंत्री सुदीप्य कुमार सोनू ने आश्वस्त किया है कि पर्यटन के दृष्टिकोण से क्षेत्र के विकास की रूप रेखा तैयार की जा रही है। सरकार इस मुद्दे पर गंभीर है। आने वाले समय में विधायक रामचंद्र सिंह के सोच और सुझाव के अनुरूप विकास के कार्य कराएं जाएंगे।

# रामनवामी, सरहुल व रमजान को लेकर बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**बारियातू।** थाना परिसर मे गुरुवार को रामनवमी, सरहुल व रमजान को सहोदर्य वातावरण के साथ मनाने को लेकर बैठक किया गया। बैठक मे बीडीओ अमित कुमार पासवान ने कहा की बारियातू प्रखंड क्षेत्र मे पूर्व से ही सभी समुदाय के लोग त्यौहार को शांति व्यवस्था के साथ मानते आए हैं उसे बरकरार रखना है। और सरकारी गाइडलाइन का पालन करना है। डीजे साउंड पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध रहेगा। छोटा साउंड बजाने के पूर्व गाना का जांच किया जायेगा। किसी भी प्रकार के बिवादित गाना नहीं बजाना है। तनाव पूर्ण स्थिति उत्पन्न करने वाले पर शख्त कार्रवाई की जायेगी। वहीं थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने उपस्थित सभी समिति के सदस्यों को कहा की जुलुस मे सभी अखाड़ा के समिति दस-दस स्वयंसेवी के लिए सूची बनाकर मोबाइल नंबर सहित थाना को सौपे। वैसे स्वयं सेवी का नाम दें जो भीड़ को शालीनता से नियंत्रण कर सके। जुलुस मे जो शराब पीकर हुड़दंग करे प्रशासन को तुरंत सूचित करें। जिस गांव मुहल्ले से जिस रूठ से जुलुस निकाला जाता है उसी रूठ से जुलुस निकालें। जुलुस का रूठ परिवर्तन नहीं करें अन्यथा इसकी जवाबदेही समिति होगी। संवेदनशील जगहों पर ड्रोन से फोटो ग्राफी की जाएगी इसलिए किसी भी तरह के अफवाह या जुलुस मे दिग्भ्रमित करने वाले सावधान रहें। शोशल मीडिया पर भी विशेष ध्यान रखा जायेगा। शोसल मिडिया मे किसी तरह का सहोदर्य को बिगाड़ने का प्रयास किया तो उसपर तत्वरित कार्रवाई की जाएगी। वहीं प्रखंड स्तरीय सरहुल समिति से सरहुल पूजा को लेकर जानकारी लिया गया। सरहुल के जुलुस मे पर्याप्त मात्रा मे पुलिस बल और मजिस्ट्रेट व्यवस्था करने की बात कहा साथ ही प्रशासन की ओर से चना शरबत भी व्यवस्था की जाएगी। सरहुल की जुलुस के क्रम मे वाहनों के लिए रूठ परिवर्तन किया जायेगा। ईद को लेकर सभी से नमाज के लिए समय सारणी की जानकारी ली गई जहाँ लोगों ने बताया की अधिकतम उम्मीद है की 31 मार्च को ईद त्यौहार हो सकता है। ईद मे बारियातू बस्ती, इटके, साल्वे, डाढ़ा रत्नादाग, बठेठ, सिबला व फूलसु मे 9 से 10 बजे तक नमाज अदा की जाती है। यहां पूर्व से ही सभी त्योहारों मे भाईचारे का मिशाल दिया जाता है। एक दूसरे की त्यौहार मे मान समान दिया जाता है।

मौके पर उपस्थित प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, जिप सदस्य रमेश राम ने भी शांति व्यवस्था के साथ त्यौहार मनाने की अपील की। मौके पर निर्मल मंडल, रितेश तिग्गा, सुरेश सिंह, मिथलेश सिंह सहित जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र गंझु,मुखिया केदार गंझु, सुरेश उरांव, समाजसेवी वीरेंद्र पासवान, बहादुर गंझु, कयूम मियाँ, मो सालिम, धनेश्वर उरांव, गौतम सिंह, पूरन राम, तुला गंझु, धर्मदेव उरांव, सकीन्दर राम, संतोष ठाकुर, दिगम्बर टाना भगत,लाल आशीष नाथ शाहदेव, कामेश्वर भोगता, उमेश सिंह सहित काफी संख्या मे लोग मौजूद थे।

## रामनवमी को लेकर बरवाडीह थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न, डीजे पर रोक



**बरवाडीह।** रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर गुरुवार को बरवाडीह थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी ने किया। वहीं बैठक में बीडीओ रेशमा रेखा मिंज, सीओ मनोज कुमार, एसडीपीओ भरत राम, इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार, आरपीएफ इंस्पेक्टर राकेश रंजन, नसीम अंसारी, बीरेंद्र जयसवाल सहित विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोग, स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि और पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान रामनवमी जुलूस के मार्ग, समय और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। थाना प्रभारी ने कहा कि रामनवमी का त्योहार हर्ष और उल्लास का प्रतीक है, जिसे सभी को मिलजुल कर मनाना चाहिए। उन्होंने सभी से आपसी भाईचारे और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। प्रशासन ने आश्वासन दिया कि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी और जुलूस को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए पुलिस बल तैनात रहेगा। बैठक में सभी अखाड़ों को लाउडस्पीकर (लाउडली साउंड) के उपयोग को लेकर दिशानिर्देश भी दिए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि ध्वनि प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए लाउडस्पीकर का उपयोग निर्धारित सीमा में किया जाए और किसी भी नियम का उल्लंघन न हो।

## नीलांबर पीताम्बर शहादत दिवस पर झामुमो का कार्यक्रम आज

**बालूमाथ।** नीलांबर पीताम्बर शहादत दिवस के मौके पर बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित नीलांबर पीतांबर की प्रतिमा पर झारखंड मुक्ति मोर्चा माल्यार्पण कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेगा। झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप गंझू की अध्यक्षता में बुधवार को माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें महागठबंधन के नेता, बुद्धिजीवी और प्रखंड स्तरीय पार्टी के पदाधिकारी एवं पंचायत के अध्यक्ष सचिव एवं सदस्यगण मौजूद रहेंगे। उक्त आशय की जानकारी बालूमाथ झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष मो सरफराज ने दी हैं।

## बजट सत्र में भी नहीं हो पाई टोरी आरओबी की चर्चा, लोगो में रोष

**चंदवा।** टोरी-चंदवा एनएच 99 न्यु 22 पर फ्लाई ओवरब्रिज मामले को 24 फरवरी से 27 मार्च तक चलने वाले बजट सत्र में उठाने और इस पर चर्चा कराने की मांग को लेकर किसानों ने तीन दिन तक जमीन समाधि सत्याग्रह कामता पंचायत सचिवालय के समीप किया था। गुरुवार को बजट सत्र समाप्त भी हो गया लेकिन टोरी चंदवा फ्लाई ओवरब्रिज मामले को विधानसभा में नहीं उठने पर माकपा नेता अयूब खान ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। एनएच पर टोरी रेलवे क्रॉसिंग होने और व्यस्त रेलमार्ग के कारण फाटक जाम में घंटों फंसे रहते हैं, कई बार मरीज लिए एम्बुलेंस भी जाम में फंस जाती है इसके कारण कई लोगों की मौत फाटक पर ही हो जाती है, जाम में चार पहिया वाहनों की लंबी लंबी कतारें लगी रहती हैं इसके अलावा छात्र-छात्राएं टाईम पर स्कूल कॉलेज नहीं पहुंच पा रहे हैं, रेलवे फाटक जाम में फंसकर महिलाओं का प्रसव इस रेलवे पाठक पर ही हो जाती है। अब रेलवे क्रॉसिंग जाम समस्या किसी को भी बर्दाश्त नहीं हो रहा है, इतनी बड़ी और गंभीर समस्या से किसान आमजन जूझ रहे हैं। इस स्टेशन से रेलवे विभाग को राजस्व की आमद अच्छी है परंतु यात्रियों के लिए स्टेशन आने जाने की कोई सुविधा नहीं है, अयुब खान ने झारखंड सरकार पर टोरी आरओबी और रेलवे फाटक जाम समस्या की अनदेखी करने का आरोप लगाया है।

# रामनवमी पूजा को लेकर युवा भारत की बैठक

▶▶ विभिन्न अखाड़ा समितियां के साथ जुलूस के समय सामने एवं पूर्व संध्या पर निकलने वाली बाइक रैली लेकर हुई चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता



**चंदवा।** स्थानीय जय हिंद पुस्तकालय सभागार में बुधवार की रात्रि आगामी रामनवमी पूजा महोत्सव को लेकर युवा भारत द्वारा बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता रमेश जायसवाल ने की। बैठक में अलौदिया, शुक्रबाजार, हरिया, कुजरी, कंचन नगरी, डेमटोली, सरोज नगर समेत कई अखाड़ी समिति के युवा मौजूद थे बैठक में रामनवमी शोभा यात्रा के दौरान निकलने वाली झांकी, पूर्व संध्या पर निकलने वाले मोटरसाइकिल जुलूस को लेकर विभिन्न अखाड़ा समूहों के साथ विचार विमर्श किया गया, साथ हीं मोटरसाइकिल जुलूस का रूपरेखा तय की गई। मुख्य कार्यक्रम स्थल के लिए स्थान का चयन भी जल्द करने का निर्णय लिया गया।

### रामनवमी के पूर्व संध्या पर 5 अप्रैल को निकलेगी जुलूस, शाम 3 बजे हाई स्कूल में होगा जुटान

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि रामनवमी के पूर्व संध्या पर निकलने वाली बाइक जुलूस की शुरूआत हाई स्कूल खेल स्टेडियम से शाम 3 बजे होगी, जो इंदिरा गांधी चौक-मुख्य बाजार होते पीपल नीचे सुभाष चौक-श्रीराम चौक-कामता नाका-कुजरी होते भूषाड़ देवीमंडप से वापस कुजरी मंदिर के पास हनुमान चालीसा के बाद सीधा शुक्रबाजार होते अलौदिया देवीमंडप में शरबत और हनुमान चालीसा के संपन्न होगी। वहीं शोभा यात्रा को लेकर तय किया गया कि कुजरी व अलौदिया अखाड़ा 4 बजे तक श्रीराम चौक पहुंचेंगे, 5 बजे सभी महावीर स्थल से निकाले जाने वाला झंडा का मिलन पूर्व की तरह पीपल नीचे के आगे होगा, आधे घंटे का कार्यक्रम सुभाष चौक पर, आधे घंटे का हिंदुस्तान होटल के आगे, एंबीशन के पास, थाना के पास उसके बाद मुख्य समारोह स्थल पर कार्यक्रम आयोजित होगी।

बैठक में आदर्श रविराज, दीपक निषाद, रिकी वर्मा, मंटू सोनी, दारा सिंह, कृष्णा कुमार, बबलू सोनी, अमृत कुमार, विट्टू कुमार, रूपेश कुमार, अरुण प्रिंस, छोटू कुमार, रिंकू कुमार, उदय कुमार समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## आयुष्मान मेला का हुआ आयोजन

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को आयुष्मान मेला का आयोजन किया गया जिसका विधिवत उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बड़ाइक ने दीप प्रज्वलित कर कर किया। मौके पर विभिन्न रोगों की जांच हेतु का स्टॉल लगाया गया था। जिसमें 212 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया। जिसमें शिशु स्वास्थ्य के 8, बीपी जांच 18, एचबी टेस्ट 23, ओरल कैंसर 18, ब्रेस्ट कैंसर 11 लोगों का जांच किया गया और उनके बीच मुफ्त दवा का वितरण किया गया। मौके पर जानकारी देते हुए प्रकाश बढ़ाइक ने बताया की आयुष्मान स्वास्थ्य मेला के तहत समय-समय पर इस तरह के शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। और लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें मुफ्त दवा भी दी जाती है। स्वास्थ्य मेला का उद्देश्य है कि जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मिले और उनका सही उपचार हो।

## प्रखंड स्तरीय कृषि मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन



**चंदवा।** चंदवा प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्रालय झारखंड सरकार एवं कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) लातेहार के तत्वावधान में एकदिवसीय प्रखंड स्तरीय कृषि मेला सह फसल प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि बीडीओ चंदन प्रसाद, कृषि विज्ञान केंद्र हजारीबाग के वैज्ञानिक डॉ. पंकज कुमार, आत्मा लातेहार के सविता उरांव, पंसस बुधन गंझु व अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके उपरांत कृषि वैज्ञानिक डॉ पंकज कुमार ने मेले में आए किसानों को आधुनिक व उन्नत कृषि तकनीक की जानकारी साझा करते हुए उच्च उपज वाली फसल किस्में, जैविक खेती, सटीक खेती (प्रिसिजन फार्मिंग) के लिए डिजिटल समाधान, उन्नत कृषि यंत्र, जलवायु-अनुकूल कृषि, फसल विविधीकरण, डिजिटल कृषि, युवा और महिला उद्यमिता, कृषि विपणन, किसान संगठन और किसानों द्वारा नवाचार जैसे विषयों पर भी जानकारी साझा की। वहीं बीडीओ चंदन प्रसाद ने कहा कि किसी भी क्षेत्र का विकास तब तक संभव नहीं है, जब तक तकनीकी जानकारी किसानो को नहीं मिलती, किसान मेला का आयोजन से किसानों को उन्नत कृषि उपकरणों, नवीनतम शोध एवं सरकारी योजनाओं के बारे में जानने का एक मंच मिलता है। क्षेत्र के दर्जनों किसानों के द्वारा मेले में अपने फसलों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिन्हें अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार पाठक ने किया।

## धीरज प्रसाद साहू को कांग्रेस कमेटी ने दी बधाई

**बारियातू।** कांग्रेस प्रखंड कार्यालय मे राज्यसभा सांसद और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धीरज प्रसाद साहू को लातेहार जिला कमेटी के पर्यवेक्षक बनाए जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। बधाई देने वाले कांग्रेस अध्यक्ष रिगन कुमार कुलदीप राम, मुकेश राम, संदीप कुमार, त्रिभुवन प्रसाद, राजेश कुमार, संतोष राम, राहुल यादव,सम्भु यादव, मोहमद तयाब, मुमताज,इतियाक इमरान,सुनील उरांव,निरंजन यादव व बारियातू प्रखंड कांग्रेस परिवार ने पूर्व राज्यसभा सांसद और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धीरज प्रसाद साहू को लातेहार जिला कमेटी के पर्यवेक्षक बनाए जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर रिगन कुमार ने कहा कि धीरज प्रसाद साहू का अनुभव और नेतृत्व लातेहार जिला कांग्रेस को नई ऊंचाइयों तक ले जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह नियुक्ति पार्टी के प्रति उनके समर्पण और निष्ठा का प्रमाण है। बारियातू प्रखंड कांग्रेस परिवार ने इस अवसर पर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में पार्टी और मजबूत होगी। इस खुशी के मौके पर प्रखंड के सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

## जेएमएम नेता केंद्रीय महासचिव से की मुलाकात,

**बरवाडीह।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अफजल अंसारी ने गुरुवार को अपने समर्थकों के साथ राजधानी रांची पहुंच पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने आवेदन सौंप कर झामुमो बरवाडीह के नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी को प्रखण्ड अध्यक्ष के पद से हटाने की मांग की। दिए गए आवेदन में उन्होंने कहा कि लातेहर जिला संयोजक प्रमुख लाल मोती नाथ सहदेव की अनुशंसा पर शशि भूषण तिवारी को प्रखण्ड अध्यक्ष बनाया गया है जो किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है। जहां केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने मामले की जांच कराने को लेकर कार्यकताओं को आश्वत किया। यहां बताते चले कि शशि भूषण तिवारी पूर्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा के बरवाडीह प्रखण्ड अध्यक्ष के पद पर रहे चुके है। इनके बाद अफजल अंसारी को बरवाडीह का प्रखण्ड अध्यक्ष बनाया गया था। इधर कमेटी भंग होने के बाद पिछले दिनों बरवाडीह में आहूत कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रखण्ड अध्यक्ष के लिए शशि भूषण तिवारी और अफजल अंसारी दोनों का नाम केंद्रीय समिति के पास भेजा गया था। जहां केंद्रीय समिति ने शशि भूषण तिवारी के नाम पर मुहर लगाई है।

# ईद, सरहुल व रामनवमी को लेकर बालूमाथ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**बालूमाथ।** ईद, सरहुल और रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर बालूमाथ थाना परिसर में गुरुवार को बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन हुआ। मौके पर दोनो समुदाय के लोगो से पदाधिकारीयो ने त्योहार के शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील किया। जहां उपस्थित लोगों ने त्योहार को लेकर अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया जिसमे मोतिउर रहमान ने कहा कि बालूमाथ में सभी त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनते आया है आगे भी मनाया जाएगा ईद की नमाज पांकी रोड स्तिथ ईदगाह में पढ़ी जाएगी उस वक्त नो एंट्री लगाई जाए ।वही ऐश्वर्य उरांव ने कहा कि सरहुल पर्व का जुलूस सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा जिसको लेकर बालूमाथ में नो एंट्री लगाया जाए। ताकि जुलूस में कोई परेशानी न हो सके। वही बालूमाथ रामनवमी पूजा के अध्यक्ष रौशन गुप्ता ने जानकारी देते बताया कि अष्टमी के दिन मोटरसाइकिल जुलूस निकलता है और दसमी के दिन बालूमाथ में भव्य झांकी के साथ जुलूस निकलता है। बता दे कि 31 मार्च को ईद की नमाज ईदगाह और मस्जिदों में नमाज पढ़ी जाएगी वही सरहुल पर्व मनाने के लिए आदिवासी समुदाय के लोगो के द्वारा 1अप्रैल को पूजा की जाएगी वही रामनवमी पूजा 6 और 7अप्रैल को मनाई जाएगी वही बालूमाथ एसडीपीओ ने सभी रूट का जुलूस का रूठ चार्ट, भोलेन्टियर आई डी कार्ड बालूमाथ थाना में उपलब्ध कराने की बात कही। साथ ही उन्होंने आम लोगों से सोशल मीडिया पर भड़काऊ मैसेज नहीं फैलाने की हिदायत दी ।कहा,अगर इस तरह की कोई सूचना मिले तो तुरंत पुलिस का सूचित करने की बात कही। वही बालूमाथ अंचलाधिकारी विजय कुमार ने कहा कि इस बार एक साथ तीन त्यौहार एक साथ बनाने का सौभाग्य मिला है इसे सभी लोग शांतिपूर्ण के साथ मिलकर मनाए ।त्योहार में किसी भी तरह का व्यवधान उत्पन्न करने वाले लोगो पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी वही बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने कहा कि किसी समुदाय को तकलीफ लगने वाले भड़काऊ गाना नहीं बजाने की अपील किया ।कहा अगर इस तरह की शिकायत मिलती है तो उस पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी इस मौके पर पुलिस निरीक्षक परमानंद बिरुआ, प्रखंड पदाधिकारी सोमा उरांव, मुरपा पिकेट प्रभारी होसेंग डांग,एस आई अमित कुमार, गौतम कुमार, रंजन कुमार, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष नागदेव उरांव, प्रेम प्रसाद गुप्ता, मोतिउर रहमान, मो इमरान, प्रदीप गंझू, श्यामसुंदर यादव, मनान कुरैशी, रौशन गुप्ता, उपेंद्र रंगीला, ईश्वरी उरांव, रंजीत यादव, सुनील यादव, राजू साव, अरुण साव,प्रभु उरांव, शैलेश सिंह रामनाथ सिंह, बिट्टू सिंह, अर्जुन प्रसाद, रामकुमार गुप्ता,भुनेश्वर सिंह,सहित कई लोग मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत सफाई अभियान

**बेरमो।** बुधवार को जरीडीह बाजार स्थित दामोदर नदी तट पर नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत नदी क्षेत्र के आसपास साफ सफाई किया गया, इसके उपरांत नदी आसपास क्षेत्र में वृक्षारोपण किया गया, संध्या को दामोदर नदी तट पर दामोदर नदी की पूजा की एवं आरती भी किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश कुमार, पंचायत राज्य पदाधिकारी मिथिलेश पांडे,जरीडीह पूर्वी पंचायत की मुखिया कंचन देवी, अग्रवाल कल्याण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, समाजसेवी बबलू भगत सहित रॉबिन कसेरा , प्रदीप साव ,नीरज कुमार, पंचायत समिति सदस्य, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, जलसहिया सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## सीसीएल अधिकारी की आवास से लाखों की चोरी

**बेरमो।** बेरमो थाना क्षेत्र के रिजनाल अस्पताल ढोरी के लाल बंगला स्थित ऑफिसर बी टाइप क्वार्टर में बीएंडके के भू राजस्व अधिकारी बीके ठाकुर के आवास चोरों ने लाखों के सोना व चांदी के जेवरात व कीमती कपड़ों की चोरी कर ली। ठाकुर ने बताया कि शाम को लगभग 4 बजे बोकारो गए हुए थे शाम 7 बजे के आस पास आवास में वापस आया तो पाया कि घर का ताला टूटा हुआ था और जेवरात के डब्बे बिखरे पड़े थे। उन्होंने बताया कि गुरुवार को थाना में लिखित आवेदन दिया जाएगा। कॉलोनी वासियों ने बताया कि पूर्व मे यहां के कई घरों में चोरी हो चुकी है लेकिन पुलिस उनका उद्भेदन नहीं कर पाई है लगातार जो हो रही चोरी घटना को लेकर गुरुवार को सड़क जाम किया जाएगा।

## खरवार भोगता समाज की बैठक सम्पन्न

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट निलंबर –पीताम्बर भवन में खरवार भोगता समाज के लोगो ने बैठक कर 28 मार्च 2025 को अमर शहीद नीलाम्बर–पीताम्बर का 167 वाँ शहादत समारोह तेनुघाट में मानाने का निर्णय लिया।

## चावल गबन का आरोप, मामला दर्ज

**बेरमो।** बोकारो जिला अंतर्गत बेरमो प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश कुमार ने पीडीएस परिवहन अभिकर्ता कमल प्रसाद व ट्रैक्टर चालक सीताराम तुरी के खिलाफ बेरमो थाना में मामला दर्ज कराते हुए डेढ़ क्विंटल चावल गबन का आरोप लगाया है।

## बंद आवासो में हो रही चोरी पर बोकारो थर्मल पुलिस गंभीर

**बेरमो।** बेरमो अनुमंडल के कई थाना क्षेत्र में लगातार हो रही बंद आवासो में चोरी की घटना को लेकर बोकारो थर्मल पुलिस गंभीर होकर लगातार कार्य कर रही है इसको लेकर बोकारो थर्मल थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर शैलेन्द्र कुमार सिंह ने थाना में तमाम पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक मे अवर निरीक्षक धनंजय कुमार सिंह, दीपक कुमार, भागीरथ महतो, अरविंद मेहता आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

## आजसू एवं जेएलकेएम का झारखंड बंद रहा असरदार

**बेरमो।** बेरमो अनुमंडल स्थित पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची बोकारो मुख्य मार्ग (एन एच 23) रांची के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अनिल टाइगर महतो को अपराधियों के द्वारा गोलीमार हत्या करने के विरोध में आजसू एवं जेएलकेएम के कार्यकर्ताओं ने पूरी तरह से जाम कर दिया। जिससे रांची बोकारो मुख्य मार्ग पूरी तरह से बाधित हो गई जिससे आवागमन करने वाले लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान बंद करने वाले लोगों ने कहा कि अनिल टाइगर महतो के हथियारों को सरकार जल्द से जल्द गिरफ्तार करें। उन्होंने कहा कि झारखंड में पूरी तरह से कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है आए दिन अपराधी बेवकूफ लोगों को अपना शिकार बना ले रहे हैं और पुलिस प्रशासन मुक दर्शक बनकर बैठी हुई है। इस दौरान आने जाने वाले यात्रियों ने कहा कि झारखंड बंद से काफी कठिनाई हो रही है।

### बीएसएल ने की प्लॉट-धारकों व लाइसेंसधारी दुकानदारों से

# भ्रामक दुष्प्रचार से बचने की अपील

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बीएसएल द्वारा चेंज ऑफ ट्रेड की एक नई नीति लागू की गई है। इस नीति के तहत बीएसएल द्वारा आवंटित वैसे व्यवसायिक प्लॉट-धारक एवं लाइसेंसधारी दुकानदार जिन्हें पूर्व में गैर-प्रतिबंधित ट्रेड के संचालन की अनुमति प्राप्त है पर बीएसएल से बिना अनुमति प्राप्त किए ही अपने प्लॉट अथवा लाइसेंसी दुकान में प्रतिबंधित ट्रेड का संचालन कर रहे हैं, वे अपनी व्यापारिक प्रकृति को गैर-प्रतिबंधित से प्रतिबंधित ट्रेड में परिवर्तन करने का आवेदन बीएसएल को दे सकते हैं। चेंज ऑफ ट्रेड नीति के तहत बीएसएल के टीए-एलआरए विभाग द्वारा 06, 14 एवं 19 फरवरी 2025 व अन्य तिथियों में लगभग 250 से ज्यादा ऐसे प्लॉट-धारकों एवं लाइसेंसधारी दुकानदारों को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस जारी होने की तिथि से दो माह के भीतर संबंधित प्लॉट-धारक एवं लाइसेंसधारी दुकानदार अपना आवेदन पत्र एवं निर्धारित शुल्क जमा कर सकते हैं। निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन न करने की स्थिति में नियत शुल्क के अलावा विलंब शुल्क भी देय हो जाएगा।

उल्लेखनीय है कि कुछ व्यवसाय जैसे नर्सिंग होम- रेस्तरां- सिनेमा हॉल- मीट शॉप- आटाचक्की- ऑयल मिल- गैस एवं फ्यूल गोडाउन- वेल्डिंग एवं फेब्रिकेशन आदि रिस्ट्रिक्टेड ट्रेड की श्रेणी में आते हैं। ऐसे व्यवसायों के संचालन के लिए कई अनिवार्य लाइसेंस आवश्यक होते हैं। इन लाइसेंस के बिना ऐसे व्यवसायों को अवैध माना जाता है जिससे कानूनी जटिलताएं उत्पन्न हो सकती हैं। बीएसएल की चेंज ऑफ ट्रेड नीति का उद्देश्य उन व्यवसायी को स्पष्ट दिशा-निर्देश प्रदान करना है जो बिना पूर्व अनुमति और आवश्यक लाइसेंस के अपने जनरल ट्रेड को प्रतिबंधित ट्रेड में बदल चुके हैं। इस नीति को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। इसके अलावा पट्टा नवीनीकरण दर भी बढ़कर 85% तक पहुँच गई है। कई व्यवसायी जो पहले भ्रामक जानकारी के कारण असमंजस में थे- अब आवश्यक शुल्क और जुमार्ने का भुगतान करके अपने पट्टों का नवीनीकरण करा रहे हैं। देखा गया है कि कतिपय लोगों द्वारा चेंज ऑफ ट्रेड और पट्टा नवीनीकरण जैसे आवश्यक कार्यों के खिलाफ भ्रामक जानकारी देकर व्यवसायियों को गुमराह किया जा रहा है। बीएसएल सभी संबंधित प्लॉट-धारकों एवं लाइसेंसधारी दुकानदारों से चेंज ऑफ ट्रेड नीति का पूरा लाभ उठाने और भ्रामक दुष्प्रचार से बचने की अपील करता है।

## खनन विभाग ने 115 टन अवैध कोयला किया जब्त



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** उपायुक्त बोकारो विजया जाधव के निदेर्शानुसार जिला खनन पदाधिकारी के नेतृत्व में जिले के तेनुघाट ओपी अन्तर्गत मौजा पुतकाडीह क्षेत्र पर कुल 03 जगहों पर लगभग 115 टन अवैध रूप से कोयला खनिज का भण्डार किया हुआ पाया गया। टीम ने विधिवत सभी अवैध कच्चा कोयला जब्त कर तेनुघाट ओपी को सुपुर्द करते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। उक्त अभियान में खान निरीक्षक जितेंद्र कुमार खान निरीक्षक सीताराम टुडू एवं स्थानीय पुलिस बल मौजूद थे। इसकी जानकारी जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार सिंह ने दी।

## विद्युत सब स्टेशन का हुआ नवीनीकरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस विभाग के नवीनीकृत 3 टीपी 1 विद्युत सबस्टेशन का नवीनीकरण किया गया है। इसके परिचालन का शुभारम्भ कार्यकारी निदेशक प्रभारी एवं ईडी संकार्य सीआर महापात्रा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर ईडी परियोजना अनीष सेनगुप्ता भी उपस्थित थे।

उक्त सबस्टेशन मुख्य रूप से पीएसडी1 की विद्युत आवश्यकताओं को पूरा करता है जो ब्लास्ट फर्नेस विभाग के लिए कच्चे माल का आने वाला मुख्य जंक्शन हाउस है। इसे 1972 में स्थापित किया गया था और काफी पुराना हो जाने के कारण इसके एयर सर्किट ब्रेकर और अन्य घटक अप्रचलित हो गए थे और स्पेयर भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा था। नवीनीकृत सब स्टेशन को 415 वोल्ट एसी के 03 खंडों में विभाजित किया गया है। इसमें 11केवी/415वोल्ट के 03 ड्राई टाइप ट्रांसफार्मर तथा एसीबी शामिल हैं। यह सबस्टेशन सिंटर-कोक- लम्प अयस्क के कच्चे माल के कन्वेयर की आपूर्ति और कोक फाइन कन्वेयर की बिजली आवश्यकताओं को भी पूरा करता है जो बीएफ की जीवन रेखाएं हैं। इसके अलावा यह क्ले मास शॉप1 के प्रकाश व्यवस्था को भी पूरा करता है। बीएसएल के परियोजना विभाग की मदद से ब्लास्ट फर्नेस के सीजीएम शौविक रॉय के मार्गदर्शन तथा ब्लास्ट फर्नेस विभाग के विद्युत अनुभाग के जीएम विनय कुमार तथा डीजीएम सरोज कुमार के नेतृत्व में इस कार्य को पूरा किया गया है।

## भाजपा नेता की हत्या के विरोध में बंद का फुसरो में मिला जुला असर

**बेरमो।** बुधवार को झारखंड (रांची) के कांके में भाजपा नेता अनिल महतो टाइगर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। टाइगर की हत्या के बाद पूरे झारखंड में बीजेपी व उनके सहयोगी दल ने विरोध प्रदर्शन किया। अब बीजेपी ने गुरुवार को झारखंड बंद का ऐलान किया है। मौके पर कमलेश महतो, पप्पू सिंह, निर्मल महतो, रोहित महतो के साथ दल के कई कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

## अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में सड़क पर उतरे प्रदर्शनकारी

**बेरमो।** डुमरी गिरिडीह पथ को जेएलकेएम के कार्यकताओं ने किया जाम। जिसके कारण दोनों ओर गाड़ियों की लंबी लाइन लग गई। आपको बताते चले की बीते बुधवार को रांची के कांके में पूर्व जिला परिषद सदस्य सह भाजपा नेता अनिल टाइगर की अपराधियों ने गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी थी। जिसके बाद आज अलग-अलग पार्टियों ने झारखंड बंद का आह्वान किया था। इसी को लेकर डुमरी गिरिडीह पथ पर जेएलकेएम के कार्यकर्ताओं ने उतरकर सड़क को जाम कर दिया है।

### दस दिनों में डीपीएस के विद्यार्थियों ने बनाये

## विभिन्न प्रकार के 40 से अधिक रोबोट



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने विद्यालय के कंपोजिट स्किल लैब में आयोजित विशेष कार्यशाला के दौरान 10 दिनों की अवधि में 40 से अधिक रोबोट बना डाले। इसके समापन पर गुरुवार को इन सबकी प्रदर्शनी लगाई गई और इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत भी रोबोट ने हाथ हिलाकर एवं अभिवादन-संदेश के साथ किया। प्रोटोटाइप ये रोबोट सामान ढोने से लेकर आग बुझाने तक में सहायक हैं। कक्षा 6 से 8 तक के लगभग 35 विद्यार्थियों ने इस कैंप में भाग लिया और रोजाना पूरी तन्मयता से शामिल होकर रोबोटिक्स के विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। शिक्षकों ने उन्हें विभिन्न प्रकार के सेंसर, माइक्रो कंट्रोलर यूनिट मोटर मोटर ड्राइवर इनपुट-आउटपुट डिवाइस रोबोट्स के व्यावहारिक उपयोग एलईडी कंट्रोल कोडिंग के जरिए हार्डवेयर का दिशा-निर्देशन मशीन लैंग्वेज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस संबंधी प्रोजेक्ट आदि के बारे में गहन जानकारी प्रदान की। इसके आधार पर विद्यार्थियों ने मुख्य रूप से लाइन फॉलोअर रोबोट फायर फाइटिंग रोबोट वाई-फाई नियंत्रित रोबोट मार्स रोवर ब्लूटूथ नियंत्रित रोबोट हैंड जेस्चर रोबोट स्मार्ट स्ट्रीट लाइट स्मार्ट डस्टबिन रोबो होस्ट आदि रोबोट्स तैयार किए। इसके अलावा कार्यशाला में शामिल सभी विद्यार्थियों ने अपने अलग-अलग रोबोटिक्स प्रोजेक्ट तैयार किए जिन्हें आगे और संवर्धित किया जाएगा। प्रदर्शनी में आए अभिभावक विद्यालय में कॉलेज स्तर की यह वैज्ञानिक कुशलता और छोटी उम्र में बच्चों के बड़े कारनामे देख काफी अचंभित हुए तथा इसके लिए डीपीएस बोकारो के प्रयासों की सराहना की। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने विद्यार्थियों की प्रतिभा को सराहते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि डीपीएस बोकारो अपने छात्र-छात्राओं में छिपे हुनर को निखारकर उसे समुचित मंच देने की दिशा में कटिबद्ध रहा है। बच्चों द्वारा तैयार कलाकृतियों की प्रदर्शनी गुरुवार को आकर्षण का केंद्र बनी रही।

## तेली साहू महासंगठन के जिला युवा अध्यक्ष बने गोपाल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के बोकारो जिला युवा अध्यक्ष के रूप में गोपाल साह का मनोनयन किए जाने पर तेली युवा मंच बोकारो के द्वारा आज चास बाईपास में अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही मंच ने आशा व्यक्त किया कि गोपाल साह जी के नेतृत्व में बोकारो जिला में समाज के युवाओं को सशक्त नेतृत्व प्रदान होगा एवं तेली समाज को सशक्त व समृद्ध करने में वे अपनी महती भूमिका निभाएँगे। बधाई देने वाले प्रमुख लोगों में तेली युवा मंच के अध्यक्ष सुबोध कुमार उदयचंद प्रसाद गिरिडीह लोकसभा के प्रत्याशी ज्ञानेश्वर प्रसाद गुड्डू विजय प्रसाद साहू बैधनाथ प्रसाद लालू शामिल रहे।

## बोकारो में सॉफ्टवेयर पार्क का निर्माण जल्द होगा शुरू



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने अपने श्वसुर स्व समरेश सिंह के सपनों को साकार करने की दिशा में बोकारो में सॉफ्टवेयर पार्क का निर्माण शीघ्र कराए जाने को लेकर विधानसभा में आवाज बुलंद की। विधायक श्रीमती सिंह ने सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क के

**मंत्री ने दिलाया भरोसा**

स्थापना के मामले में विभागीय मंत्री राम दास सोरेन का ध्यान आकृष्ट कराया। कहा कि बोकारो में एसटीपीआई परियोजना को कुछ कारणों से गतिहीन कर दिया गया है। युवा हित के इस महत्वपूर्ण विषय में विधायक ने सदन में कहा कि झारखंड के बाकी जिलों में एसटीपीआई के निर्माण का कार्य पूरे गति से चल रहा है लेकिन बोकारो में यह कार्य पूर्ण रूप से गतिहीन है। मंत्री ने संज्ञान लेते हुए आश्वासन दिया कि बोकारो में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क के निर्माण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

## वार्षिक परीक्षाफल का हुआ वितरण

**बेरमो।** बृहस्पतिवार को अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो में वार्षिक परीक्षा फल 2024-25 का वितरण किया गया। जिसका शुभारंभ विद्यालय के वंदना सभा में मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया। जिसमें मुख्य रूप से विद्यालय के सचिव अमित कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा, रीमा सिंह, कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन ढोरी के प्रधानाचार्य रन सुमन सिंह, सचिव धीरज पांडे आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### बिजली के जर्जर पोल, तारों आदि को बदलने के कार्य को

## डीसी ने कार्य में गति देने का दिया दिशा-निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने झारखंड बिजली वितरण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रगति कार्य की समीक्षा की।

इस क्रम में उन्होंने विभाग द्वारा भूमि अधियाचना के मामलों मुख्यमंत्री उज्वला झारखंड योजना आरडीडीएस आदि की प्रगति कार्य की समीक्षा की। मौके पर डीएफओ रजनीश कुमार बीएसएल के नगर प्रशासन विभाग के सीजीएम कुंदन कुमार कार्यपालक अभियंता चास एसबी तिवारी कार्यपालक अभियंता बेरमो प्रभाकर कुमार कार्यपालक अभियंता हरी राम स्वर्णकार चास सीओ दीवाकर दूबे एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह समेत विभिन्न कार्यरत एजेंसियों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता से भूमि अधियाचना से संबंधित मामलों की जानकारी ली और बताया कि शहरी क्षेत्र बेहतर बिजली आपूर्ति को लेकर आइटीआइ मोड़ के समीप पावर ग्रिड इकाई अधिष्ठापन को लेकर भूमि की आवश्यकता है। इस पर उन्होंने अंचलाधिकारी चास से मामले में भूमि चिन्हित करते हुए कार्रवाई को कहा। वहीं गरगा नदी किनारे पावर सब स्टेशन बनाने को लेकर भी भूमि उपलब्ध कराने की बात कहीं। इस पर बीएसएल नगर प्रशासन/अंचलाधिकारी चास को कार्रवाई करने को कहा। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री उज्वला झारखंड योजना के प्रगति कार्य की समीक्षा की। इस पर कार्यपालक अभियंता ने बताया कि जिले के 166 गांवों को इस योजना के तहत चिन्हित किया गया है। संबंधित एजेंसी द्वारा पोल-तार का अधिष्ठापन कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कार्यरत एजेंसी के परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार दास से कार्य प्रगति की जानकारी ली। बताया कि 25 गांवों में कार्य प्रगति पर है। उपायुक्त ने एजेंसी को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। वहीं रिवेंड डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम स्टेंथरिंग के तहत 11 केवी लाइन जर्जर पोल तार खराब ट्रांसफार्मर आदि के कार्य प्रगति की जानकारी ली। इसके अलावा बिजली वितरण निगम से संबंधित योजनाओं के कार्य प्रगति की भी समीक्षा की। समस्याओं के निराकरण को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया।

खबर एक नजर में

## नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत समारोह संपन्न

**बेरमो।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) फुसरो नगर समिति के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत समारोह निर्मल महतो स्मारक भवन करगली में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल अग्रवाल, पान बाबू केवट, भोलू खान जी, राम अवतार जी,वीरेंद्र महतो, रंजीत महतो,इमरान खान, राजेश सुपन, प्रकाश नायक, दीपक गुप्ता, टिक्कू महतो, जीतेन्द्र नायक, टिंकू कुमार, सुमित रवानी, समीर, सोनू खान, आनंद सोनी, रहे, जिन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुए संगठन को और मजबूत करने का आह्वान किया। फुसरो नगर समिति के नवनियुक्त पदाधिकारीः अध्यक्ष दीपक महतो, सचिव महताब खान, कोषाध्यक्ष अनिल टुडू, उपाध्यक्ष अनिल राजवार,कालीचरण टुडू, मोहम्मद कलीम अंसारी आदि का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की विचारधारा एवं संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए आगामी चुनावों में पार्टी की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने की अपील की। साथ ही, नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन के प्रति निष्ठा और कर्तव्यपरायणता से कार्य करने की प्रेरणा दी गई। झामुमो नगर समिति के अध्यक्ष दीपका महतो और सचिव महताब खान ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया और सभी से झामुमो को और सशक्त बनाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का अनुरोध किया। यह कार्यक्रम नगर एवं जिला स्तर पर झामुमो की एकजुटता और संगठन की मजबूती का प्रतीक बना और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2025 कार्यक्रम के सफल आयोजन उपरांत अभिनन्दन समारोह

**बेरमो।** गुरुवार को विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2025 कार्यक्रम के सफल आयोजन उपरांत प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में अभिनन्दन समारोह केबी कॉलेज के जंतु शास्त्र सभागार में दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया जिसमें आयोजन कमिटी के सभी सदस्यों, एन एस एस के वैसे स्वयं सेवक जिन्होंने सक्रियता से हाथ बटाया, लोक और पारम्परिक नृत्य प्रस्तुत करने वाली छात्राएं आदि को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम की शुरूआत विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2025 के नोडल अधिकारी सह कन्वेनर डा प्रभाकर कुमार ने प्राचार्य लक्ष्मी नारायण को शॉल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ अरुण कुमार रॉय महतो ने प्रोफेसर इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति को शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। प्राचार्य लक्ष्मी नारायण एवं प्रो इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति ने आयोजन समिति के डा साजन भारती, डा मधुरा केरकेट्टा, डा अरुण रंजन, डा विश्वनाथ प्रसाद, डा सुशांत बैरा, डा शशि कुमार, डा व्यास कुमार, प्रो विपुल कुमार पांडे, प्रो पी पी कुशवाहा, प्रो संजय कुमार दास, प्रो सुनीता कुमारी, रविंद्र कुमार दास, सदन राम, रवि कुमार यादविन्दु, मो साजिद, दीपक कुमार राय, हरीश नाग, शिव चन्द्र झा, बालेश्वर यादव, करिश्मा, काजल, संजय, भगन घासी, मेहराज शिवेंद, विनोद केवट, रमेश टुडू, सूरज बेसरा, कलावती देवी, सुसारी देवी, आशा देवी आदि समस्त कॉलेज परिवार के सभी सदस्यों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। प्राचार्य लक्ष्मी नारायण एवं प्रो इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति ने एन एस एस के स्वयं सेवकों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया जिनमें आदि रहे। प्राचार्य लक्ष्मी नारायण एवं प्रो गोपाल प्रजापति ने नृत्य और पारम्परिक लोक गीत प्रस्तुत करने वाली छात्राएं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जिनमें आदि रहे। मंच संचालन डा अरुण कुमार रॉय महतो ने किया, धन्यवाद ज्ञापन डा प्रभाकर कुमार ने किया। अभिनन्दन समारोह में कॉलेज परिवार के सभी सदस्यों, एन एस एस के स्वयं सेवकों, नृत्य व पारंपरिक लोक गीतों को प्रस्तुत करने वाली छात्राएं उपस्थित रही।

## भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक उत्सव में उमड़ी श्रद्धालुओ की भीड़

**बेरमो /फुसरो।** अंगवाली उत्तरी पंचायत के मैथन टुंगरी स्थित धर्म संस्थान में आयोजित श्रीराम चरित मानस नवाह्न परायण पाठ के नौवें दिन गुरुवार को मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। यहां मानस व्यास पंडित अनिल पाठक वाचस्पति ने सर्व प्रथम हनुमान चालीसा व आरती कर भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक पर बधाई गीत व भजन गाकर लोगों को झूमने पर विवश कर दिया. इस दौरान पूरा पंडाल श्रद्धालुओ से खचाखच भरा हुआ था। उपस्थित महिलाओं ने पुष्प वर्षा कर एक दूसरे को गुलाल व सिंदूर लगा कर होली खेली. जिससे यज्ञ पंडाल का पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की पूजा अर्चना व परिक्रमा की। राज्याभिषेक उत्सव का मंच संचालन संतोष नायक ने किया। यज्ञ के संस्थापक आचार्य रामधाम शरण उर्फ गौर चटर्जी, पुजारी राजेश चटर्जी व शिवकुमार चटर्जी ने यज्ञ मंडप की पूजा अर्चना व आरती की और बताया कि शुक्रवार को यज्ञ की पूणार्हुति व भव्य शोभायात्रा निकाल प्रतिमा विसर्जन किया जायेगा। मौके पर अंगवाली उतरी पंचायत मुखिया धर्मेंद्र कपरदार, पसंस बॉबी देवी, यज्ञ समिति अध्यक्ष रामबिलास रजवार, उपाध्यक्ष संजय विश्वकर्मा, सचिव भगवान दास, प्रफुल्ल चटर्जी, संजय मिश्रा, पवन नायक, वरुण मिश्रा, मिथलेश सिंह, बिगन कमार, नरेश कपरदार, हिटलर रविदास, जल सहिया भाग्यरानी देवी, वर्षा रानी, सुमन कुमारी, रचिता कुमारी, सोनी कुमारी, सीमा कुमारी, पूजा कुमारी, माही कुमारी, रितिका कुमारी आदि सैकडो लोग मौजूद थे।

## साधु के लिए प्रोटोकॉल नहीं विश्वास होता है : आदि गुरु शंकराचार्य जी महाराज

**कथारा।** जहां विश्वास है वही ईश्वर का वास है प्रभु साकार व निराकार दोनों रूपों में है गुरु के बिना ज्ञान संभव नहीं है विश्वास से ही तुलसीदास ने साक्षात प्रभुराम का दर्शन हुआ था उक्त बातें जारंगडीह में आयोजित नव दिवसीय श्री रामायण महायज्ञ में पधारे कामदगिरि पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य रामस्वरुपाचार्य जी महाराज कामतानाथ प्रमुख द्वार चित्रकूट धाम ने बुधवार की देर संध्या एक विशेष ने भेंट में कहीं। आदि गुरु शंकराचार्य कहा कि जब चित्रकूट के घाट पर रामचरित्र मानस के रचयिता तुलसीदास जी से प्रभु श्री राम का साक्षात दर्शन हुआ तब वे उन्हें राजकुमार रूप में नहीं पहचान पाए इसलिए हनुमान जी द्वारा तोता रूप में बताएं जाने के बाद तुलसीदास को श्री राम का विराट रुप का दर्शन संभव हो पाया इससे पूर्व तुलसीदास जी काशी अयोध्या जनकपुर आदि जगह पर भटक कर श्रीराम की तलाश करते रहें कहीं भी उन्हें जब श्री राम का दर्शन नहीं हुआ तब काशी विश्वनाथ से उन्हें चित्रकूट धाम मंदाकिनी नदी तट पर प्रभु श्री राम का साक्षात उन्हें बात कही गई। उन्होंने शिव को विश्वगुरु मानते हुए कहा कि हर क्षेत्र में गुरु की आवश्यकता होती है गुरु दो प्रकार के होते हैं एक जो संसारिक ज्ञान दे दूसरा जो अध्यात्म ज्ञान दे कहा कि आज का मानव केवल संसारिक ज्ञान में भटक दिशाहीन हो जाता है।

पेज 1 का शेष


### हत्याकांड की शुरुआती जांच...

**दूसरे शूटर की गिरफ्तारी के बाद खुलेगा राज :** रांची पुलिस ने अनिल टाइगर पर हमले में शामिल दूसरे शूटर अमन सिंह की तलाश कर रही है। उसके पकड़े जाने के बाद सच्चाई पूरी तरह से सामने आ पायेगी। रोहित वर्मा रांची के पुनदाग इलाके का रहने वाला है। कुछ अपराधी कांडों में हाल ही में उसका नाम सामने आया था।

**जल्द होगा पूरे मामले का पूरा खुलासा :** इस घटना में पुलिस ने एक अपराधी को तो आधे घंटे के अंदर एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया। वहीं दूसरे अपराधी अमन सिंह की तलाश की जा रही है। डीआईजी सह रांची एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा खुद ही पूरे मामले की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। एसएसपी ने बताया की पूरे मामले का खुलासा जल्द किया जाएगा।

स्पीड न्यूज

### राम चरण की फिल्म पेड्डी का फर्स्ट लुक आउट




चेन्नई । अभिनेता राम चरण के जन्मदिन के अवसर पर आरसी 16 के निमार्ताओं ने उनकी अपकमिंग फिल्म का नया पोस्टर और शीर्षक जारी कर दिया है। निमार्ताओं ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर पोस्टर शेयर कर बताया कि फिल्म का नाम पेड्डी है। राम चरण की 16वीं फिल्म के निर्देशक बुची बाबू सना ने फिल्म टाइटल के साथ ही अभिनेता का फर्स्ट लुक पोस्टर भी जारी कर दिया है। बुची बाबू सना ने राम चरण के दो पोस्टर जारी किए।

### रूस के राष्ट्रपति पुतिन इस साल आयेंगे भारत

नयी दिल्ली। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत दौरे पर आने के लिए तैयार हैं। रूसी विदेश मंत्री के अनुसार पुतिन की दिल्ली यात्रा के लिए वर्तमान में व्यवस्था की जा रही है। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर का कहना है कि भारत-रूस संबंध इतने मजबूत हैं कि बदलती दुनिया में भी आपसी हित साधते हुए वैश्विक भलाई का मार्ग तलाश लेते हैं। पिछले साल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की दो बार भारत-रूस वार्षिक शिखर वार्ता और ब्रिक्स वार्ता के दौरान मुलाकात हुई थी।

### बलूचिस्तान में बलूच का हमला, 13 की मौत

**इस्लामाबाद।** बलूच लिबरेशन आर्मी के लड़ाकों ने पाकिस्तान की संघीय सरकार की नींद उड़ा दी है। आर्मी ने बस यात्रियों और एक घर को निशाना बनाकर किए गए दो अलग-अलग हमलों में 13 और लोग मारे गए। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी यूसुफ बंगहर ने बताया है कि ग्वादर में हमलावरों ने छह बस यात्रियों की गोली मारकर हत्या कर दी। सोहबतपुर में एक घर में हमला कर परिवार के सात सदस्यों की हत्या की।

### कुणाल कामरा को दूसरा समन जारी

**मुंबई।** कॉमेडियन कुणाल कामरा को मुंबई पुलिस ने विवादित टिप्पणी मामले में गुरुवार को सुबह दूसरा समन जारी पूछताछ के लिए 31 मार्च को खार पुलिस स्टेशन में पेश होने को कहा है। कामरा के विरुद्ध उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के विरुद्ध विवादित टिप्पणी करने का मामला खार पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है। पुलिस ने कुणाल कामरा को मंगलवार को पेश होने को कहा था, लेकिन कामरा पुलिस स्टेशन में पेश नहीं हुए थे।

### मुंबई में आठ बांग्लादेशी ट्रांसजेंडर हुये गिरफ्तार

**मुंबई ।** मुंबई में पुलिस ने पहली बार आठ बांग्लादेशी ट्रांसजेंडर को गिरफ्तार किया है।
मुंबई की शिवाजी नगर थाना पुलिस के अनुसार, यह सभी बांग्लादेशी पहचान और लिंग बदलकर रहते थे। पुलिस शहर में बांग्लादेशी नागरिकों को ढूंढ रही थी, लेकिन पुलिस से बचने के लिए यह किन्नर बनकर रहते थे।

### पूर्वी थिएटर में सेना ने किया अभ्यास

नयी दिल्ली। भारतीय सेना ने संयुक्त संचालन क्षमता का जोरदार प्रदर्शन करते हुए अरुणाचल प्रदेश के अत्यधिक ऊंचाई वाले इलाके में पूर्वी थिएटर में तीनों सेनाओं का एकीकृत बहु-क्षेत्रीय युद्ध अभ्यास किया है। सेना ने गुरूवार को बताया कि प्रचंड प्रहार नाम का यह अभ्यास मंगलवार को शुरू हुआ था और इसमें सेना, वायु सेना और सशस्त्र बलों के अन्य तत्वों को एक साथ लाया गया।

# अमेरिका में आयातित कारों पर 25 फीसदी टैरिफ

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राज्य अमेरिका में अब आयातित कारों और ट्रकों को 25 प्रतिशत टैरिफ के दायरे में लाया गया है। यह घोषणा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को की। इससे इम्पोर्टेड वाहन की कीमत बढ़ने की पूरी संभावना है। संयुक्त राज्य अमेरिका में बिकने वाले वाहनों में से लगभग आधे आयातित होते हैं। सीएनएन न्यूज चैनल की खबर के अनुसार, नया ट्रैफिक तीन अप्रैल से प्रभावी हो जाएगा। ट्रंप की इस घोषणा का उद्देश्य अमेरिका की ऑटो विनिर्माण क्षमता का विस्तार करना है। मुक्त व्यापार समझौते के कारण कनाडा, मैक्सिको और अमेरिका के ऑटोमेकर्स अब तक ट्रैफिक की किचकिच से दूर थे।

**▸▸ नया टैरिफ केवल विदेशी निर्मित कारों पर ही नहीं इंजन और ट्रांसमिशन सहित कार के पुर्जों पर लागू होगा : ट्रंप**



राष्ट्रपति ट्रंप ने बुधवार को ओवल ऑफिस में इस आशय की कार्यकारी घोषणा पर हस्ताक्षर करने से पहले संवाददाताओं से कहा कि सच कहूं तो, दोस्त अकसर दुश्मन से बहुत बुरे होते हैं। और हम जो करने जा रहे हैं वह संयुक्त राज्य अमेरिका में नहीं बनी सभी कारों पर 25 फीसद टैरिफ लगाना है। संयुक्त राज्य अमेरिका में बनी कारों पर टैरिफ नहीं होगा। नया टैरिफ केवल विदेशी निर्मित कारों पर ही नहीं बल्कि इंजन और ट्रांसमिशन सहित कार के पुर्जों पर भी लागू होगा। कार के पुर्जों पर टैरिफ तीन मई से पहले लागू होगा। ट्रंप ने कहा कि वह तीन बड़ी ऑटोमेकर कंपनियों, स्टेलेंटिस, फोर्ड और जनरल मोटर्स के संपर्क में हैं। उल्लेखनीय है कि ट्रंप की घोषणा के बाद तीनों कंपनियों के शेयरों में गिरावट आई। जनरल मोटर्स (जीएम) के शेयरों में सात फीसद से अधिक की गिरावट आई। जीप, रैम, क्रिसलर और डॉज कारों का निर्माण करने वाली कंपनियों फोर्ड (एफ) और स्टेलेंटिस (एसटीएलए) के शेयरों में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। सीएनएन के अनुसार, इस टैरिफ से महत्वपूर्ण विनिर्माण उद्योग को नुकसान पहुंचने का अंदेशा और अमेरिकी उपभोक्ताओं के लिए कीमतें बढ़ने का खतरा है।

### भारत में वाहन कंपनियों के शेयर में आई गिरावट

टाटा मोटर्स का शेयर छह प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। बीएसई पर टाटा मोटर्स का शेयर 6.58 प्रतिशत की गिरावट के साथ 661.35 रुपये पर आ गए।

अशोक लेलैंड के शेयर में 4.60 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.70 प्रतिशत, बजाज ऑटो में 1.48 प्रतिशत तथा अपोलो टायर्स के शेयर में 1.41 प्रतिशत की गिरावट आई।

### सेना के लिए खरीदे जायेंगे हल्के वाहन

नयी दिल्ली । रक्षा मंत्रालय ने सेना के टैंकों की क्षमता बढाने के लिए ढाई हजार करोड़ रुपए की लागत से पांच हजार हल्के वाहनों की खरीद के अनुबंध पर हस्ताक्षर किये हैं।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार नाग मिसाइल सिस्टम ट्रैक्ड वर्जन एंटी-टैंक हथियार प्लेटफॉर्म की खरीद के लिए यह अनुबंध आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड , फोर्स मोटर्स लिमिटेड और महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के साथ किया गया है। यह खरीद (भारतीय-स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित) श्रेणी के तहत की जायेगी।

# टेंडर घोटाले में बिहार के कई अधिकारियों के घर छापेमारी

## करोड़ों कैश के साथ दस्तावेज और डिजिटल उपकरण बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार की सुबह-सुबह टेंडर घोटाले से जुड़े एक मामले में एक मुख्य अभियंता, कई कार्यपालक अभियंता और बिहार प्रशासनिक सेवा से जुड़े चार अधिकारियों समेत आठ अधिकारियों के यहां एक साथ छापा मारा।

भवन निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता (उत्तर) तारिणी दास के यहां सबसे पहले प्रवर्तन निदेशालय ने अपनी कार्रवाई प्रारंभ की। इसके बाद बुडको (बिहार अरबन डेवलपमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कारपो.लि.) के कार्यपालक अभियंता, बुडको में तैनात एक अधिकारी समेत अन्य अधिकारियों के यहां भी जांच टीम ने छापा मारा। करोड़ों कैश के साथ दस्तावेज और डिजिटल उपकरण बरामद। ईडी ने अपनी जांच में करोड़ी की नकदी के साथ कई अहम दस्तावेज, डिजिटल उपकरण के साथ ही जमीन में निवेश के कागजात बरामद किए हैं। छापामारी अभी भी जारी है। छापामारी के संबंध में ईडी

**▸▸ भवन निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर, चार कार्यपालक अभियंता समेत आठ अधिकारियों के यहां इडी की रेड**
**▸▸ आइएएस संजीव हंस से जुड़ा हुआ है पूरा मामला**



आधिकारिक तौर पर कुछ भी बोलने से बच रही है। जानकारी के अनुसार प्रवर्तन निदेशालय भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों की लगातार निगरानी कर रही है। इसी क्रम में के बिहार सरकार के भवन निर्माण विभाग में बड़े भ्रष्टाचार के सबूत मिले थे। जिसके बाद निदेशालय ने मनी लांड्रिंग का मामला दर्ज करते हुए गुरुवार की सुबह-सुबह फुलवारीशरीफ के पूर्णेन्दु नगर स्थिति भवन निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता (उत्तर) तारिणी दास के यहां ईडी ने छापा मारा। तारिणी दास के साथ ही पूर्व नगर आयुक्त स्तर के एक बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारी, वित्तीय मामलों से जुड़े एक अधिकारी जो बुडको में पदस्थापित हैं सहित नगर विकास एवं आवास विभाग, पुल निर्माण निगम के अन्य अधिकारियों के यहां छापा मारा है। ईडी ने छापेमारी के दौरान ही तारिणी दास के ठिकाने से करोड़ों की नकदी बरामद किया। इसके अलावा जमीन के निवेश के दस्तावेज, टेंडर घोटाले से जुड़े कई अहम कागजात, कई बैंकों की पास के साथ ही डिजिटल उपकरण बरामद किए हैं। सूत्रों की माने तो जो नकदी बरामद की गई है वह तीन करोड़ के करीब है। हालांकि अब तक इसकी पुष्टि नही हो पाई है। यह पूरा मामला आइएएस संजीव हंस से जुड़ा हुआ है। संजीव हंस मामले की जांच के क्रम में ही ईडी को भवन निर्माण, नगर विकास एवं आवास विभाग, बुडको में टेंडर घोटाले में गड़बड़ी के प्रमाण मिले थे।

# इजराइली हमले में हमास प्रवक्ता लतीफ मारा गया

एजेंसी

**गाजा पट्टी।** इजराइल के हवाई हमले में आतंकवादी समूह हमास के प्रवक्ता अब्देल-लतीफ अल-कनौआ मारा गया। इजराइली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने उत्तरी गाजा के जबालिया में एक तंबू में रह रहे कनौआ को निशाना बनाकर बमों की बरसात की। इस हमले में आसपास के लोग भी चपेट में आ गए। हमास के समाचार चैनल अल-अक्सा टेलीविजन ने प्रवक्ता अब्देल-लतीफ अल-कनौआ के इजराइली हमले में मारे जाने की पुष्टि की। इजराइल ने एक साथ कई जगहों पर बमबारी की। इन हमलों में कनौआ के अलावा गाजा शहर में कम से कम छह और दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में एक व्यक्ति की मौत हो गई। इससे पहले सप्ताह की शुरूआत में इजराइल के हमले में हमास के राजनीतिक कार्यालय के सदस्य इस्माइल



बरहौम और एक अन्य वरिष्ठ नेता सलाह अल-बदार्वील की जान जा चुकी है। बदार्वील और बरहौम हमास की सर्वोच्च नीति-निर्धारक संस्था की 20 सदस्यीय टीम का हिस्सा थे।

इस बीच गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि पट्टी में संघर्ष विराम टूटने के बाद 18 मार्च से अब तक इजराइली हमले में कम से कम 830 लोग मारे जा चुके हैं।

# कठुआ में तीन आतंकी ढेर

एजेंसी

**कठुआ।** कठुआ जिले के जुथाना पंचायत के सुफैन गांव के जंगलों में दिन भर चली मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए और एक डीएसपी समेत पांच पुलिसकर्मी गोली लगने से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार यह भीषण मुठभेड़ गुरुवार को तब हुई जब जम्मू-कश्मीर पुलिस की एसओजी टीम ने सुफैन के जंगल क्षेत्र से भागने की कोशिश कर रहे आतंकवादियों को चुनौती दी और उन पर भारी गोलीबारी की गई। भारतीय सेना, अर्धसैनिक बल और स्थानीय पुलिस दल समेत अन्य

### मुठभेड़ में डीएसपी समेत पांच पुलिसकर्मी घायल

सुरक्षा बल भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने आतंकवादियों को बेअसर करने के लिए क्षेत्र में प्रवेश और निकास के सभी रास्ते बंद कर दिए। सूत्रों के अनुसार सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई इस मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए और एक डीएसपी समेत पांच बहादुर पुलिसकर्मी गोली लगने से घायल हो गए। घायलों को मुठभेड़ स्थल से निकाला गया और जीएमसी कठुआ ले जाया गया। इनमें से एक घायल पुलिसकर्मी को विशेष उपचार के लिए जीएमसी जम्मू रेफर कर दिया गया है। बता दे कि रविवार को इससे पहले हीरानगर के सान्याल इलाके में सुरक्षाबलों के साथ आतंकियों की मुठभेड़ हुई थी जिसके बाद एनकाउंटर साइट से आतंकी निकल गए थे। बाद में सुरक्षावलों ने वहां से भारी मात्रा में गोला बारूद पकड़ने सहित खाने पीने का सामान बरामद किया था। आतंकियों की तलाश में सुरक्षाबल लगातार सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। आसपास के पहाड़ी क्षेत्र में भी सुरक्षा बल पूरी तरह से अलर्ट थे इसी बीच जुथाना घाटी के ऊपरी इलाके में सर्च के दौरान आतंकियों के साथ सुरक्षाबलों की मुठभेड़ शुरू हो गई।

### गंगा एक्सप्रेस वे से जुड़ेगा पूर्वांचल एक्सप्रेस वे : योगी



**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिर्जापुर में गुरूवार को घोषणा की कि देश के सबसे बड़े एक्सप्रेस वे मेरठ से प्रयागराज तक बनने वाले गंगा एक्सप्रेस वे को अब मिर्जापुर (मां विंध्यवासिनी देवी धाम) से वाराणसी तक बढ़ाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने मिर्जापुर के पत्थर व्यवसाय को उद्योग का दर्जा देकर यहां की पत्थर कलां को बढ़ावा देने के लिए एक योजना की भी घोषणा की।मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ आयोजन से जहां देश विदेश में इसकी चर्चा हुई लोग इस आतिथ्य से अभिभूत हुए वहीं आस्था से आजीविका बन सकती है।इसका भी मांडल लोगों के समक्ष आया। इसमें विंध्याचल धाम भी शामिल था।

# लोकसभा में रेलवे संशोधन बिल पास

**नयी दिल्ली।** लोकसभा ने गुरुवार को तकनीकी संशोधनों के साथ रेलवे (संशोधन) विधेयक 2024 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। विधेयक में तकनीकी संशोधन किए गए हैं, जिन्हें राज्यसभा ने मंजूरी दे दी है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को रेलवे (संशोधन) विधेयक, 2024 को सदन में विचारार्थ प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि रेल अधिनियम, 1989 में लोकसभा द्वारा पारित संशोधन विधेयक में राज्यसभा द्वारा कुछ संशोधन किए गए हैं। ये तकनीकी प्रकृति के हैं। रेलवे (संशोधन) विधेयक, 2024 को पिछले वर्ष लोकसभा द्वारा पारित किया गया था, जिसके बाद इन्हें मंजूरी के लिए राज्यसभा में भेजा गया था। राज्यसभा द्वारा इसमें कुछ संशोधन किए गए। विधेयक के अधिनियमन फामूर्ले में 75वें वर्ष के स्थान पर 76वां वर्ष रखा गया है। निचले सदन द्वारा स्वीकृत संशोधन स्वतंत्रता के बाद के वर्ष से संबंधित हैं। ये कानून लोकसभा द्वारा पारित किए जाने के एक वर्ष बाद लागू होंगे। जब ये विधेयक कानून बन जाएगा तो उसके नाम के साथ वर्ष 2024 के स्थान पर 2025 जोड़ा जाएगा।

# पहली छमाही में सरकार उधारी से जुटायेगी आठ लाख करोड़

नयी दिल्ली। सरकार वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में आठ लाख करोड़ रुपये उधारी से जुटायेगी।

वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को इसके लिए कैलेंडर जारी करते हुये कहा कि सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही के लिए अपने उधार कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बजट में निर्धारित 14.82 लाख करोड़ के सकल बाजार उधार में से 8.00 लाख करोड़ (54 प्रतिशत) को पहली छमाही में दिनांकित प्रतिभूतियों को जारी करने के माध्यम से उधार लेने की योजना है, जिसमें 10,000 करोड़ रुपये के सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड शामिल हैं। उसने कहा कि 8.00 लाख करोड़ रुपये का सकल बाजार उधार 26 साप्ताहिक नीलामियों के माध्यम से पूरा किया जाएगा।

### इलाहाबाद के हाईकोर्ट के वकीलों की हड़ताल जारी

**प्रयागराज।** दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के घर से कैश की बरामदगी और उनका स्थानांतरण इलाहाबाद हाईकोर्ट किए जाने के विरोध में हाईकोर्ट के वकील गुरुवार को भी न्यायिक कार्य से विरत रहे। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की हड़ताल जारी रहने के कारण लगातार तीसरे दिन कामकाज बुरी तरह प्रभावित हुआ। कुछ अधिवक्ताओं ने हड़ताल के बीच कोर्ट में काम करने का प्रयास किया। बार एसोसिएशन ने उन सभी को नोटिस जारी कर दो दिन में स्पष्टीकरण मांगा है।

# भारत का परमाणु मिशन अग्रणी निर्णय

## 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा का लक्ष्य : डॉ जितेंद्र सिंह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** जब होमी भाभा ने भारत के परमाणु कार्यक्रम की शुरूआत की थी, तो भारत के कथित छिपे हुए डिजाइनों के बारे में व्यापक संदेह था और होमी भाभा ने यह कहकर इस भ्रम को दूर करने का प्रयास किया था कि भारत का परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए समर्पित है। आज होमी भाभा की प्रतिज्ञा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पर्यावरण अनुकूल स्वच्छ ऊर्जा के माध्यम से भारत की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए परमाणु मिशन की शुरूआत करके सही साबित किया है। यह बात गुरुवार राज्य सभा में प्रश्नकाल के दौरान एक सवाल के जवाब में केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पृथ्वी विज्ञान और पीएमओ, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि हाल ही में घोषित परमाणु मिशन का लक्ष्य 2047 तक 100 गीगावाट (जीडब्ल्यू) परमाणु ऊर्जा उत्पन्न करना है, जो भारत की कुल ऊर्जा आवश्यकताओं का 10 प्रतिशत है। इसे प्राप्त करने के लिए सरकार ने परमाणु क्षेत्र को निजी खिलाड़ियों के लिए खोलकर एक साहसिक कदम उठाया है। यह एक ऐतिहासिक निर्णय है, जो पुरानी वर्जनाओं को तोड़ता है। परमाणु कार्यक्रम पारंपरिक रूप से गोपनीयता के पर्दे के पीछे संचालित होता रहा है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमने अब निजी क्षेत्र की भागीदारी का मार्ग प्रशस्त किया है। मिशन का मुख्य




# शेयर बाजार में लौटी तेजी, सेंसेक्स 318 अंक चढ़ा

## निवेशकों ने कमाया 3.13 लाख करोड़

एजेंसी

**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वाहनों के आयात पर 25 फीसदी तक का टैरिफ लगाने से वाहन निर्माता कंपनियों की साढ़े पांच प्रतिशत से अधिक की गिरावट के बावजूद बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक, एनटीपीसी, एसबीआई और रिलायंस समेत बीस दिग्गज कंपनियों में हुई लिवाली से गुरुवार को शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 317.93 अंक की छलांग लगाकर 77,606.43 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 105.10 अंक मजबूत होकर 23591.95 अंक पर पहुंच गया। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में भी



लिवाली का जोर रहा। इससे मिडकैप 0.46 प्रतिशत चढ़कर 41,817.03 अंक और स्मॉलकैप 0.90 प्रतिशत उछलकर 46,803.65 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4132 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2349 में गिरावट जबकि 1699 में तेजी रही वहीं 84 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2978 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1537 में बिकवाली जबकि 1382 में लिवाली हुई वहीं 59 के भाव स्थिर रहे। शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 414.74 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 411.61 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 3.13 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया घरेलू शेयर बाजारों ने पूरे दिन सकारात्मक रुख बनाए रखा, जिसका मुख्य कारण निरंतर विदेशी फंड प्रवाह और ब्लू-चिप शेयरों की खरीद रहा। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ऑटो आयात पर लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ से ऑटोमोबाइल सेक्टर को झटका लगा, जिससे इस क्षेत्र के शेयरों में दबाव देखा गया। इसके साथ ही, फार्मा उद्योग में भी कुछ चिंताएं बढ़ी हैं। इसके बावजूद, बाजार ने लचीलापन दिखाया, जो कि मुद्रास्फीति में गिरावट और ब्याज दरों में नरमी के संकेतों से प्रेरित था।

विश्लेषकों का मानना है कि वित्त वर्ष 2026 में कंपनियों की आय में दोहरे अंकों की वृद्धि संभव है, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी स्थिति और मजबूत होगी। अब निवेशकों की नजरें अमेरिका-

### भारत में कोयले की मांग रिकॉर्ड स्तर पर

**नयी दिल्ली।** आर्थिक विकास की तेज गति और औद्योगिक उत्पादन में बढ़ोतरी के साथ ही भीषण गर्मी में बिजली की जबरदस्त जरूरत से वर्ष 2024 में भारत में कोयले की मांग इसके पिछले वर्ष के मुकाबले 5.5 प्रतिशत बढ़कर अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) की जारी वैश्विक ऊर्जा समीक्षा 2025 रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में वर्ष 2024 के दौरान कोयले की मांग में 5.5 प्रतिशत (चार करोड़ टन कोयला के बराबर) की वृद्धि दर्ज की गई, जो सर्वकालिक उच्चतम स्तर है। भारत के कोयले की मांग में बढ़ोतरी का प्रमुख कारण देश की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि और बिजली की बढ़ती मांग को माना गया है।


VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा0 लि0 राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !